
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 06 अप्रैल 2026

वर्ष 07, अंक 183, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

खलीलाबाद विद्युत उपकेंद्र पर जेई की कार्यशैली से बढ़ा आक्रोश, संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी...03

डोनाल्ड ट्रंप का अल्टीमेटम ईरान ने किया खारिज, कहा- किसी भी हमले का देंगे कड़ा जवाब...12

## हाईकोर्ट ने विदेश यात्रा करके आए पुजारियों के मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश पर बड़ा फैसला सुनाया

### धार्मिक परिषद की तरफ से जारी गाइडलाइंस के मुताबिक विदेश यात्रा करने वाले पुजारियों को मुख्य गर्भगृह में जाने, पूजा करने की इजाजत नहीं है

**ब्यूरो प्रयागराज।** आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने एंडोमेंट डिपार्टमेंट के उस सर्कुलर को लागू करने का आदेश दिया है जिसमें कहा गया है कि जो पुजारी विदेश गए हैं, उन्हें गर्भगृह में पुजारी का काम करने की इजाजत नहीं है. धार्मिक परिषद की तरफ से जारी गाइडलाइंस के मुताबिक विदेश यात्रा करने वाले पुजारियों को मुख्य गर्भगृह में जाने, पूजा करने की इजाजत नहीं है।

कोर्ट एंडोमेंट डिपार्टमेंट की इस दलील से सहमत था कि मंदिर के रीति-रिवाज और त्योहार आगम शास्त्र और मंदिर की परंपराओं के अनुसार होने चाहिए. हाई कोर्ट ने विदेश यात्रा करने वाले पुजारियों के मंदिरों के मुख्य गर्भगृह में एंट्री पर एक अहम आदेश जारी किया है।

कोर्ट ने एंडोमेंट डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल सेक्रेटरी और कमिश्नर को धार्मिक परिषद और श्रृंगेरी शारदा पीठम की तरफ से जारी गाइडलाइंस को लागू करने का आदेश दिया है, जिसके मुताबिक विदेश यात्रा करने वाले पुजारियों को मुख्य गर्भगृह में जाने और पूजा करने की इजाजत नहीं है. हाई कोर्ट के जज जस्टिस निम्मगड्डा वेंकटेश्वरलू ने 30 मार्च को इस बारे में एक आदेश जारी किया।




विजयवाड़ा के दुर्गा मल्लेश्वर स्वामीवरला मंदिर में काम करने वाले श्री चक्र नववर्ण अर्चना परायणदार सुब्रह्मण्यम ने हाल ही में हाई कोर्ट में एक केस फाइल किया. उन्होंने आरोप लगाया है कि एंडोमेंट डिपार्टमेंट ने 10 नवंबर, 2010 को एक सर्कुलर जारी किया था, जिसमें विदेश से आए पुजारियों को गर्भगृह में जाने और भगवान की पूजा करने की इजाजत नहीं दी गई थी।

उन्होंने कोर्ट को बताया कि श्रृंगेरी शारदा पीठम जगद्गुरु श्री श्री श्री महातीर्थ भारती स्वामी ने 20 दिसंबर, 2024 को एक स्टैंडर्ड जारी किया था जिसे एंडोमेंट डिपार्टमेंट लागू नहीं कर रहा है. याचिकाकर्ता की ओर से वकील के.आर. श्रीनिवास ने दलीलें पेश की. उन्होंने कहा कि जो पुजारी विदेश गए हैं, उन्हें मुख्य गर्भगृह में पूजा करने की इजाज़त दी जा रही है. उन्होंने कोर्ट को बताया कि सिर्फ खानदानी पुजारी ही गर्भगृह में जा सकते हैं और भगवान की पूजा कर सकते हैं, जिनके पास आध्यात्मिक अनुशासन हो।

केआर श्रीनिवास ने कहा कि धार्मिक परिषद के सर्कुलर और शारदा पीठम के स्टैंडर्ड के मुताबिक पुजारियों को विदेश जाने की इजाजत नहीं है. उन्होंने बताया कि अगर कोई जाने की जिद करता है, तो इजाजत दी जा सकती है, लेकिन लौटने के बाद उन्हें मुख्य मंदिर के गर्भगृह में पुजारी के तौर पर सेवा करने की इजाजत नहीं होगी. उन्होंने कहा कि जो पुजारी विदेश गए हैं और वापस आए हैं, उन्हें सिर्फ मंदिर के बाहर होने वाली पूजा और व्रत के लिए ही इजाजत होगी।

महातीर्थ भारतीस्वामी के स्टैंडर्ड के मुताबिक सिर्फ वही लोग गर्भगृह में जा सकते हैं और पूजा कर सकते हैं जिन्होंने तीन दिन की संध्या वंदना, गुरु उपदेश मंत्र जाप, वैदिक पढ़ाई, खाने के नियम और कड़े आध्यात्मिक अनुशासन का पालन किया हो।


स्टैंडर्ड में कहा गया है कि जो लोग विदेश गए हैं, उन्होंने परंपराओं के खिलाफ अपना चेहरा मुंडवाया है और बाल कटवाए हैं. उन्हें पवित्र जगह में जाने और पूजा करने की इजाजत नहीं है. एंडोमेंट डिपार्टमेंट के जारी सर्कुलर के मुताबिक मंदिर के रीति-रिवाज और त्योहार आगम शास्त्र और मंदिर की परंपराओं के हिसाब से करने होंगे।

एंडोमेंट डिपार्टमेंट के वकील ने जवाब दिया कि पहले जारी किए गए सर्कुलर और स्टैंडर्ड का पालन किया जाएगा. इन बातों को ध्यान में रखते हुए जज ने एंडोमेंट डिपार्टमेंट के जारी सर्कुलर में दी गई गाइडलाइंस और दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी शारदा पीठम के दिए गए स्टैंडर्ड का पालन करने का आदेश दिया।

## मालिक बोलेगा तो किरायेदार को घर खाली करना पड़ेगा- इलाहाबाद हाईकोर्ट

### नए कानून ने बंद कर दिया है बहानेबाजी का रास्ता

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि 1972 के पुराने कानून के सहारे जरूरत की बहानेबाजी के आधार पर किरायेदार की मुकदमेबाजी नहीं चलेगी। 2021 के नए कानून के तहत मालिक बोलेगा तो किरायेदार को मकान खाली ही करना पड़ेगा।**




**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि 1972 के पुराने कानून के सहारे जरूरत की बहानेबाजी के आधार पर किरायेदार की मुकदमेबाजी नहीं चलेगी। 2021 के नए कानून के तहत मालिक बोलेगा तो किरायेदार को मकान खाली ही करना पड़ेगा। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति डॉ.योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव की एकल पीठ ने कानपुर नगर के याची श्याम पाल की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि अब मकान मालिक को अपनी वास्तविक जरूरत और तुलनात्मक कठिनाई साबित करने की जरूरत नहीं है। उसे अपनी संपत्ति चाहिए तो वही उसकी जरूरत का सबसे बड़ा और अंतिम निर्णायक है। अदालत उसकी जरूरत की तार्किकता पर बहस नहीं करेगी।

कोर्ट ने उत्तर प्रदेश शहरी परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम-2021 की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया कि 1972 के पुराने कानून में किरायेदारों को कठिनाई और बोनाफाइड नीड के नाम पर राहत मिल जाती थी। लेकिन, 2021 के नए कानून ने यह रास्ता बंद कर दिया है। अब यह दलील नहीं चलेगी कि मकान मालिक के पास और संपत्ति है या उसकी जरूरत उतनी आवश्यक नहीं।

**कानपुर से जुड़ा है मामला**

मामला कानपुर के गांधी नगर की एक दुकान से जुड़ा है। मकान मालिक बीएस एंटरप्राइजेज ने अपने काम के विस्तार के लिए किरायेदार श्याम पाल से दुकान मांगी थी। किरायेदार ने इस मांग को चुनौती देते हुए कहा कि मकान मालिक की जरूरत वास्तविक नहीं है। किराया प्राधिकरण और अपीलीय न्यायाधिकरण ने बेदखली का आदेश दिया। इसके खिलाफ किरायेदार ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

नए कानून का हवाला देते हुए हाईकोर्ट ने दोनों अदालतों के फैसलों पर अपनी मुहर लगा दी। हालांकि, मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए कोर्ट ने किरायेदार को दो दिसंबर तक दुकान खाली करने की मोहलत दी है। साथ ही दो हफ्ते में इस वादे के साथ हलफनामा मांगा है कि वह समय से दुकान खाली करेगा। इस दौरान दुकान के उपभोग के एवज में मकान मालिक को हर महीने दो हजार रुपये उपयोग शुल्क अदा करेगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### डॉ भीमराव अंबेडकर एवं संत रविदास की 650वी जयंती के उपलक्ष में भव्य पंथ संचलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**बिसवां (सीतापुर)** डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं संत रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में बिसवां क्षेत्र में भव्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामलीला मैदान से हुआ, जो नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः रामलीला मैदान पर आकर सम्पन्न हुआ। पथ संचलन का मार्ग रामलीला मैदान से बसस्टैंड, इंडियन बैंक, जोशीटोला चौराहा, दुर्गेश्वर मंदिर मार्ग, डॉ. तनवीर मार्ग, एस.जे.डी. कॉलेज, मगरहिया बाजार, हजीरा दीप होटल, बड़ा चौराहा होते हुए पुनः रामलीला मैदान तक रहा। पथ संचलन के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र के धर्म जागरण प्रमुख अभय ने संबोधित करते हुए बाबा साहब और संत रविदास के विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सामाजिक समरसता, समानता और जागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र (जिला प्रचारक), विकल्प (सह जिला प्रचारक), राजाराम (जिला संघचालक), देवेंद्र (जिला कार्यवाह), भाजपा नेता महानारायण वर्मा कुँवर दिनकर प्रताप सिंह, अंशुमान, निर्मल वर्मा, आलोक गुप्ता विशाल गुप्ता सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।




## कंटेनर की टक्कर से भाजपा नेता तथा शिक्षक सहित दो की मौत, उपचार के दौरान घायल महिला की भी गई जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तिलहर-शाहजहांपुर।** अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटना में शिक्षक व भाजपा नेता सहित तीन लोगों की मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शाहजहांपुर के थाना सेहरा मऊ दक्षिणी अंतर्गत ग्राम डींगरपुर निवासी जसपाल सिंह जानकारी मिली कि तिलहर तहसील के ग्राम खेड़ा बझेड़ा में उनकी बहन की सास का स्वास्थ्य ठीक रही है जिसके चलते वह अपने रिश्तेदार पदम सिंह निवासी ग्राम रावतपुर के साथ मोटरसाइकिल द्वारा अपनी बहन के घर जा रहे थे। जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल तिलहर शाहजहांपुर हाईवे पर नगरिया मोड पुलिस चौकी के पास पहुंची तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक कंटेनर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग सड़क पर गिर पड़े और कंटेनर के पहिए से दबकर उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया और लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई सूचना मिलते ही कोतवाल जुगल किशोर पाल तथा नगरिया मोड चौकी से पुलिसकर्मी घटना स्थल पर पहुंच गए उन्होंने कंटेनर तथा उसके चालक चंद्रकेश निवासी गांधीनगर भरतपुर राजस्थान को कब्जे में लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कंटेनर चालक सीतापुर की तरफ से उत्तराखंड जा रहा था। दुर्घटना में मृतक जसपाल सिंह एक प्राइवेट विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्य थे उनकी मां सावित्री देवी ग्राम प्रधान है। उनकी शिक्षामित्र पत्नी, पुत्र सूर्या तथा पुत्री रिया का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पदम सिंह भाजपा के बूथ अध्यक्ष बताए गए हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही विधायक अरविंद सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्होंने जिलाधिकारी से वार्ता कर अतिशीघ्र पोस्टमार्टम कराए जाने का अनुरोध किया। उधर नगर के मोहल्ला पचासा निवासी विमला देवी जब हाईवे पर सड़क पार कर रही थी इसी दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गई जानकारी मिलने पर उनके भाई दिनेश ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। दिनेश ने बताया कि उनकी बहन अपने पति सुरेश की मृत्यु के बाद मायके में उनके साथ ही रह रही थी। उधर मृत्यु की जानकारी मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टपार्टम के लिए भेजा। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया अभी किसी भी दुर्घटना के संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली में मुफ्त दवाइयों के अवैध बिक्री रैकेट का भंडाफोड़, पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शातिर आरोपी



**दिल्ली पुलिस ने मुफ्त दवाइयों के अवैध बिक्री रैकेट का भंडाफोड़ किया।**

**तीन आरोपी नीरज कुमार, सुशील, लक्ष्मण मुखिया गिरफ्तार किए गए हैं।**

**राजेंद्र मार्केट से 99 बक्से सरकारी दवाइयां बरामद की गई।**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सरकारी अस्पतालों की मुफ्त दवाइयों को अवैध रूप से बेचने वाले रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नीरज कुमार, सुशील और लक्ष्मण मुखिया शामिल है। पुलिस ने राजेंद्र मार्केट में छापा मारकर 99 बक्से दवाइयों के बरामद किए, जिन पर 'केवल सरकारी सप्लाई' लिखा था। जांच में सामने आया कि दवाइयां फार्मेसी स्टोर इंचार्ज की मिलीभगत से हासिल कर सहारनपुर भेजी जा रही थीं। इस मामले में धोखाधड़ी, साजिश और विश्वासघात की धाराओं में केस दर्ज किया गया।

## 72 घंटे में सूचना न दी तो अटक जाएगा फसल बीमा क्लेम, कृषि विभाग ने किसानों से की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मौसम में अचानक आए बदलाव और लगातार हो रही बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। एक ओर जहां हजारों किसान तेजी से गेहूं की कटाई और थ्रेसिंग में जुटे हुए थे, वहीं दूसरी ओर बारिश ने पूरे कार्य को प्रभावित कर दिया है। खेतों में कटा हुआ गेहूं भीग गया है, जिससे गुणवत्ता पर असर पड़ने के साथ आर्थिक नुकसान की आशंका बढ़ गई है। इस समय बड़ी संख्या में किसान गेहूं की कटाई के अंतिम चरण में हैं। कृषि विभाग के अनुसार लाखों किसान इस प्रक्रिया में लगे हैं, लेकिन असमय बारिश के कारण थ्रेसिंग कार्य बाधित हो रहा है। यदि जल्द मौसम साफ नहीं हुआ तो उत्पादन और भंडारण दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

**सब्जी फसलों पर भी संकट गहरा**

लगातार नमी के कारण खरबूजा, तरबूज, खीरा, ककड़ी, तरोई, लौकी, टिंडा, करेला और कद्दू जैसी फसलों में कीट व रोग का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। वहीं जिन किसानों की प्याज और लहसुन की खुदाई बाकी है, उनके लिए सड़न का जोखिम बढ़ गया है।

कृषि विशेषज्ञ डा.सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि खेतों में जलभराव रोकना और नियमित निरीक्षण जरूरी है, जबकि कृषि विशेषज्ञ डा. सीपी श्रीवास्तव ने संतुलित दवा छिड़काव और नमी प्रबंधन पर जोर दिया है।

जिला कृषि अधिकारी टीबी सिंह ने स्पष्ट किया है कि बारिश से फसल प्रभावित होने पर किसानों को 72 घंटे के भीतर सूचना देना अनिवार्य है। देरी होने पर बीमा क्लेम मान्य नहीं होगा। किसान टोल फ्री नंबर 14447 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद बीमा कंपनी मौके पर जाकर नुकसान का आंकलन करेगी और रिपोर्ट के आधार पर ही भुगतान किया जाएगा। राजधानी में करीब पौने दो लाख किसान फसल बीमा योजना से जुड़े हैं। विभाग ने सभी किसानों से अपील की है कि वे नुकसान की स्थिति में तुरंत सूचना दें और फसल का रिकार्ड व तस्वीरें सुरक्षित रखें, ताकि क्लेम प्रक्रिया में कोई दिक्कत न आए।

## बाल यौन शोषण मामला: सीबीआई ने दाखिल की जार्चशीट, आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

**» अग्रिम जमानत याचिका पॉक्सो अदालत ने की खारिज।**

**» बाल यौन शोषण सामग्री वायरल करने का है आरोप।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट-एक) की अदालत ने बाल यौन शोषण से संबंधित सामग्री सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका निरस्त कर दी। वहीं, सुनवाई के दौरान अदालत ने अपराध को गंभीर श्रेणी मानते हुए आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया। पहले इस मामले में अदालत ने आरोपी को बरी कर दिया था, लेकिन सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल कर दी। जिसके चलते इस बार याचिका निरस्त कर दी।

सीबीआई ने ग्रेनो वेस्ट की ग्रीन आर्क सोसायटी निवासी नाबालिग के खिलाफ बाल यौन शोषण सामग्री के संग्रह, प्रसारण, आदान-प्रदान और प्रसारित करने का मामला 31 अक्टूबर, 2025 में आईटी और पॉक्सो एक्ट में दर्ज किया था।

**यौन उत्पीड़न की तस्वीरें दिखाई**

आरोप है कि आरोपित ने पीड़िता को यौन उत्पीड़न की तस्वीरें दिखाई थी। उसका पता ग्रेनो वेस्ट के एक गांव का बताया था। घटना करीब दो साल पहले की थी। दो ई-मेल और दो मोबाइल के माध्यम से आरोपित इन मामलों में संलिप्त है। उसके पास आपत्तिजनक सामग्री मिली थी। ई-मेल आईडी से उसके खिलाफ दो साइबर टिपलाइन रिपोर्ट भी जेनरेट की गई थी।

**कोर्ट से मांगी थी रिपोर्ट**

पीड़िता के बयान के बाद सीबीआई ने कोर्ट से आरोपी रिमांड मांगी थी, जिसे खारिज कर आरोपित को रिहा कर दिया। इसके बाद सीबीआई ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। सुनवाई में आरोपित पक्ष की तरफ से अदालत से अग्रिम जमानत मांगी गई, लेकिन कोर्ट ने जघन्य अपराध माना और मना कर दिया। आरोपी पक्ष के अधिवक्ता रजनीश यादव ने बताया कि अभी आरोपित को अदालत में पेश नहीं किया गया है। अब जमानत के लिए हाईकोर्ट में अपील करेंगे।

## अनियंत्रित होकर भूसी लदा ट्रक पलटा तीन लोगों की दबकर मौत

**बिसवां सीतापुर** थाना सदरपुर क्षेत्र अंतर्गत बिसवा रेउसा मार्ग पर धामी सरांय मोड पर एक भूसी लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे तीन लोग दबकर घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस से तत्काल सीएचसी बिसवा लाया गया जहां उनकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत बिसवा रेउसा मार्ग पर रविवार शाम एक भूसी लदा ट्रक (डंपर) अनियंत्रित होकर कई वाहनों पर गिर गया।जिसमे दो छोटे हाथी, बैटरी रिक्शा व अन्य वाहनों पर सवार लोग दुर्घटना का शिकार हो गए। मौके पर चालक की मौत हो गई है। उन दबे लोग निकल कर एंबुलेंस से तत्काल सीएचसी बिसवा लाया गया जहां अंकित यादव 16वर्ष पुत्र प्रमोद निवासी लालपुर कोठी थाना मानपुर तथा पुष्पेन्द्र यादव 18वर्ष पुत्र मन्नालाल निवासी लालपुर कोठी थाना मानपुर तथा साहिल पुत्र पप्पू निवासी सत्तिनपुरवा थाना बिसवा को एम्बुलेंस से सीएचसी बिसवा लाया गया जहां उपस्थित डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।तथा घटना के कारणों की जांच करने में जुट गई।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मिलेंगी एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं, क्यूआर कोड से होगी एंट्री; 1500 AI कैमरे रखेंगे नजर

**»1500AI-आधारित सीसीटीवी कैमरे निगरानी करेंगे।**

**» कर्मचारियों, वेंडरों को क्यूआर कोड पहचान पत्र।**

**» यात्रियों को क्यूआर कोड आधारित टिकट से प्रवेश।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य शुरू हो जाएगा। एयरपोर्ट की तरह यहां यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध होगी। आधुनिक सुविधाओं के साथ ही भीड़ प्रबंधन व सुरक्षा के लिए भी आधुनिक उपकरण लगेंगे। पूरे परिसर में 1500 एआइ आधारित सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। इससे स्टेशन परिसर के प्रत्येक कोने पर नजर रखी जाएगी।

स्टेशन पर तैनात रेलकर्मियों, ठेकेदार के माध्यम से काम करने वाले अन्य कर्मियों के साथ ही वेंडर्स को भी क्यूआर कोड वाले पहचान पत्र और जैकेट दी जाएगी। बिना टिकट कोई स्टेशन परिसर में प्रवेश नहीं कर सकेगा। पूरी योजना को लागू करने का ब्लू प्रिंट तैयार किया जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को पुनर्विकास कार्य की समीक्षा की।

**कर्मियों और वेंडर्स को अलग-अलग रंग के जैकेट मिलेंगे**

उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि पुनर्विकास कार्य तेजी से चल रहा है। स्टेशन पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेगी। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एआइ वाले कैमरे लगेंगे। इससे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने में मदद मिलेगी। स्टेशन पर तैनात कर्मियों और वेंडर्स को अलग-अलग रंग के जैकेट दिए जाएंगे जिससे कि उनकी पहचान हो सके। स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को भारत टैक्सी सेवा से जोड़ा जाएगा ताकि यात्रियों को स्टेशन से बाहर निकलते ही आसानी से टैक्सी उपलब्ध हो सके। स्टेशन परिसर में नए और स्पष्ट साइनेज लगाए जाएंगे जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म, प्रवेश व निकास द्वार, स्टेशन पर उपलब्ध सेवाओं की आसानी से जानकारी मिल सके।

**क्यूआर कोड आधारित प्रवेश की व्यवस्था**

नई दिल्ली स्टेशन पर क्यूआर कोड आधारित प्रवेश की व्यवस्था करने की तैयारी है। इसके लिए टिकट पर क्यूआर कोड होगा जिससे यात्री को प्लेटफार्म पर जाने की अनुमति मिल सकेगी। इस व्यवस्था से बिना टिकट वाले यात्रियों को रोका जा सकेगा। इससे भीड़ प्रबंधन और असमाजिक तत्वों को स्टेशन में जाने से रोकने में मदद मिलेगी। अधिकारियों ने कहा कि रेल मंत्री ने पुनर्विकास कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। वह नियमित रूप से निर्माण कार्य का निरीक्षण कर उसकी समीक्षा करते हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## गौरीगंज पुलिस द्वारा लगभग 15 वर्षों से फरार हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**गौरीगंज अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान विभिन्न धाराओं में थाना गौरीगंज जनपद अमेठी से संबंधित अभियुक्त मनोहर उर्फ राम मनोहर पुत्र खुड़बुड़ उर्फ भगौती निवासी ग्राम मानमती का पुरवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र 52 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारण्ट/NBW जारी किया गया है । थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## अवैध अतिक्रमण पर चला नगरपालिका का बुलडोजर जाम से मिलेगी मुक्ति



**बस्ती।** बस्ती नगर पालिका परिषद बस्ती और यातायात पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शहर के प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए एक सघन अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना और आमजन को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाना था।

प्रशासनिक टीम ने शहर के व्यस्ततम क्षेत्र कंपनी बाग चौराहा से सब्जी मंडी की तरफ जाने वाले मार्ग पर स्थानीय लोगों और दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान सड़क के दोनों किनारों पर अवैध रूप से लगाए गए टिन शेड, चबूतरे और ठेलों को हटाकर मार्ग को पूरी तरह साफ कराया गया। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका की टीम के साथ जिला यातायात पुलिस प्रशासन की ओर से यातायात उपनिरीक्षक अवधेश तिवारी अपनी टीम के साथ मुस्तैद रहे। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार्य नहीं होगा। यदि दोबारा अतिक्रमण पाया गया, तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध जुर्माना वसूलने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। शहवासियों ने अभियान की सराहना की है।

## हत्या के प्रयास में वाछिंत एवं सोशल मीडिया पर वायरल तमंचा लहराने वाले रवाडा गैंग के 4 सदस्य गिरफ्तार

**कानपुर।** थाना बर्रा पुलिस ने आज हत्या के प्रयास में वांछित और बाद में सोशल मीडिया पर वायरल तमंचा लहराने वाले रवाडा गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना बर्रा पर वादी मुकदमा की तहरीरी सुचना जिसमें दिनांक घटना 03.04.2026 को अभियुक्तों द्वारा एक राय होकर वादी मुकदमा उपरोक्त व उसके साथियों के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए जान से मारने की नियत से लोहे की रॉड व डंडे से हमला किया था जिससे वादी मौके पर चक्कर खाकर गिर गया प्राप्त हुई उक्त सूचना के आधार पर थाना बर्रा कानपुर नगर पंजीकृत किया गया था। इसके बाद अभियुक्तों का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें वह तमंचा लहराते दिखाई दे रहे थे। थाना प्रभारी बर्रा के कुशल नेतृत्व में थाना बर्रा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमे से संबंधित अभियुक्त ऋषि मिश्रा पुत्र अनिल कुमार मिश्रा निवासी गुजैनी थाना गोविन्दनगर, प्रखर दत्ता पुत्र रघुवीर प्रसाद दत्ता निवासी सेक्टर ङ्ग डबल स्टोरी बर्रा 2 थाना बर्रा, सुधांशु सविता उर्फ भोला पुत्र रामनरेश सविता निवासी बर्रा 1 थाना बर्रा, व प्रखर वर्मा उर्फ सुनील वर्मा पुत्र राजू वर्मा निवासी गोपाल नगर बर्रा 2 थाना बर्रा को अभियुक्त प्रखर दत्ता उपरोक्त के घर से गिरफ्तार किया गया है। मुकदमा उपरोक्त में शेष वाछिंत की गिरफ्तारी हेतु टीम रवाना है।

# परशुराम जयंती को लेकर जोरदार तैयारियां, भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार

**●19 अप्रैल को समय माता मंदिर गुरचिहवा में होगा विशाल धार्मिक आयोजन, जुटेगा जनसैलाब**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से ब्राह्मण समाज द्वारा तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। आगामी 19 अप्रैल को समय माता मंदिर गुरचिहवा परिसर में आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन को लेकर रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक के दौरान आयोजन को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। इसमें तय किया गया कि कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होगी। इसके पश्चात हवन-पूजन, भंडारा, प्रसाद वितरण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भगवान परशुराम के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए प्रवचन भी आयोजित किए जाने की योजना बनाई गई है।

समाज के सचिव गिरिजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि परशुराम जयंती केवल एक धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करने का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि इस बार कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इसमें शामिल हो सकें। बैठक में मौजूद अन्य सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए और आयोजन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां तय की गई। कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, सजावट, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम करने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर पप्पू मिश्रा, अरुण कुमार चतुर्वेदी, सतीश चन्द्र मिश्रा, आलोक पाठक, गोलू ओझा, सुरेश चतुर्वेदी सहित समाज के कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान परशुराम के आदर्शों को आत्मसात करें और आयोजन को सफल बनाएं।

# बे मौसम बारिश ने तोड़ी किसानों की कमर गेहूं की फसल बर्बाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार, अमेठी।** जनपद अमेठी के शुकुल बाजार क्षेत्र में बीते एक सप्ताह के भीतर हुई दो बार की भारी बे मौसम बारिश ने किसानों को गहरे संकट में डाल दिया है। अचानक हुई इस बारिश ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया, जिससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आ रही हैं।स्थानीय किसानों के अनुसार, इस वर्ष पहले से ही गेहूं की फसल उम्मीद के मुताबिक नहीं थी। दाने अपेक्षाकृत छोटे और हल्के होने के कारण उपज कम होने की आशंका बनी हुई थी। ऐसे में लगातार दो बार हुई तेज बारिश ने बची-खुची फसल को भी नुकसान पहुंचाया। खेतों में पानी भर जाने से गेहूं की बालियां झुक गई और कई स्थानों पर फसल जमीन पर गिरकर सड़ने लगी है।किसानों का कहना है कि इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। फसल की लागत तक निकाल पाना अब मुश्किल नजर आ रहा है। कई किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर खेती की थी, जिसे चुकाना अब एक बड़ी चुनौती बन गया है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र का शीघ्र सर्वे कराकर फसल नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को राहत मिल सके। किसानों ने यह भी अपील की है कि सरकार प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए ठोस कदम उठाए, जिससे भविष्य में इस तरह की परिस्थितियों से निपटा जा सके।

बे मौसम बारिश ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि खेती आज भी पूरी तरह प्रकृति पर निर्भर है और थोड़ी सी भी मौसम की मार किसानों की आर्थिक स्थिति को हिला कर रख देती है।

## भगवत भजन से मिलता है जीवन में सुमंगल का प्रतिफल- भीष्म पितामह

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अमावां के समीप हो रही श्रीमदभागवत कथा में रविवार को वेद एवं धर्म के सार की व्याख्या का वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास अयोध्या धाम से पधारे भीष्म पितामह मिश्र जी महराज ने कहा कि धर्म का सार भगवत भजन है। उन्होने कहा कि वेदरूपी कल्प वृक्ष से भगवान के भजन का प्रतिफल जीवन को मंगलमय बना दिया करता है। कथाव्यास ने कहा कि धर्म वही है जिसके तहत जीवन को भगवान के प्रति समर्पित करते हुए नैतिकता के सूत्र में पिरोया जा सके। उन्होने कहा कि भगवान की कथा का रसपान सदैव पीने से जीवन में विकृतियों का विलोप हुआ करता है। भीष्म पितामह जी ने भगवान के चौबीस अवतारों का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि विविध व्यवस्थाओं के लिए भगवान के विविध स्वरूप हुए हैं। उन्होने कहा कि सार यह है कि भगवान एक हैं और उनके विविध स्वरूपों में जगत के उद्धार व कल्याण की लीला है। उन्होने कहा कि श्रीमदभागवत की कथा अथवा श्रीशिवमहापुराण कथा या फिर देवी स्तुति कथा सबका सार यही है कि निर्मल मन से अपने प्रभु के प्रति सदैव समर्पण का भाव रखना चाहिए। उन्होने कहा कि भगवान की कृपा जिस जीव को मिल जाया करती है उसका समस्त लोक मंगलमय व प्रकाशवान हुआ करता है।

# शिक्षक का बेटा रेलवे में बना इंजीनियर, गांव में खुशी की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव निवासी मनीष ने रेलवे में इंजीनियर पद पर चयनित होकर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। शनिवार को ट्रेनिंग के लिए भुसावल रवाना होने से पहले गांव में मनीष का भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। परिजनों व ग्रामीणों ने उन्हें माला पहनाकर तिलक लगाया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान घर की महिलाओं ने आरती उतारकर उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदा किया।मनीष ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम और निरंतर प्रयास को देते हुए कहा कि छात्रों को कभी निराश नहीं होना चाहिए। मेहनत और लगन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

मनीष की प्रारंभिक शिक्षा आर के चौधरी कॉलेज सैनिया, जूनियर शिक्षा सुधा एकेडमी सबई परसन, हाईस्कूल रामबाग, पॉलीटेक्निक फैजाबाद और बीटेक भोपाल से पूरी हुई। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और पहली ही बार में सफलता हासिल की।मनीष के पिता मयाराम कम्पोजिट विद्यालय उमरिया में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता कमलावती गृहिणी हैं। बेटे की इस उपलब्धि पर माता की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे।इस अवसर पर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामपाल चौधरी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार, पूर्व प्रधान केशराम चौधरी व्यास सहित कई लोगों ने मनीष को माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं रीमा, सीमा, गुड़िया, पूजा, खुशबू, प्रीति, शिल्पी, मंजू, संगीता, शीला, पवन, दीपक और विशाल सहित अन्य ग्रामीणों ने भी खुशी जाहिर की।

## जहरीला पदार्थ निगलने से अधेड़ की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जहरीला पदार्थ निगलने से इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के कटरा जलेशरगंज निवासी राजकुमार 42 पुत्र राम सुन्दर ने रविवार की सुबह घर में जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर दशा में चिकित्सकों ने उसे जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान राजकुमार की मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। सूत्रों के मुताबिक परिजन शव लेकर देर शाम घर लौट आये। अधेड़ के जहर निगलने को लेकर ग्रामीणों में दबीजुबान से तरह तरह की चर्चा का माहौल देखा सुना गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि घटना की जानकारी नहीं है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## महिला थाना जनपद बस्ती द्वारा बहू बेटी सम्मेलन एवं जन चौपाल का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केमहिला थाना जनपद बस्ती आज दिनांक 5/04/2026 को थाना कोतवाली के ग्राम चननी में ,प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा मय टीम ,म0का0 श्यामा पाठक, म0का0 सुमन यादव, द्वारा बहू बेटी सम्मेलन एवं जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 80 की संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने प्रतिभाग किया महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया एवं विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन - 1090,पुलिस आपातकालीन सेवा - 112, एंबुलेंस सेवा - 108 ,चाइल्ड लाइन- 1098 ,स्वास्थ्य सेवा- 102 ,महिला हेल्पलाइन - 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 1076 ,साइबर हेल्पलाइन - 1930 आदि की जानकारी दी गई।इसके साथ ही देश के तीन नए आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता,2023; भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ,2023; तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023) साथ ही साथ साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर अपराधों के खतरों से बचाव के उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई जैसे साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं सोशल मीडिया धोखाधड़ी, वन - टाइम पासवर्ड, (OTP) चोरी, UPI फ्रॉड, साइबर बुलिंग आदि के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। महिला चौपाल में आई महिलाओं ने इस अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लिया और प्रसन्नता जाहिर की और बताया कि आप लोगों द्वारा आयोजित किए जा रहे विभिन्न अभियानों से हम लोगों को बहुत ही लाभ प्राप्त हुआ है, और हम सब महिलाओं एवं बालिकाओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

# नवीन पुलिस लाइन्स अमेठी में 'वामा सारथी' द्वारा टाटा एमजी के सहयोग से किया गया चिकित्सा शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में व उ0प्र0 पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन 'वामा सारथी' के नेतृत्व में टाटा एमजी के सहयोग से पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता और उनके परिवारों की खुशहाली के लिए आज रिजर्व पुलिस लाइन्स अमेठी में एक वृहद चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया । इस चिकित्सा शिविर का उद्देश्य पुलिसकर्मियों व उनके परिवारीजनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था । शिविर में विशेषज्ञों की टीम द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की गई । शिविर के दौरान सामान्य रोगों जैसे बुखार, सर्दी-जुकाम, ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड, आदि की जांच की गई । शिविर में उपस्थित चिकित्सा विशेषज्ञों ने पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त रहने और संतुलित जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि ड्यूटी की व्यस्तता के बीच नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है । कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी गण द्वारा इस पहल की सराहना करते हुए कहा गया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होते हैं ।

# तेज तर्रार कप्तान डॉक्टर यशवीर के आदेशों को नहीं मानते सी ओहरैया चार दिन बीत गए दर्ज नहीं हुआमुकदमा

**●ग्राम चौकीदार पर लगा गंभीर आरोप, पुलिस अधीक्षक से जांच कर कार्यवाही की मांग**

**तेज तर्रार कप्तान का आदेश नहीं मानते हैं सी ओ हरैया और थाना अध्यक्ष हरैया चौकीदार और दबंग का दे रहे हैं सह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के पीड़ित पत्रकार दिए गए पुलिस अधीक्षक को पत्र में मुकदमा दर्ज करने का आदेश होने के बावजूद भी थाना अध्यक्ष हराया नहीं दर्ज किया मुकदमा दबंगो के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैंग्राम चौकीदार / ग्राम प्रहरी प्रमोद कुमार पर गंभीर आरोप लगा है पीड़ित अनिल कुमार शुक्ला ने ग्राम चौकीदार के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग की है। आपको बता दें कि पीड़ित अनिल कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 रामतेज शुक्ला साकिन- महादेउरी, थाना-हरैया, जनपद-बस्ती का निवासी है। पीड़ित थानाध्यक्ष हरैया के कार्य शैली से परेशान है पीड़ित ने आरोप लगाया कि कभी भी थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह मेरी हत्या करवा सकते है पीड़ित के गांव के चौकीदार ने दिनांक 12.02.2026 को चौकीदार के भाई वेद प्रकाश गौतम, तारक नारायन ने मिलकर पीड़ित के घर में चोरी करते पकड़े गये । वेद प्रकाश पीड़ित के बेटे आलोक को चाकू से वार कर दिया था उसके बाद पीड़ित के बेटे ने पास पड़े डंडे से चोर के सिर पर मार दिया था जिससे वे गिर पड़े थे और उनका चप्पल, तौलिया मेरे घर में ही छूट गया था जिसको थानाध्यक्ष ने बरामद कर थाने पर ले गये थे लेकिन आज तक न्यायालय में न तो भेजे और न ही पीड़ित को सूचना दिये उसके बावजूद विपक्षी प्रमोद कुमार चौकीदार, वेद प्रकाश गौतम मिलकर बार - बार मेरे दरवाजे पर लगे बांस को तोड़ते हैं बोलने पर मार पीट पर आमादा हो जाते है और कई बार शिकायत करने पर हरैया पुलिस न तो कोई कार्यवाही कर रही है और न ही कोई पुलिस दरवाजे पर जा रही हैं अर्थात हरैया पुलिस ग्राम चौकीदार के दबाव में कोई कार्यवाही नहीं कर रही है जिससे अपराधियों का हौसला बुलन्द रहा है आये दिन विवाद करते रहते है। एक पक्षीय कार्यवाही करने से तथा अपराधियों को संरक्षण के कारण थानाध्यक्ष थाना हरैया के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई है। उक्त प्रकरण में पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह ने जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## कार्यालय-ग्राम पंचायत करमा वि.खं. शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

**पत्रांक: मेमो/निविदा/सामग्री/2026-27**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत करमा द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना ( VB- G RAMG )/पन्द्रहवां वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन एस.एल.डब्ल्यू.एम. सांसद/विधायक /एम.एल.सी निधि आदि योजना अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईट, सीमेण्ट ईट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, सरिया, पैंट, साइनबोर्ड, हयूमपाइप, स्ट्रीट लाईट, सफाई सामग्री, ठेला, सादा बालू मोरंग, कुढ़ापात्र, प्लास्टिक बैंक, ई-रिक्शा, साइकिल, ई-रिक्शा मरम्मत, स्वच्छता किट, इन्सीनीरेटर आदि एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। इस निमित निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक. 13-04-2026 को 11 बजे तक आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म रूपयां 100.00 रु. स्टाम्प पेपर तथा वांक्षित प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय स्थान ग्राम पंचायत करमा निविदा बाक्स में डाला जाएगा। निविदा उसी दिन 12 बजे निविदाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

1. अधिकृत फर्म/अधिकृतं डीलर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है 03 वर्ष का आयकर क्लियरेंश संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जी.एस.टी. तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर ही दरें प्रस्तुत की जाय।
3. आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2.28 प्रतिशत आयकर / टीडीएस देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगी। पी. डब्लू डी के समयानुसार तय दर पर ही भुगतान की जाएगी।
5. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, टीए, अवर अभियन्ता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
6. धरोहर की धनराशि मु. 5000.00 (पांच हजार) है।
7. धरोहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर/एनएसेंसी एवं डाकघर के बचत पत्र जो सचिव ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो की। मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदा स्वीकृत होने के उपरांत ग्राम प्रधान / सचिव ग्राम पचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9. आदेश देने के सात दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जप्त कर ली जाएगी,
10. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृतदर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी,
11. सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान का. इंजिनियर/अवर अभियन्ता (ग्रा.अभि.वि ) / तक. सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर भुगतान नहीं की जायेगा।
13. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपंत्र 100.00 रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।
15. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत के पास होगा।
16. निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत करमा से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
17. जिस कार्य कि निविदा पृथक से निकाली जाएगी उस कार्य पर इस निविदां की शर्तें लागू नहीं होगी।

**राम स्वरूप गुप्ता**
**ग्रा.वि.अ./सचिव**
**ग्राम पंचायत करमा**
**विकास खण्ड- शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर**

**दिनेश कुमार**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत करमा**
**विकास खण्ड- शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय-ग्राम पंचायत मदरहना उर्फ रामनगर वि.खं. शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

**पत्रांक: मेमो/निविदा/सामग्री/2026-27**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मदरहना उर्फ रामनगर द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना ( VB- G RAMG )/पन्द्रहवां वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन एस.एल.डब्ल्यू.एम. सांसद/विधायक /एम.एल.सी निधि आदि योजना अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईट, सीमेण्ट ईट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, सरिया, पैंट, साइनबोर्ड, हयूमपाइप, स्ट्रीट लाईट, सफाई सामग्री, ठेला, सादा बालू मोरंग, कुढ़ापात्र, प्लास्टिक बैंक, ई-रिक्शा, साइकिल, ई-रिक्शा मरम्मत, स्वच्छता किट, इन्सीनीरेटर आदि एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। इस निमित निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक. 13-04-2026 को 2 बजे तक आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म रूपयां 100.00 रु. स्टाम्प पेपर तथा वांक्षित प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय स्थान ग्राम पंचायत मदरहना उर्फ रामनगर निविदा बाक्स में डाला जाएगा। निविदा उसी दिन 3 बजे निविदाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

1. अधिकृत फर्म/अधिकृतं डीलर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है 03 वर्ष का आयकर क्लियरेंश संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जी.एस.टी. तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर ही दरें प्रस्तुत की जाय।
3. आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2.28 प्रतिशत आयकर / टीडीएस देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगी। पी. डब्लू डी के समयानुसार तय दर पर ही भुगतान की जाएगी।
5. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, टीए, अवर अभियन्ता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
6. धरोहर की धनराशि मु. 5000.00 (पांच हजार) है।
7. धरोहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर/एनएसेंसी एवं डाकघर के बचत पत्र जो सचिव ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो की। मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदा स्वीकृत होने के उपरांत ग्राम प्रधान / सचिव ग्राम पचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9. आदेश देने के सात दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जप्त कर ली जाएगी,
10. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृतदर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी,
11. सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान का. इंजिनियर/अवर अभियन्ता (ग्रा.अभि.वि ) / तक. सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर भुगतान नहीं की जायेगा।
13. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपंत्र 100.00 रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।
15. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत के पास होगा।
16. निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत मदरहना उर्फ रामनगर से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
17. जिस कार्य कि निविदा पृथक से निकाली जाएगी उस कार्य पर इस निविदां की शर्तें लागू नहीं होगी।

**राम स्वरूप गुप्ता**
**ग्रा.वि.अ./सचिव**
**ग्राम पंचायत मदरहना उर्फ रामनगर विकास खण्ड- शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर**

**वीरेंद्र चौधरी**
**ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत मदरहना उर्फ रामनगर विकास खण्ड- शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर**

## संक्षिप्त खबरें

### भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने पूतना वध व श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन



**महराजगंज/रायबरेली।** अखरी पोस्ट कसेरुवा में ससवेदी, गणेश आंबिका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन यजमान शिव सिंह, सपत्नीक किरन सिंह, के यहां आनंद मिश्रा के द्वारा संकल्पित सातवीं श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा भव्य आयोजन। आपको बता दें कि, ग्राम सभा अखरी पोस्ट कसेरुवा जिला फतेहपुर में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को श्री अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पंडित चंद्रेश कृष्ण शास्त्री ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं एवं पूतना का वध जैसे प्रसंगों का व्याख्यान करते हुए बताया कि, गोकुल में कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया भगवान जब सात दिन के थे तब उन्होंने पूतना का वध कर दिया। भगवान ने कंस द्वारा भेजे गए सभी राक्षसों का वध कर दिया। भगवान गोकुल में माखन चुराते हैं और वहां पर वीणु वादन लीला करते हैं भगवान गोकुल छोड़कर वृंदावन निवास करने लगते हैं। कथा व्यास ने श्री कृष्ण लीला एवं पूतना का वध जैसे प्रसंगों पर कथा कहते हुए पांडाल में उपस्थित समस्त श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर यज्ञ शाला के मुख्य आचार्य पंडित सीताराम शास्त्री, यज्ञाचार्य सुबोध शास्त्री, उपयज्ञाचार्य योगेंद्र नाथ त्रिपाठी, व्यवस्थापक शीतला बख्श सिंह, श्रवण मिश्रा, शेर सिंह, विजय बहादुर सिंह, राजा सिंह चौहान, अक्षत सिंह, शुभम सिंह, मोनू सिंह, विक्रम सिंह, हर्षित सिंह, निखिल सिंह, रंग बहादुर सिंह, धीरेंद्र सिंह एवं समस्त मित्रगण सहित आदि भक्त उपस्थित रहे।

# खलीलाबाद विद्युत उपकेंद्र पर जेई की कार्यशैली से बढ़ा आक्रोश, संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**● ....15 वर्षों से एक ही जगह तैनात अवर अभियंता पर लापरवाही और संविदा कर्मियों के उत्पीड़न का आरोप; स्थानांतरण की मांग।**






**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** संत कबीर नगर के खलीलाबाद स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता (JE) अमित सिंह की कार्यशैली के खिलाफ कर्मचारियों और उपभोक्ताओं में भारी असंतोष व्याप्त है। विद्युत संविदा मजदूर संगठन के केंद्रीय कार्यकारिणी के प्रमुख महामंत्री आशीष कुमार द्वारा मुख्य अभियंता को प्रेषित शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि जेई पिछले 15 वर्षों से एक ही उपकेंद्र पर जमे हुए हैं और प्रतिदिन गोरखपुर से आवागमन करने के कारण दोपहर 12 बजे ड्यूटी पर आते हैं और शाम 5 बजे ही निकल जाते हैं। इस सीमित उपस्थिति की वजह से रीडिंग सत्यापन, बिल सुधार और राजस्व वसूली जैसे महत्वपूर्ण विभागीय कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हैं। संगठन का दावा है कि जेई क्षेत्र में अनुपस्थित रहने के बावजूद फोन के माध्यम से संविदा कर्मियों पर काम का अनुचित मानसिक दबाव बनाते हैं और समय पर कार्य न होने पर उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी देते हैं, जिससे कर्मचारी असुरक्षित माहौल में काम करने को मजबूर हैं और विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। इसके अतिरिक्त, फीडर ब्रेकडाउन की स्थिति में आवश्यक सामग्री उपलब्ध न होने के कारण बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रहती है, जिसका परिणाम कर्मचारियों को उपभोक्ताओं की गाली-गलौज और मारपीट के रूप में भुगतना पड़ता है। आगामी भीषण गर्मी की चुनौतियों को देखते हुए संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि संबंधित जेई का तत्काल स्थानांतरण कर किसी सक्रिय और जिम्मेदार अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई, तो विभाग को राजस्व का भारी नुकसान होगा। साथ ही, मांग पूरी न होने पर संगठन ने शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी उच्चाधिकारियों की होगी।

## सिपाहियों पर मारपीट का आरोप, व्यापारी ने दी तहरीर

**व्यापारी की पिटाई से व्यापारियों मे आक्रोश**

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के महेश खेड़ा मोहल्ला निवासी एक कारोबारी ने कोतवाली में तैनात चार सिपाहियों पर मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला निवासी अभिनव गुप्ता पुत्र चंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि चौराहे पर उसकी साइकिल पार्ट्स और टायर की दुकान है। शनिवार की रात करीब 11:30 बजे वह अपनी कार से गोदाम की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में राकेश यादव के किराए के मकान में रह रहे कुछ पुलिस कर्मियों की बाइक रास्ते में खड़ी थी। पीड़ित के अनुसार, कई बार हॉर्न बजाने के बाद घर से बाहर निकले पुलिस कर्मी गाली-गलौज करने लगे। जब वह कार से बाहर निकला तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसे घूंसे मारकर घायल कर दिया। साथ ही दोबारा उस रास्ते से न निकलने की धमकी भी दी गई। घटना को लेकर व्यापार मंडल में आक्रोश है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि पुलिस कर्मियों का ऐसा व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और व्यापारियों का उत्पीड़न रोका जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो एसपी से मिलकर शिकायत की जाएगी। वहीं प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का दिल्ली में प्रदर्शन

**● केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लालगंज (रायबरेली)।** शिक्षक हितों को लेकर जिले के शिक्षकों ने राजधानी दिल्ली में अपनी आवाज बुलंद की।रविवार को रामलीला मैदान में आयोजित विशाल शिक्षक रैली में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया। रैली का आयोजन टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से किया गया। इसमें देशभर से शिक्षक शामिल हुए। मुख्य मुद्दा पुराने शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा अनिवार्य करने के आदेश का विरोध रहा। शिक्षकों ने कहा कि यह आदेश अव्यावहारिक है। इससे वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के भविष्य पर संकट है। उन्होंने इस संबंध में माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पुनर्विचार की मांग की। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की अपील की। उन्होंने शिक्षक हित में कानून बनाने की मांग उठाई। संघर्ष समिति के जिला उपाध्यक्ष निशांत पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को नगर के बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से सैकड़ों शिक्षकों का दल दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। रविवार को प्रदर्शन के बाद सभी की सुरक्षित वापसी हो गई है। रैली में यूपीपीएसएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जटाशंकर वाजपेई ने संबोधन दिया। उन्होंने शिक्षक एकता पर जोर दिया। संघर्ष समिति के जिला उपाध्यक्ष निशांत पांडेय ने सरकार से सकारात्मक पहल की उम्मीद जताई। डलमऊ के ब्लॉक अध्यक्ष योगेश सिंह और सरेनी अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो आंदोलन जारी रहेगा। धरने में कीर्ति मनोहर शुक्ला, दुर्गेश मिश्र, सर्वेश शुक्ला, शिवबोध सिंह, राजेश सिंह, अक्षय दीक्षित, विजयपाल, शैलेंद्र सिंह, अभिषेक मिश्र, जयकरन सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## पेड़ से लटकता मिला शव, क्षेत्र में फैली सनसनी



**महमूदाबाद (सीतापुर)** स्थानीय ग्राम चतुराबेहड़ स्थित आम के बाग में पेड़ से एक बुजुर्ग का शव संदिग्ध अवस्था मे लटकता मिला है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई, मृतक की पहचान शुभनाथ वर्मा (60 वर्ष) के रूप में हुई है, जो वर्तमान में लखनऊ में रह रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि शनिवार शाम उन्हें आखिरी बार चतुराबेहड़ चौराहे पर देखा गया था। घटनास्थल पर शव की स्थिति, पास में मिली चप्पल-चश्मा, कार के टायर के निशान और बारिश के बावजूद कुछ जगह सूखी जमीन मिलने से परिजन व ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## कबड्डी प्रतियोगिता के फ़ाइनल मुकाबले में लखनऊ ब्यूटी तंबौर की टीम ने हरगांव की टीम को दी करारी मात, ट्रॉफी की अपने नाम



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**तंबौर सीतापुर** हरगांव में चल रही कबड्ड़ी प्रतियोगिता का फ़ाइनल मुकाबला लखनऊ ब्यूटी तंबौर की टीम वा हरगांव सीनियर की टीम के मध्य खेला गया जिसमें लखनऊ ब्यूटी तंबौर की टीम ने हरगांव सीनियर की टीम को करारी शिकस्त दे कर ट्रॉफी अपने नाम की इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया जिनमें लखीमपुर, खीरी, झंडी निघासन, लखनऊ ब्यूटी तंबौर, बाराबंकी, लहरपुर, बिस्वा, पिपरा, वा हरगांव सीनियर की टीमों ने भाग लिया रोमांचक मुकाबले में फ़ाइनल मुकाबला लखनऊ ब्यूटी तंबौर वा हरगांव की टीम के मध्य खेला गया।

जिसमें लखनऊ ब्यूटी तंबौर 32 वा हरगांव सीनियर 22 के अन्तर से हार जीत हुई लखनऊ ब्यूटी तंबौर टीम के कप्तान जीशान ब्यूटी, अफ़ान, इमरान, सलमान, सुहैल, आकाश, मोहम्मद कैफ, तहमीर, एकलाख, फरहान, ज़ीशान जीसु बुक, वा आयान जैसे स्टार खिलाड़ियों से सजी लखनऊ ब्यूटी तंबौर की टीम ने विपक्षी टीमों के छक्के छुड़ाते हुए फ़ाइनल में प्रवेश किया और फ़ाइनल मुकाबला लखनऊ ब्यूटी तंबौर वा हरगांव सीनियर के बीच खेला गया इस रोमांचक मुकाबले में लखनऊ ब्यूटी तंबौर की टीम ने हरगांव सीनियर टीम को करारी मात दे कर ट्रॉफी अपने नाम किया और अपने कस्बे तंबौर का नाम रोशन किया लखनऊ ब्यूटी तंबौर के कप्तान जीशान खान, वा टीम मेंटर वा ओनर शाहनवाज खान ने सभी का शुक्रिया अदा किया वा उपविजेता टीम का हौंसला अफजाई किया।

## उन्नाव हाईवे पर दिनदहाड़े लूट, महिला का झुमका छीनकर फरार हुए बाइक सवार बदमाश

**दिनदहाड़े लूट की घटना से इलाके में दहशत का माहौल**




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र में उन्नाव हाईवे पर दिनदहाड़े लूट की घटना से हड़कंप मच गया। सेमरपहा गांव के पास स्लिप रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला का झुमका छीन लिया और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार जोगापुर गांव निवासी राज दुलारा अपने पति देवनारायण के साथ रिश्तेदारी से लौट रही थीं। दोनों बाइक से बसौनी का पुरवा मजरे जनता बाजार स्थित अपने घर जा रहे थे। दोपहर करीब 11:30 बजे जैसे ही वे सेमरपहा गांव के पास स्लिप रोड पर चढ़े, पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दे दिया। बाइक पर पीछे बैठी महिला के कान से झुमका झपट्टा मारकर छीन लिया गया। घटना के बाद दंपति ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित दंपति के साथ मिलकर बदमाशों का पीछा भी किया गया, लेकिन आरोपी बाबा का पुरवा होते हुए कैथन का पुरवा की ओर भाग निकले। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने आसपास के इलाके में घेराबंदी कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# ‘Maritime India-Empowering Progress’ विषय पर एक महत्वपूर्ण तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय समुद्री दिवस (National Maritime Day) के अवसर पर दिनांक 5 अप्रैल 2026 को इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स भवन, आई.ई.आई., रिवर बैंक कॉलोनी, लखनऊ में ‘Maritime India-Empowering Progress’ विषय पर एक महत्वपूर्ण तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में देवेंद्र पांडेय, चीफ इंजीनियर, मरीन वाइडशाइन मैनेजमेंट, सिंगापुर ने सहभागिता की। अपने व्याख्यान में उन्होंने भारत के समुद्री क्षेत्र के विकास, वैश्विक व्यापार में इसकी भूमिका तथा ‘Maritime India-Empowering Progress’ की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समुद्री क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा बंदरगाह विकास, लॉजिस्टिक्स, समुद्री तकनीक और वैश्विक कनेक्टिविटी के माध्यम से भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाने में सहायक है। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक तकनीक, डिजिटलीकरण और नवाचार के माध्यम से समुद्री क्षेत्र में दक्षता, सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है। हरित पोत (Green Shipping), स्मार्ट पोर्ट्स तथा सतत समुद्री प्रबंधन जैसी अवधारणाएं भविष्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. वी.पी. सिंह, अध्यक्ष, आई.ई.आई. उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने राष्ट्रीय समुद्री दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के समग्र विकास में समुद्री क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इस क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी उन्नति समय की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक एवं जनोपयोगी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। कार्यक्रम के संयोजक इं. अनिल गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय संस्था के मानद सचिव इं. नीरेन्द्र कुमार निषाद द्वारा किया गया। उन्होंने सभी उपस्थित अभियंताओं, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## क्या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के नाम पर इतिहास मिटाया जा रहा है

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बिसवां/सीतापुर** सीतापुर जिले में हाल ही में सामने आए घटनाक्रम ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या कुछ माह पहले कुछ संगठनों द्वारा सरकार के दिशा-निर्देशों पर जिले का नया इतिहास लिखने की कोशिश की जा रही है। जिस किले और स्थान की पुष्टि स्वयं भारतीय गजेटियर एवं स्थानीय जनता करती है, उसी वीर राजा छीता पासी, जिनके नाम से जिले की पहचान रही है, उनका नाम हटाकर ग्राम का नाम ‘वैदेही वाटिका’ कर दिया गया– जो अत्यंत आपत्तिजनक और चिंताजनक है। और अब स्थिति यह है कि जिस भूमि पर रेलवे, मिलिट्री फार्म, कब्रिस्तान एवं वन विभाग का लगभग 90% स्वामित्व है, वहीं संघर्ष के बाद प्राप्त मात्र 5 बिस्वा भूमि पर भी प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। यह केवल भूमि का मामला नहीं है, बल्कि यह इतिहास, पहचान और समाज के स्वाभिमान से जुड़ा गंभीर विषय है। हम प्रशासन एवं सरकार से मांग करते हैं कि: इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए ऐतिहासिक तथ्यों और स्थानीय भावनाओं का सम्मान किया जाए प्रभावित पक्ष को न्याय दिया जाए यदि ऐसा नहीं किया गया, तो जनहित में व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## सुप्रसिद्ध पिप्लेश्वर हनुमान मंदिर चुरुवा के बगल में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बछरावां/रायबरेली:** लखनऊ प्रयागराज हाइवे पर स्थित चुरुवा हनुमान मंदिर के बगल में धार्मिक आस्था, सामाजिक समर्पण और सनातन परंपराओं की दिव्य छाया में क्षेत्रवासियों के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण तब साकार हुआ, जब 22 मार्च 2026, रविवार के शुभ दिन से भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। एक वर्ष पूर्व विधिपूर्वक भूमिपूजन संपन्न होने के पश्चात अब मंदिर निर्माण की आधारशिला साकार रूप लेती दिखाई दे रही है। आपको बता दें कि, चुरुवा हनुमान मंदिर के समीप साढ़े नौ विश्वा भूमि का विधिवत बैनामा कराया गया, जिसमें से लगभग साढ़े चार विश्वा क्षेत्रफल में मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। यह केवल एक मंदिर निर्माण नहीं, बल्कि धर्म, सेवा और संस्कारों का एक व्यापक केंद्र स्थापित करने का संकल्प है।

प्रस्तावित श्रीराम मंदिर के साथ-साथ साधु-संतों के निवास हेतु विशेष कक्षों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही वृद्धजनों के लिए समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे वे शांति और आध्यात्मिक वातावरण में अपना जीवन व्यतीत कर सकें। बच्चों को धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से चार से छह शिक्षकों की नियुक्ति का भी प्रावधान किया गया है, जो उन्हें संस्कारों की दीक्षा देंगे। मंदिर निर्माण के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत का संकल्प लिया गया है, और इसे पूर्ण होने में लगभग पांच वर्षों का समय अनुमानित है। इस पुण्य कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु ‘पिप्लेश्वर हनुमान मंदिर चुरुवा’ के नाम से एक ट्रस्ट का गठन किया गया है, जिसके अंतर्गत शासन के साथ-साथ आम जनमानस भी अपना योगदान देकर इस महायज्ञ में सहभागी बन सकता है।

मंदिर के मुख्य पुजारी अनूप कुमार अवस्थी की पत्नी प्रियंका अवस्थी ने विद्युत विभाग से निवेदन किया है कि, मंदिर परिसर के ऊपर से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन को सुरक्षित दूरी पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि निर्माण कार्य निर्बाध रूप से पूर्ण हो सके और भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना से बचा जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि, मंदिर निर्माण पूर्ण होने के पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसके भव्य उद्घाटन का संकल्प लिया गया है। साथ ही प्रसिद्ध रामकथा व्यास राजन जी महाराज की मधुर वाणी में श्रीराम कथा के दिव्य आयोजन की भी योजना बनाई गई है, जिससे पूरा क्षेत्र राममय हो उठेगा। वर्तमान में मंदिर स्थल पर नियमित रूप से पूजन-अर्चन का कार्य पुजारी मुनिराज अवस्थी द्वारा संपन्न कराया जा रहा है, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार बना हुआ है। यह भव्य श्रीराम मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए सेवा, शिक्षा और संस्कार का एक जीवंत प्रतीक बनकर उभरेगा। क्षेत्रवासियों में इस दिव्य परियोजना को लेकर अपार उत्साह और श्रद्धा का संचार है, जो आने वाले समय में इसे एक प्रमुख आध्यात्मिक धाम के रूप में स्थापित करेगा।




## साहित्यक संस्था साहित्य सुधा गीतांजलि के तत्वावधान में कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन




**बिसवां सीतापुर** साहित्यिक संस्था साहित्य सुधा गीतांजलि के तत्वावधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सरला अवस्थी ने माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया, जबकि अध्यक्षता योगेश चौहान ने की। इस अवसर पर सरोज गुप्त, अशोक पुष्प, अरविन्द सिंह मधुप, विजय रस्तोगी, संध्या त्रिपाठी, धर्मेन्द्र धवल सहित कई कवियों ने काव्यपाठ किया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। नवोदित कवि उदित सिंह एवं हिमांशु सिंह की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में समाजसेवी मोहित जायसवाल और सुनील रस्तोगी द्वारा सभी कवियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन संदीप अनुरागी ने किया तथा अंत में अशोक पुष्प ने आभार व्यक्त किया।

## मिश्रिख में धूमधाम से मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती



**स्वतंत्र प्रभात**

**मिश्रिख( सीतापुर)** कस्बे के अस्पताल चौराहे पर स्थित बड़े हनुमान मंदिर परिसर में महर्षि कश्यप जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कश्यप समाज के लोगों, भाजपा नेताओं, समाजसेवियों और पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन सोनू सागर और राहुल कश्यप द्वारा किया गया। इस दौरान आयोजकों ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों और पत्रकारों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। समारोह में मुख्य रूप से स्वामी विमलानंद सरस्वती जी नैमिषारण्य, मिश्रिख सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी, मिश्रिख नैमिषारण्य मंडल अध्यक्ष देवेश पांडेय, नगर पालिका के नामित सभासद अंकित शुक्ला, संदीप राजवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भास्कर मिश्रा, विवेक सिंह, निर्मल कश्यप और रामनरेश कश्यप सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने महर्षि कश्यप के जीवन, उनके आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि कश्यप का जीवन समाज को एकता, संस्कार और जागरूकता का संदेश देता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महर्षि कश्यप के विचारों को अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भंगहा वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भंगहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वां /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेन्डर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 05/04/2026 से 20/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**भगवत प्रसाद**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत भंगहा**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

**प्रसूनराज श्रीवास्तव**
**ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी**
**ग्राम पंचायत भंगहा**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बलुआककरा वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बलुआककरा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वां /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन/गौशाला, बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेन्डर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 05/04/2026 से 20/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईंट की रोड 40 MM4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**अब्दुल साजिद**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बलुआककरा**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

**प्रसूनराज श्रीवास्तव**
**ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बलुआककरा**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

# हॉर्मुज की आँच में जल सकती है भारत की पूरी विकास यात्रा

**[ भारत की रसोई से लेकर बाजार तक, हॉर्मुज हर जगह क्यों है ]**

**[ हॉर्मुजः वह वह नीला किवाड़, जिसमें भारत का पूरा वर्तमान उलझा है ]**

दुनिया की अर्थव्यवस्था आज एक पतली समुद्री रेखा पर टिकी है–हॉर्मुज। केवल चालीस किलोमीटर चौड़ा यह जलडमरूमध्य, जहाँ से दुनिया का हर पाँचवाँ तेल टैंकर गुजरता है, अब युद्ध का सबसे खतरनाक मोर्चा बन चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को 48 घंटे की चेतावनी दी है– हॉर्मुज खोलो, समझौता करो, वरना 'नरक टूट पड़ेगा।' तेहरान ने जवाब दिया– 'फॉरएवर वॉर '। यह केवल दो देशों की बयानबाजी नहीं, बल्कि उस वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था पर सीधा प्रहार है, जिसके सहारे भारत जैसी अर्थव्यवस्थाएँ चलती हैं। भारत के लिए यह संकट कोई दूर की घटना नहीं, बल्कि पेट्रोल पंप, रसोई गैस, खेत, फैक्टरी और बाजार तक पहुँचने वाला आर्थिक भूचाल है। ट्रंप की धमकी और ईरान की चुनौती ने साफ कर दिया है कि हॉर्मुज अब केवल जलडमरूमध्य नहीं, भारत की ऊर्जा सुरक्षा की सबसे कमजोर नस बन चुका है।

48 घंटे की चेतावनी के पीछे कई हफ्तों से सुलगता तनाव था। अमेरिका और ईरान के बीच टकराव लगातार बढ़ रहा था। अमेरिकी लड़ाकू विमान, ड्रोन हमले, परमाणु कार्यक्रम और खाड़ी में बढ़ती सैन्य हलचल ने माहौल को विस्फोटक बना दिया। ट्रंप ने साफ कहा कि अगर 48 घंटे में हॉर्मुज नहीं खुला, तो ईरान के ऊर्जा ढाँचे पर हमला होगा। लेकिन ईरान जानता है कि उसकी सबसे बड़ी ताकत हथियार नहीं, हॉर्मुज की वही संकरी समुद्री पट्टी है, जहाँ से दुनिया की ऊर्जा गुजरती है। तेहरान के पास मिसाइलें, समुद्री सुरंगें और ऐसे प्रॉक्सी नेटवर्क हैं, जो कुछ ही घंटों में जहाजरानी रोक सकते हैं। 1980 के दशक का 'टैंकर वॉर' फिर लौटता दिख रहा है। फर्क बस इतना है कि तब दांव पर तेल था, आज पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था है। इसलिए ईरान का 'फॉरएवर वॉर' केवल सैन्य चुनौती नहीं, बल्कि तेल के सहारे दुनिया को झुकाने की रणनीति है।

हॉर्मुज में उठी एक रुकावट भारत की अर्थव्यवस्था को भीतर तक हिला सकती है। भारत इस युद्ध में नहीं है, फिर भी सबसे बड़ी मार उसी पर पड़ सकती है। देश अपनी तेल जरूरत का 85 से 90 प्रतिशत आयात करता है और उसका करीब 40 प्रतिशत हॉर्मुज के रास्ते आता है। यदि यह मार्ग कुछ हफ्तों के लिए भी बंद हुआ, तो भारत सीधे ऊर्जा संकट में फँस जाएगा। तेल की कीमतें सबसे पहले बढ़ेंगी। भारतीय क्रूड बास्केट पहले ही 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी है; हॉर्मुज बंदी लंबी खिंची तो यह 130-150 डॉलर तक जा सकती है। फिर पेट्रोल, डीजल, विमान ईंधन, उर्वरक और परिवहन सब महँगे हो जाएंगे। महँगाई 7 से 9 प्रतिशत तक पहुँच सकती है, रुपया और कमजोर होगा, विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ेगा और करंट अकाउंट डेफिसिट फैल जाएगा। सबसे बड़ा असर किसान, ट्रक ऑपरेटर, छोटे उद्योग और मध्यम वर्ग पर पड़ेगा, क्योंकि ईंधन महँगा होते ही अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ जाती है।

हॉर्मुज का संकट सिर्फ तेल तक सीमित नहीं है। दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत पेट्रोलियम और 25 प्रतिशत एलएनजी आपूर्ति इसी रास्ते से गुजरती है। भारत के लिए इसका मतलब है कि रसोई गैस और औद्योगिक गैस, दोनों पर दबाव बढ़ेगा। यदि एलपीजी और एलएनजी की आपूर्ति रुकी, तो गैस सिलेंडर महँगे होंगे, बिजली उत्पादन की लागत बढ़ेगी और गैस आधारित उद्योगों की रफ्तार टूट जाएगी। भारत के पास रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार है, लेकिन वह केवल 5-10 दिन की राहत देता है। कुल मिलाकर



(रिफाइनरी स्टॉक सहित) यह 60-74 दिन का बफर उपलब्ध है, जबकि विकसित देशों के पास 180 दिन तक का सुरक्षा कवच है। यही अंतर बताता है कि भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को अब तक आर्थिक मुद्दा माना, राष्ट्रीय सुरक्षा का नहीं। 1973 का तेल संकट चेतावनी था, लेकिन आज भारत पहले से अधिक ऊर्जा पर निर्भर है। इसलिए यदि हॉर्मुज लंबे समय तक बंद रहा, तो असर सिर्फ तेल बिल पर नहीं, बल्कि विकास दर, रोजगार और सामाजिक स्थिरता पर भी पड़ेगा। भारत के पास रास्ते हैं, लेकिन कोई भी आसान नहीं। रूस से तेल आयात पिछले वर्षों में तेजी से बढ़ा है और अब कुल आयात का बड़ा हिस्सा वहीं से आता है। इससे कुछ राहत मिलती है, क्योंकि रूसी तेल हॉर्मुज से नहीं गुजरता। लेकिन इसकी अपनी मुश्किलें हैं–लंबी दूरी, महँगा बीमा, कठिन परिवहन और कीमतों में उतार-चढ़ाव। अफ्रीका, अमेरिका और लैटिन अमेरिका से तेल लाया जा सकता है, लेकिन ये रास्ते अधिक महँगे और धीमे हैं। समुद्री भाड़ा 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। उधर, ईरान से जुड़ा चाबहार बंदरगाह भी संकट की चपेट में आ सकता है। भारत जिस अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे और पश्चिम एशिया कॉरिडोर पर भरोसा कर रहा है, वे अभी पूरी तरह तैयार नहीं हैं। इसलिए सच यही है कि भारत के पास विकल्प तो हैं, लेकिन वे तुरंत राहत देने की स्थिति में नहीं।

इस संकट का समाधान केवल तात्कालिक फैसलों में नहीं, दूरगामी तैयारी में छिपा है। भारत को अपनी ऊर्जा नीति की दिशा बदलनी होगी। सबसे पहले रणनीतिक भंडार को तेजी से भरकर और कुल भंडारण क्षमता को बढ़ाकर 180 दिन तक ले जाना होगा। फिर तेल आयात के स्रोत इतने फैलाने होंगे कि किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता न रहे। साथ ही, अंडमान, पूर्वी तट और राजस्थान के नए ब्लॉकों में तेल और गैस खोज को युद्ध स्तर पर बढ़ाना होगा। लेकिन असली बदलाव जीवाश्म ईंधन से बाहर निकलने में है। सौर ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, जैव ईंधन, इलेक्ट्रिक वाहन और छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर अब केवल पर्यावरण की जरूरत नहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा की ढाल हैं। जिस दिन भारत की बसें, ट्रैक्टर, उद्योग और बिजली विदेशी तेल पर कम, घरेलू स्वच्छ ऊर्जा पर अधिक चलेंगे, उसी दिन हॉर्मुज का खतरा भी छोटा पड़ जाएगा।

यह संकट भारत के सामने एक सीधा सवाल खड़ा करता है–क्या हम अब भी बीसवीं सदी की ऊर्जा सोच में अटके हैं, जबकि दुनिया इक्कीसवीं सदी का युद्ध लड़ रही है? ट्रंप की 48 घंटे की चेतावनी और ईरान के 'फॉरएवर वॉर' ने साफ कर दिया है कि आने वाली लड़ाइयाँ सीमाओं पर नहीं, सप्लाई चेन, समुद्री रास्तों और ऊर्जा स्रोतों पर लड़ी जाएँगी। यदि भारत आयातित तेल के सहारे विकास का सपना देखता रहा, तो हर नया हॉर्मुज संकट उसे और कमजोर करेगा। इसलिए यह समय केवल चिंता का नहीं, फैसले का है। सरकार, उद्योग और समाज को मिलकर नई ऊर्जा क्रांति शुरू करनी होगी, जहाँ सूरज, हवा, परमाणु और जैव ईंधन भारत की नई ताकत बनें। तभी भारत किसी भी 'फॉरएवर वॉर' के बीच अडिग, सुरक्षित और आत्मनिर्भर रह सकेगा।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# परमाणु प्रतिष्ठानों पर आक्रमणः मानवता के अस्तित्व पर मँडराता गहरा संकट

विश्व राजनीति के वर्तमान दौर में युद्ध का स्वरूप जिस तेजी से परिवर्तित हो रहा है, वह समूची मानवता के अस्तित्व के लिए एक गंभीर खतरे का संकेत है। परंपरागत रूप से युद्ध सीमाओं पर सेनाओं के मध्य लड़े जाते थे, जहाँ रणनीतिक मर्यादाओं का पालन करते हुए नागरिक क्षेत्रों, चिकित्सा संस्थानों और अनिवार्य बुनियादी ढांचों को संघर्ष से पृथक रखा जाता था। किंतु समकालीन युद्धों में यह लक्ष्मण रेखा पूरी तरह ध्वस्त होती दिखाई दे रही है। आज के संघर्षों में न केवल नागरिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है, बल्कि परमाणु ठिकानों पर बढ़ते हमलों के खतरे ने वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य को और भी भयावह बना दिया है। युद्ध की इस बदलती नीति के साथ ही मानवरहित हथियारों और ड्रोन तकनीक के बढ़ते उपयोग ने जन-धन की हानि के साथ-साथ पर्यावरण प्रदूषण के एक नए संकट को जन्म दिया है।

वर्तमान में जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य पूर्व में इजरायल-हमास युद्ध ने न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को महंगाई की आग में झोंका है, बल्कि राष्ट्रों के बीच असुरक्षा की भावना को भी चरम पर पहुँचा दिया है। इस अस्थिरता के बीच अमेरिका और इजरायल की ईरान के प्रति सख्त नीतियों और ईरान के परमाणु अनुसंधान स्थलों को लक्षित करने की संभावित कोशिशों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गहरे तनाव में डाल दिया है। जवाबी कार्रवाई के रूप में ईरान द्वारा इजरायल के परमाणु ठिकानों को नष्ट करने की चेतावनी इस संकट को एक ऐसी परमाणु आपदा की ओर धकेल रही है, जिसका प्रभाव किसी एक राष्ट्र तक सीमित नहीं रहेगा। आधुनिक युद्ध का यह स्वरूप, जो अब बुनियादी ढांचों और ऊर्जा एवं परमाणु संयंत्रों के इर्द-गिर्द सिमट गया है, पूरी मानव सभ्यता के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकता है।

?परमाणु प्रतिष्ठानों पर किसी भी प्रकार का सैन्य हमला केवल सामरिक कार्रवाई नहीं, बल्कि जीव-जगत के विरुद्ध एक अक्षम्य अपराध है। यदि किसी परमाणु संयंत्र में रेडियोधर्मी रिसाव होता है, तो उसका प्रभाव दूर दूर तक तक फैल सकता है, राष्ट्र की सीमाओं को लांघ सकता है और और मित्र एवं दुश्मन देश को पहचानने से भी मना कर सकता है। द्वितीय विश्व युद्ध में परमाणु हमला के साथ पूर्व में चेर्नोबिल और फुकुशिमा जैसी त्रासदियों में दुनिया ने रेडिएशन खतरे के प्रभाव को देखा है। रेडिएशन रिसाव आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य, कृषि भूमि की उर्वरता और जल स्रोतों को दशकों तक के लिए विषाक्त कर देता है। अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून और जिनेवा कन्वेंशन के अतिरिक्त प्रोटोकॉल स्पष्ट रूप से परमाणु बिजली घरों को युद्ध में निशाना बनाने से प्रतिबंधित करते हैं, क्योंकि इनसे होने वाली क्षति की भरपाई असंभव है। इसके बावजूद, परमाणु ठिकानों को रणनीतिक दबाव और शक्ति प्रदर्शन का माध्यम बनाना अंतरराष्ट्रीय कानूनों की खुली अवहेलना है।?यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि यद्यपि परमाणु ठिकानों पर हमला तकनीकी रूप से प्रत्यक्ष 'परमाणु युद्ध' की श्रेणी में नहीं आता, किंतु इसके परिणाम किसी परमाणु हमले से कम विनाशकारी नहीं होते।

इन युद्धों को देखते हुए आज लगभग सभी देशों ने गरीबी,शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों की उपेक्षा करते हुए घातक हथियारों के संग्रहण की दौड़ तेज कर दी है। भारत ने सदैव परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग और वैश्विक सुरक्षा की नीति का समर्थन किया है, किंतु वर्तमान वैश्विक परिस्थितियाँ इस संयम को चुनौती दे रही हैं। यदि समय रहते संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय परमाणु एजेंसियों ने इन हमलों पर कठोर वैश्विक प्रतिबंध नहीं लगाए और महाशक्तियों ने अपनी हठधर्मिता का परित्याग नहीं किया, तो भविष्य के युद्ध 'बिना परमाणु बम विस्फोट के परमाणु युद्ध' का रूप ले लेंगे, जिससे संपूर्ण पृथ्वी का अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा।

**प्रो. डा. मनमोहन प्रकाश**

# केरल चुनाव 2026 का बदलता परिदृश्य धर्म समाज और राजनीति की जटिल तस्वीर

दक्षिण भारत का राज्य केरल हमेशा से अपनी अलग राजनीतिक और सामाजिक पहचान के लिए जाना जाता रहा है। यहां की राजनीति विचारधाराओं के टकराव से अधिक सामाजिक संतुलन और विकास के मुद्दों पर केंद्रित रही है। लेकिन 2026 के विधानसभा चुनाव में कई ऐसे मुद्दे उभरकर सामने आए हैं जिन्होंने राज्य की चुनावी दिशा को नई बहसों की ओर मोड़ दिया है। इनमें धर्मांतरण का प्रश्न प्रेम विवाह को लेकर विवाद और राजनीतिक दलों की रणनीतियां प्रमुख हैं।

राज्य में इस समय पिनराई विजयन के नेतृत्व में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सत्ता में है। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी लगातार अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश कर रही है जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा भी मुकाबले में है। इस त्रिकोणीय संघर्ष ने चुनाव को और रोचक बना दिया है।

धर्मांतरण और प्रेम विवाह का मुद्दा इस बार सबसे अधिक चर्चा में है। कुछ संगठनों द्वारा यह दावा किया जा रहा है कि पिछले एक दशक में हजारों लड़कियों का धर्म परिवर्तन हुआ है। वहीं दूसरी ओर कई लोग इसे बढ़ा चढ़ाकर पेश किया गया राजनीतिक मुद्दा मानते हैं। यह विवाद तब और गहरा गया जब कुछ अंतरधार्मिक विवाहों को लेकर सोशल मीडिया और राजनीतिक मंचों पर तीखी बहस छिड़ गई।

ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले भी महत्वपूर्ण हैं जिनमें यह स्पष्ट किया गया कि बालिग व्यक्ति को अपनी मर्जी से धर्म चुनने और विवाह करने का पूरा अधिकार है। इस कानूनी स्थिति के बावजूद राजनीतिक दल इस मुद्दे को अपने अपने तरीके से जनता के सामने रख रहे हैं। राहुल गांधी ने भी इस तरह की फिल्मों और कथाओं को राज्य की छवि खराब करने वाला बताया है।

केरल की सामाजिक संरचना भी इस चुनाव को खास बनाती है। यहां लगभग तीस प्रतिशत मुस्लिम आबादी है जबकि बहुसंख्यक हिंदू समाज के साथ एक मजबूत ईसाई समुदाय भी मौजूद है। खासतौर पर उत्तरी और मध्य जिलों में मुस्लिम आबादी का प्रभाव अधिक है और इन्हीं क्षेत्रों में कई सीटें निर्णायक भूमिका निभाती हैं। ऐसे में किसी भी दल के लिए संतुलन बनाना आसान नहीं है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि धर्मांतरण का मुद्दा भले ही चर्चा में हो लेकिन यह जरूरी नहीं कि यह सीधे मतदान के निर्णय को प्रभावित करे। केरल के मतदाता परंपरागत रूप से शिक्षा स्वास्थ्य और विकास जैसे मुद्दों को अधिक महत्व देते हैं। यही कारण है कि कई बार बड़े विवाद भी चुनावी परिणामों में अपेक्षित असर नहीं डाल पाते।

भारतीय जनता पार्टी इस बार राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। पार्टी का मानना है कि धार्मिक पहचान और सुरक्षा के मुद्दे पर वह मतदाताओं को आकर्षित कर सकती है। लेकिन चुनौती यह है कि केरल में अब तक भाजपा को व्यापक जनसमर्थन नहीं मिल पाया है। यहां की राजनीति लंबे समय से वाम और कांग्रेस के बीच ही घूमती रही है।

दूसरी ओर वाम मोर्चा अपनी कल्याणकारी योजनाओं के आधार पर चुनाव मैदान में है। खासकर महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं ने उसे मजबूत आधार दिया है। राज्य की लाखों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और यह वर्ग चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। 2021 के चुनाव में भी महिलाओं का झुकाव वाम मोर्चे की ओर देखा गया था। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल भी इस बार वापसी की कोशिश में हैं। वे सरकार की कथित विफलताओं और प्रशासनिक मुद्दों को उठाकर जनता को अपने पक्ष में करने की रणनीति अपना रहे हैं। हालांकि उन्हें भी यह समझना होगा कि केवल विरोध के आधार पर चुनाव जीतना आसान नहीं है। कानून व्यवस्था का मुद्दा भी चुनावी बहस का हिस्सा है। विपक्ष समय समय पर राज्य में बढ़ते अपराधों और राजनीतिक हिंसा के आरोप लगाता रहा है। वहीं सरकार इन आरोपों को खारिज करते हुए अपनी उपलब्धियों को सामने रखती है। आम जनता के लिए यह मुद्दा महत्वपूर्ण जरूर है लेकिन यह कितना असर डालेगा यह कहना कठिन है।

दलित और पिछड़े वर्गों की भूमिका भी इस चुनाव में अहम है। केरल में इन वर्गों की संख्या भले ही बहुत अधिक न हो लेकिन उनका वोट कई सीटों पर निर्णायक हो सकता है। सभी दल इन वर्गों को साधने के लिए अलग अलग योजनाएं और वादे कर रहे हैं।

जहां तक भाजपा के सत्ता में आने की संभावना का सवाल है तो यह अभी भी चुनौतीपूर्ण दिखाई देता है। पार्टी ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी उपस्थिति जरूर बढ़ाई है लेकिन उसे व्यापक जनाधार बनाने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है। केरल की राजनीतिक संस्कृति और मतदाताओं की सोच अन्य राज्यों से अलग है जहां केवल एक मुद्दे के आधार पर बड़ा बदलाव आना मुश्किल होता है।

इस चुनाव में असली मुकाबला एक बार फिर वाम मोर्चा और कांग्रेस गठबंधन के बीच ही नजर आता है। हालांकि भाजपा कुछ सीटों पर प्रभाव डाल सकती है और चुनावी समीकरण को प्रभावित कर सकती है। लेकिन पूर्ण बहुमत हासिल करना उसके लिए कठिन चुनौती बना हुआ है।

अंततः कहा जा सकता है कि केरल का चुनाव केवल धर्म या किसी एक विवाद का चुनाव नहीं है। यह राज्य की सामाजिक संरचना विकास मॉडल और राजनीतिक परंपराओं का सम्मिलित प्रतिबिंब है। मतदाता यहां भावनाओं से अधिक विवेक से निर्णय लेते हैं और यही इस राज्य की सबसे बड़ी विशेषता है। 2026 का चुनाव भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाएगा और परिणाम यह तय करेंगे कि केरल किस दिशा में आगे बढ़ेगा।

**कांतिलाल मांडोत**

# देश के आर्थिक विकास में विषमताये नई चुनौतियां

लक्ष्य के सामने बाधाएं धूमिल।

देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी।

आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी, बेरोजगारी, नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता, भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा,तब जाकर भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा।

**संजीव ठाकुर**

# रोटी से बड़ी हो गई गैस - शहर छोड़ते मजदूरों की मजबूरी

भारत में प्रवासी मजदूरों का संकट एक बार फिर सामने खड़ा है, और इस बार इसकी जड़ में केवल आर्थिक मंदी या रोजगार की कमी नहीं, बल्कि एक गहरा ऊर्जा संकट है, जिसने शहरों की चमक के पीछे छिपी कमजोरियों को उजागर कर दिया है। हाल के दिनों में देश के कई औद्योगिक शहरों विशेषकर सूरत, दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद में हजारों मजदूर अपने गांवों की ओर लौटते दिखाई दिए। यह वही वर्ग है जिसने वर्षों से भारत के औद्योगिक विकास की रीढ़ बनकर काम किया है, लेकिन संकट आते ही सबसे पहले और सबसे ज्यादा प्रभावित होता है।

इस बार संकट की शुरुआत रसोई से हुई है। एलपीजी की भारी कमी और कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि ने मजदूरों के लिए शहरों में रहना लगभग असंभव बना दिया है। कई रिपोर्टों के अनुसार छोटे सिलेंडरों की कीमत ?500 से बढ़कर ?1,100-?2,000 तक पहुंच गई, जबकि सामान्य घरेलू सिलेंडर ?3,200-?4,000 तक बिकने लगे। इतना ही नहीं, ब्लैक मार्केट में गैस ?500 प्रति किलो तक पहुंच गई, जो एक दिहाड़ी मजदूर के लिए असंभव है। ऐसे में सवाल यह नहीं रह जाता कि मजदूर क्यों जा रहे हैं, बल्कि यह बन जाता है कि वे रुकें भी तो कैसे।

सूरत, जो देश का प्रमुख टेक्सटाइल हब है, इस संकट का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है। वहां पिछले एक महीने में 1.5 लाख से अधिक मजदूर शहर छोड़ चुके हैं। यह पलायन इसलिए नहीं हुआ कि काम नहीं था, बल्कि इसलिए हुआ क्योंकि मजदूर अपने दैनिक जीवन की बुनियादी जरूरत खाना पकाने को पूरा नहीं कर पा रहे थे। यह स्थिति बताती है कि शहरी अर्थव्यवस्था कितनी हद तक अस्थायी और असुरक्षित श्रम पर निर्भर है।

इस संकट की जड़ें वैश्विक घटनाओं से भी जुड़ी हुई हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष ने ऊर्जा आपूर्ति को बाधित किया है, विशेषकर एलपीजी जैसी ईंधन आपूर्ति को, जिसका बड़ा हिस्सा भारत आयात करता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए अत्यधिक रूप से बाहरी स्रोतों पर निर्भर है, और यह निर्भरता अब संकट का कारण बन रही है। जब अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति प्रभावित होती है, तो उसका सीधा असर देश के सबसे कमजोर वर्ग पर पड़ता है। यही कारण है कि एलपीजी संकट केवल ऊर्जा संकट नहीं रह जाता, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संकट में बदल जाता है।

इसका प्रभाव केवल मजदूरों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे औद्योगिक ढांचे पर पड़ रहा है। छोटे और मध्यम उद्योग, जिन्हें एम एस एम ई कहा जाता है, इस संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। ये उद्योग उत्पादन के लिए एलपीजी पर निर्भर हैं, और जैसे ही गैस की कीमत बढ़ी या आपूर्ति बाधित हुई, उत्पादन धीमा पड़ गया। कई जगहों पर फैक्ट्रियों को सप्ताह में दो दिन बंद रखना पड़ा, और काम के घंटे कम करने पड़े। इससे न केवल उत्पादन घटा, बल्कि मजदूरों की आय भी प्रभावित हुई।

देश के विभिन्न हिस्सों से मिल रही खबरें इस संकट की व्यापकता को दर्शाती हैं। तेलंगाना में होटल और रेस्तरां उद्योग को भारी नुकसान हुआ है, जहां 50 प्रतिशत तक गैस की कमी के कारण कई इकाइयों को बंद करना पड़ा और हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए। मध्य प्रदेश में पारंपरिक खाद्य उद्योगों का उत्पादन 50 प्रतिशत तक गिर गया है, जबकि कर्नाटक और अन्य राज्यों में निर्माण कार्य रुकने लगे हैं क्योंकि मजदूरों के पास खाना बनाने की सुविधा नहीं है। यह दिखाता है कि एक ईंधन संकट कैसे पूरे आर्थिक तंत्र को प्रभावित कर सकता है। इस संकट का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि मजदूरों के पास औपचारिक एलपीजी कनेक्शन नहीं होते। अधिकांश प्रवासी मजदूर अस्थायी बस्तियों में रहते हैं, जहां उन्हें गैस कनेक्शन लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं मिल पाते। परिणामस्वरूप वे ब्लैक मार्केट पर निर्भर होते हैं, जहां कीमतें कई गुना अधिक होती हैं। यह व्यवस्था उन्हें हर संकट में सबसे कमजोर स्थिति में डाल देती है।

यदि इस स्थिति की तुलना कोविड-19 के समय से की जाए, तो कई समानताएं स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। उस समय भी अचानक लॉकडाउन और रोजगार की कमी के कारण



लाखों मजदूर शहरों से गांवों की ओर लौटे थे। आज भी स्थिति कुछ वैसी ही बनती दिख रही है, फर्क केवल इतना है कि इस बार कारण वायरस नहीं, बल्कि ईंधन और महंगाई है। लेकिन परिणाम वही है—पलायन, असुरक्षा और अनिश्चितता।

एम एस एम ई क्षेत्र, जो भारत की अर्थव्यवस्था में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देता है और निर्यात में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है, इस संकट से जूझ रहा है। यह क्षेत्र लगभग 24 करोड़ लोगों को रोजगार देता है, लेकिन इसके पास संकट से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। जब लागत बढ़ती है और मांग घटती है, तो सबसे पहले यही छोटे उद्योग प्रभावित होते हैं। यही कारण है कि हजारों इकाइयां पहले ही बंद हो चुकी हैं और लाखों नौकरियां जा चुकी हैं।

ऊर्जा संकट के साथ-साथ सप्लाई चेन में भी भारी बाधा आई है। निर्यात के लिए तैयार माल बंदरगाहों पर अटका हुआ है या समय पर नहीं पहुंच पा रहा। इससे कंपनियों को महंगे विकल्प जैसे एयर फ्रेट का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे लागत और बढ़ जाती है। दूसरी ओर, घरेलू बाजार में भी मांग में गिरावट आई है क्योंकि महंगाई के कारण उपभोक्ता खर्च कम कर रहे हैं।

सरकार की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि सरकार ने आश्वासन दिया है कि आपूर्ति सामान्य हो रही है और कुछ कदम उठाए गए हैं, जैसे कि आधार के माध्यम से मजदूरों को गैस उपलब्ध कराने की योजना, लेकिन जमीनी स्तर पर अभी भी स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है। उद्योग संगठनों का कहना है कि इस तरह के संकट के लिए पहले से तैयारी की जानी चाहिए थी, खासकर तब जब यह स्पष्ट था कि वैश्विक संघर्ष का असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ेगा।

इस पूरे संकट का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि यह केवल एक अस्थायी समस्या नहीं, बल्कि एक गहरे ढांचागत संकट का संकेत है। भारत की ऊर्जा पर बढ़ती आयात निर्भरता, कमजोर सामाजिक सुरक्षा तंत्र, और असंगठित श्रम पर अत्यधिक निर्भरता ये सभी कारक मिलकर इस स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं। जब तक इन मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक ऐसे संकट बार-बार सामने आते रहेंगे।

अंततः यह कहना गलत नहीं होगा कि प्रवासी मजदूरों का यह पलायन केवल आर्थिक घटना नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी है। यह हमें यह याद दिलाता है कि विकास केवल बड़े शहरों और उद्योगों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन लोगों तक भी पहुंचना चाहिए जो इन शहरों को चलाते हैं। जब एक मजदूर शहर छोड़ने को मजबूर होता है क्योंकि वह खाना नहीं पका सकता, तो यह केवल उसकी व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की विफलता का प्रतीक है।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दहेज हत्या मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**बलरामपुर-** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना ललिया पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने दहेज हत्या से संबंधित मामले में काफी समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी ललिया देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, उपनिरीक्षक दिग्विजय नाथ दूबे ने हमराह हेड कांस्टेबल मंजूर आलम के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए थाना ललिया पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 035/26, धारा 80(2)/85 बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त दीपक वर्मा पुत्र अमृत लाल वर्मा निवासी ग्राम रसई पुरवा, थाना ललिया, जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद उसे नियमानुसार अभिरक्षा में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोला की मासिक बैठक हुआ सम्पन्न



**गोलाबाजार गोरखपुर –** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोला की मासिक बैठक रविवार को ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण कुमार यादव की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय गोला पर सम्पन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पंचायत गोला के नव नियुक्त अध्यक्ष एडवोकेट सतीश उमर का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. बाबू जगजीवन राम की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को याद किया। बैठक में गरीब अली, चंद्रमोहन पाण्डेय, पंडित रामहरि राय , महेन्द्र नाथ मिश्रा, गणेश मिश्रा, सुभाष मिश्रा, विक्रांत साहनी संगठन सचिव, सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में फजलू रहमान, अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा, शकुंतला त्रिपाठी, हरिश्वर राय, रामकरन भारती, कृष्णमूर्ति राय, श्रीमती रीता भारती, आशा मौर्या, अशोक मिश्रा, मनोज मिश्रा, राकेश यादव, बैजनाथ निषाद, मंडल अध्यक्ष कमलेश चौहान व अजहर अली, राजेंद्र कन्नौजिया, अशोक जायसवाल, जगदीश प्रसाद समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आरोग्य मेले में 154 मरीजों का जांच कर दी गई दवा



**सिद्धार्थनगर ।** न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्कोहर में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। अप्रैल के पहले सप्ताह में बढ़ते , घटते तापमान और बदलते मौसम के कारण मेले में मरीजों की भीड़ रही । शिविर में दोपहर तीन बजे तक कुल 72 मरीजों का पंजीकरण कर उनकी जांच हुआ और निःशुल्क दवाएं दी गई। मेले में आयुष संविदा चिकित्सक डा. एस. सी. शर्मा ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ोरा कठौतिया रामनाथ में जन आरोग्य मेले में मरीजों की कुल संख्या 52 रही, डाक्टर राहुल कुमार ने चेकअप कर दवा दी। इस दौरान डॉक्टर एस.सी.शर्मा, डाक्टर राहुल कुमार, फार्मासिस्ट त्रिशुल चतुर्वेदी,धीरज राय, राजू ,मनोज आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# कुशीनगर में प्रांतीय पत्रकार सम्मेलन सम्पन्न, पत्रकारिता के मूल्यों और चुनौतियों पर गहन मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कुशीनगर।** जनपद कुशीनगर में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में प्रांतीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन रविवार को पडरौना स्थित शिवराम पैलेस परिसर में संपन्न हुआ। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ-साथ पश्चिमी चंपारण से भी बड़ी संख्या में पत्रकारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेन्द्रनाथ सिंह ने की। सम्मेलन में पत्रकारिता के मूल्यों, वर्तमान चुनौतियों और बदलते परिवेश में मीडिया की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने, पत्रकारों की सुरक्षा, अधिकारों और समस्याओं के समाधान पर भी विचार-विमर्श किया गया। आयोजन की जिम्मेदारी जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सूर्य प्रताप शाही ने अपने संबोधन में कहा कि 'जो प्रस्तुत किया जाता है, वही आम जनमानस तक पहुँचता है और लोगों में विश्वास भी उसी आधार पर बनता है। प्रस्तुति ही वह माध्यम है, जो विचारों को जनमानस तक पहुँचाकर विश्वास की नींव रखती है।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के तीन महान स्तंभों ने इसकी दिशा तय की, जिन्होंने खोज, सत्य और निष्पक्षता को अपना आधार बनाया। किसी भी समाचार को प्रकाशित करने से पहले उसकी गहराई तक जाकर सत्य को परखना और फिर निष्पक्षता के साथ उसे प्रस्तुत करना ही सच्ची पत्रकारिता है। उन्होंने नारद ऋषि का उल्लेख करते हुए उन्हें पत्रकारिता का आदि प्रवर्तक बताया और भारतीयों कि उन्होंने संवाद को प्रभावशाली ढंग से जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया। साथ ही आदि शंकराचार्य के योगदान का उल्लेख करते हुए भारतीय संस्कृति की एकता और समरसता पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में विशिष्ट रूप से सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, विजय कुमार दुबे विधायकगण मनीष जायसवाल, विवेकानंद पांडेय, मोहन वर्मा तथा विनय गोंड सहित प्रदेश भर से आए सैकड़ों पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष शैलेश उपाध्याय ने दूर-दराज से आए पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया और सम्मेलन का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया समापन हुआ।

# बलरामपुर महोत्सव: अंतिम दिन स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और कला प्रतियोगिता से गुलजार रहा कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** बलरामपुर महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन का प्रातःकालीन सत्र भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव के मंच पर स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए समां बांध दिया। पायनियर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सामूहिक नृत्य एवं 'पद्मावती झूमर' की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। वहीं सीएमएस के बच्चों ने दो अलग-अलग समूह नृत्यों के माध्यम से अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ईशावस्यम स्कूल तुलसीपुर एवं स्कॉलर्स एकेडमी की प्रस्तुतियों में आधुनिक और पारंपरिक नृत्य का सुंदर संगम देखने को मिला। एचआरए इंटर कॉलेज उतरौला के छात्रों ने एक सार्थक नाटक और नृत्य का मंचन कर सामाजिक संदेश दिया। बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज तथा सुंदरदास रामलाल इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने नृत्य-नाटिका के माध्यम से भारतीय संस्कृति के विविध रंगों को प्रस्तुत किया। विशेष आकर्षण के रूप में थारू जनजाति के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य ने क्षेत्रीय परंपराओं की जीवंत झलक पेश की।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ 'पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता' का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा खुलकर सामने आई। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में आकांक्षा पटेल (जवाहर नवोदय विद्यालय) ने प्रथम, राशिका कसौधन (फातिमा सीनियर सेकेंडरी स्कूल) ने द्वितीय तथा रोहित साहू (एमपीपीआईसी बलरामपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में कृति शुक्ला (एमएलकेडीसी बलरामपुर) ने प्रथम, अंशिका सिंह (नवोदय विद्यालय) ने द्वितीय तथा प्रतीक्षा श्रीवास्तव (बाल भारती ईका बा) ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों एवं अभिभावकों से बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

# मासूमों ने समझा खेल, जहर बन गया काल: तीन बच्चों की हालत गंभीर, अस्पताल में जिंदगी की जंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां** - गोरखपुर जिले के सहजनवां क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां खेल-खेल में तीन मासूम बच्चों ने कीटनाशक पी लिया और उनकी हालत गंभीर हो गई। यह हादसा न सिर्फ एक परिवार बल्कि पूरे इलाके के लिए चेतावनी बन गया है। घटना सहजनवां तहसील के पाली ब्लॉक अंतर्गत क़ुआबार ग्राम के कनपुरवा टोला की है। शनिवार की रात घर में रखी गेहूं में मिलाने वाली जहरीली दवा बच्चों के हाथ लग गई। अनजाने में इसे खिलौना समझकर तीन मासूमों ने पी लिया। कुछ ही देर में बच्चों की हालत बिगड़ने लगी, जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक, समरजीत निषाद के चार वर्षीय बेटे शत्रुघ्न, ढाई वर्षीय बेटी अनुराधा और एक वर्षीय सिवान ने कीटनाशक की शीशी खोलकर उसका सेवन कर लिया। जहरीला पदार्थ शरीर में पहुंचते ही बच्चों को उल्टी, बेचैनी और कमजोरी होने लगी। बच्चों की हालत बिगड़ती देख परिजन घबरा गए और तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठर्रापार ले गए।

सीएचसी पर मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर देखते हुए तीनों बच्चों को जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया गया। फिलहाल तीनों मासूमों का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। परिजन जहां सदमे में हैं, वहीं ग्रामीणों में भी चिंता और आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि घरों में इस्तेमाल होने वाले जहरीले पदार्थों को सुरक्षित रखने को लेकर जागरूकता की कमी है, जिसका खामियाजा मासूम बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि कीटनाशक जैसे खतरनाक रसायनों को हमेशा बच्चों की पहुंच से दूर और सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए। छोटी-सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। यह घटना एक गंभीर संदेश देती है कि घर में रखी हर खतरनाक चीज पर खास निगरानी जरूरी है, खासकर तब जब घर में छोटे बच्चे हों। थोड़ी सी सावधानी ही ऐसी दर्दनाक घटनाओं को रोक सकती।

# आग लगने से ढाई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख, सब्जी की खेती भी झुलसी

**●फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू, मुआवजे की आस में टिकी किसानों की नजरें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगरनाथपुर टोला भरिया में रविवार को अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में भीषण आग लग गई। आग लगने से ग्राम पंचायत जारा निवासी किसान विजय उर्फ पप्पू शुक्ला की लगभग ढाई एकड़ तैयार फसल जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि देखते ही देखते पड़ोसी ग्राम पंचायत परसासुमाली के टोला बसंतपुर तक दस्तक दे दी, जहां महाजन और शोतिल गौड़ की सब्जी की खेती भी इसकी तपिश की चपेट में आ गई और खड़ी फसल के पौधे पूरी तरह मुरझा गए। आगजनी की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। वहीं फायर ब्रिगेड व स्थानीय लोगों के मदद से आग पर काबू पाया गया। फसल की भारी बर्बादी देख किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और वे अपनी लागत को लेकर बेहद चिंतित हैं। मामले की जानकारी मिलते ही राजस्व विभाग के हल्का लेखपाल मंजूर अली ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित करते हुए पीड़ित किसानों को शासन की ओर से हर संभव मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया।

# दरोगाओं ने चलाई कुल्हाड़ी: 1.5 घंटे में खुला जाम, आंधी-बारिश के बाद सड़क पर गिरा था पेड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर में शनिवार को आई तेज आंधी और बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में पेड़ और बिजली के पोल गिरने से हालात बिगड़ गए। जगह-जगह जाम लग गया और वाहन घंटों फंसे रहे। इसी दौरान सिविल लाइंस स्थित केस्को एमडी के बंगले वाली रोड पर एक बड़ा पेड़ सड़क के बीचोंबीच गिर गया, जिससे लंबा जाम लग गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे दो दरोगाओं–धर्मेंद्र सिंह और कौशेन्द्र सिंह–ने स्थिति को संभालने के लिए खुद ही मोर्चा संभाल लिया। नगर निगम की टीम का इंतजार करने के बजाय उन्होंने कुल्हाड़ी उठाई और सड़क पर गिरे पेड़ को काटना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि पास स्थित भैरव घाट श्मशान घाट से कुल्हाड़ी मंगवाई गई थी। करीब आधे घंटे की मेहनत के बाद पेड़ को काटकर हटाया गया, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य होने लगा। शनिवार रात का यह वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों दरोगा कुल्हाड़ी से पेड़ काटते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनकी इस पहल से करीब 1.5 घंटे में जाम खुल सका और लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शहर में कई स्थानों पर पेड़ गिरने की सूचना मिली थी और लगातार बारिश के कारण स्थिति और गंभीर हो गई थी।

# रात में आई आंधी से गिरे दो बिजली पोल, विद्युतआपूर्ति बाधित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर –** गोला विद्युत उप केंद्र क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर-हटवा दूबे पूरा मार्ग पर शनिवार देर रात आई तेज आंधी के चलते दो बिजली के जर्जर पोल गिर गए। पोल सड़क पर गिरने से जहां विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, वहीं कुछ समय के लिए आवागमन भी पूरी तरह ठप हो गया। संयोगवश घटना के समय सड़क पर कोई राहगीर नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। प्राप्त विवरण के अनुसार, उक्त मार्ग पर लगे दोनों बिजली के पोल काफी समय से जर्जर अवस्था में थे। इसको लेकर कई बार ग्रामीणों द्वारा संबंधित जेई से शिकायत कर पोल बदलने की मांग की गई थी।, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई। आखिरकार शनिवार की रात आई तेज आंधी में दोनों पोल धराशायी हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को दिया। समाचार लिखे जाने तक गिरे हुए पोल के स्थान पर नए पोल नहीं लगाए गए थे, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। उधर, आंधी के चलते क्षेत्र के कई हिस्सों में पूरे दिन विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस संबंध में जेई सत्येंद्र ने बताया कि सड़क से गिरे हुए दोनों पोल हटाकर आवागमन सुचारु रूप से शुरू करा दिया गया है। नए पोल लगाने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सके।

### शिव भक्त श्रृंगवेरपुर के राजा गुह्यराज निषाद की जयंती कार्यक्रम हुआ संपन्न

**खजनी गोरखपुर-** नगर पंचायत उनवल में प्रभु श्री राम के बाल सखा, श्रृंगवेरपुर के महाराज गुहाराज निषाद की जयंती बड़े धूम धाम से मनाई गई तथा निषाद राज गुह्य के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प।रति अगाध आस्था और श्रद्धा, विश्वास एवं समर्पण तथा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए मनोज साहनी ने कहा कि निषाद राज ने अपनी भक्ति से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का साक्षात दर्शन कर अपने तथा अपने परिवार और समाज को धन्य कर अनपायनी भक्ति प्राप्त की थी हम सबको भी उनके विचारों को अपने दैनिक जीवन उतारना चाहिए तभी निषाद राज गुह्य का जयंती सफल होगा। उक्त अवसर पर मनोज कुमार साहनी अरविंद मौर्य, प्रेम नारायण साहनी, कैलाश निषाद, दिनानाथ साहनी, राज मंगल निषाद,धर्मेंद्र मौर्य, सदानंद साहनी राम रूप साहनी, सुनील निषाद, आदि लोग ने निषाद राज गुह्य के चित्र पर माल्यार्पण तथा धूप दीप प्रज्ज्वलित कर उनका पूजन अर्चन किया।

# मुसहर बस्तियों में स्वच्छता योजना पर बड़ा आरोप: 'ODF प्लस में घोर धांधली, स्वास्थ्य सेवाएं भी बदहाल' - पप्पू पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** जिले के पडरौना ब्लॉक अंतर्गत फकीरहवां में रविवार को आयोजित एक जागरूकता गोष्ठी में वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय ने स्वच्छता और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं पप्पू पाण्डेय ने की, जबकि संचालन विशुनपुरा मंडल मंत्री मनोज कुमार गोंड ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए पप्पू पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2014 के बाद शुरू किया गया स्वच्छ भारत मिशन देशव्यापी स्वच्छता के लिए एक महत्वपूर्ण पहल थी, लेकिन पंचायती राज विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और कथित भ्रष्टाचार के चलते यह योजना जमीनी स्तर पर प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुसहर बाहुल्य गांवों में ODF प्लस योजना के तहत शौचालय मरम्मत के नाम पर बिना कार्य कराए ही धन का बंदरबांट किया गया है। उन्होंने कहा कि इन गांवों की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है और योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

**स्वास्थ्य सेवाओं पर भी सवाल**

पप्पू पाण्डेय ने जिले के CHC और PHC केंद्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रसव के लिए आने वाली गरीब महिलाओं के साथ स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार किया जा रहा है। साथ ही आरोप लगाया कि कई स्थानों पर डॉक्टर रात्रि निवास नहीं करते, जिससे आपातकालीन सेवाएं प्रभावित होती हैं।

उन्होंने इसे सरकार की छवि खराब करने वाली लापरवाही बताते हुए कहा कि इस तरह की उदासीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कार्यक्रम में मौजूद रहे लोग**

इस दौरान मोहन मुसहर, हरी मुसहर, रामकली देवी, कृष्णा मुसहर, देवेंद्र मुसहर, कैलाशी देवी, शंकर मुसहर, उदाशी मुसहर, मीना देवी, शकुंतला देवी, बृजबिहारी, नौरंग मुसहर, उमेश मुसहर, सुदामा मुसहर सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे। गोष्ठी में उठाए गए मुद्दों ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के क्रियान्वयन और स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बाबू जगजीवन राम और निषादराज गुहा की जयंती पर जोरदार श्रद्धांजलि, कांग्रेस ने किया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर-** जिला कांग्रेस कमेटी गोरखपुर के कार्यालय पर रविवार को जिलाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं पूर्व उप-प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी तथा रामभक्त निषादराज गुहा की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया।

जिलाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि बाबू जगजीवन राम जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष में बिताया। उन्होंने देश की राजनीति में सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों को मजबूती प्रदान की। उनका जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय प्रेरणा स्रोत है। आज जब समाज में विभाजन और असमानता बढ़ाने की कोशिशें हो रही हैं, तब बाबू जी के विचार और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। कांग्रेस पार्टी उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और अधिकार पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने आगे कहा कि बाबू जगजीवन राम जी केवल एक नेता नहीं, बल्कि करोड़ों वंचितों के विश्वास, संघर्ष और आत्मसम्मान के जीवंत प्रतीक थे। उनका अमूल्य योगदान देश और समाज को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

निषादराज गुहा को याद करते हुए कांग्रेसजनों ने उनकी रामभक्ति, सच्ची मित्रता और सेवा भाव को विशेष रूप से सराहा। कार्यक्रम में प्रमोद नायक, सतेंद्र निषाद, श्रीश उपाध्याय, खजनी बार एसोसिएशन अध्यक्ष सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, उत्कर्ष पाण्डेय, संतोष उपाध्याय, पानमती शर्मा, राजेश निषाद, पूनम पाण्डेय, जय नारायण शुक्ल, रामनगीना साहनी, रामसमुझ सावरा, इंदु भूषण शुक्ल, एडवोकेट प्रदीप पटेल, शिवम् सिंह सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं की भारी संख्या में उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय और समानता के संकल्प को मजबूत करने वाला रहा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे बाबू जगजीवन राम जी के आदर्शों पर चलते हुए हर वर्ग तक न्याय पहुंचाने का कार्य जारी रखेंगे।

# नगर पंचायत संग्रामपुर (उनवल) में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न, जनप्रतिनिधियों का हुआ भव्य स्वागत

**●नगर पंचायत उनवल का विकास अमेठी और रायबरेली की तर्ज पर होगा।( प्रदीप कुमार शुक्ल विधायक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी गोरखपुर।** नगर पंचायत कस्बा संग्रामपुर, उनवल में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नव-नामित सभासद अभिमन्यु तिवारी, श्री लालबाबू साहनी एवं शिवकुमार शाह ने विधिवत शपथ ग्रहण कर अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि मोदी व योगी के कार्यकाल में समूचे देश में विकास की आंधी आई है । वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सहजंनवा के विधायक श्री प्रदीप शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि यदि रोगी जी और मोदी जी का आशीर्वाद रहा तो नगर पंचायत उनवल का विकास अमेठी और रायबरेली के तर्ज पर करके दिखा दूंगा और नगर पंचायत उनवल में विकास कार्य की सुनामी आई हुई है सर्वाधिक विकास का कार्य यहां हो रहा है, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री छठेलाल निगम तथा निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्री युधिष्ठिर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समारोह के दौरान भाजपा जिला इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों का उनवल की पावन धरती पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन उनवल मंडल के मंडल अध्यक्ष श्री इंद्र कुमार निगम ने किया। इस अवसर पर सभासद सर्वेश लाल यादव, अरविंद कुमार, राजन पासवान, श्री प्रकाश गुप्ता, दिनेश शर्मा, मिथिलेश यादव, यशवंत सनी, मनोज यादव, योगेंद्र साहनी, अज्जू खान, योगेश वर्मा, पिंकू एवं विनोद यादव, प्रभुनाथ यादव, मण्डल पदाधिकारी राणा प्रताप सिंह, विजय तिवारी, शशि शेखर सिंह, सुमित सिंह, गब्बू मद्धेशिया, संजय विश्वकर्मा, विनय त्रिपाठी, सोनू शर्मा, राजकुमार गुप्ता, ब्यास मुनि पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं शपथ लेने वाले सभासदों को उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी गई । अंत में नगर पंचायत उनवल के चेयरमैन एडवोकेट महेश कुमार दूबे ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि योगी जी एवं विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल के अविस्मरणीय सहयोग से यह नगर पंचायत उत्तरोत्तर विकास के पथ पर अग्रसर है विकास की गंगा दरवाजे दरवाजे पर हिलोरें ले रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव की धूम, नन्हें - मुन्नों ने मचाया धमाल




**बरेली।** उच्च प्राथमिक विद्यालय मंडनपुर, विकास क्षेत्र- मीरगंज, में शनिवार को वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुभारंभ एसएमसी अध्यक्ष ओम प्रकाश, ग्राम प्रधान रिजवान अहमद, कोटेदार घनश्याम मौर्य, परमानंद राजपूत ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। वार्षिकोत्सव में छात्र -छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता, डांस, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ नाटिका, मिशन शक्ति अभियान नाटिका को प्रस्तुत कर समा बांध दिया। छात्र-छात्राओं को प्रगति- पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आठवीं के विद्यार्थियों को विदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । नवीन शैक्षिक सत्र 2026- 27 के लिए कक्षा 6 के नवीन नामांकित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, फूल माला पहनाकर एवं उपहार देकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर बच्चों को निशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण भी किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका प्रतिश्रुति ने अभिभावकों, एसएमसी के पदाधिकारियों एवं जन समुदायों को अधिक से अधिक विद्यालय में नामांकन कराने एवं शत् प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने के लिए जागरुक एवं प्रोत्साहित किया कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉक्टर भोले राम प्रजापति ने किया।विनीता कुमारी सहित तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

### सात दिवसीय शिव पार्वती मंदिर से निकाली कलश यात्रा



**बरेली।** सात दिवसीय शिवपार्वती अध्यात्म सेवा ट्रस्ट द्वारा रविवार से श्री गणेश महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन का शुभारंभ खंडेलवाल कालेज के एम.डी डॉ विनय खण्डेलवाल ने किया। 101 कलश धारक महिलाओं ने डिफेंस कालोनी का भ्रमण कर महापुराण कथा को सफल बनाने और क्षेत्र में हो रहे अध्यात्म ज्ञान यज्ञ में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने प्रेरित किया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्त गण और क्षेत्रवासी कलश यात्रा में शामिल हुए और नाचते-गाते भजन कर क्षेत्र में आस्था का महौल बना रहा कमेटी के संस्थापक इंद्रभान सक्सेना ने बताया कि हमारी संस्था प्रत्येक वर्ष कथा ज्ञान यज्ञ का श्रवण क्षेत्रवासियों को कराती है। इस बार भारत के प्रमुख कथा व्यास पूज्य उमेश चन्द्र शास्त्री महाराज मुखारविंद संगीतम मय कथा सुनने का सौभाग्य मिला है। रोजाना दोपहर तीन बजे से सायं सात बजे तक कथा सुनाई जाएंगी। इस मौक पर संस्थापक इंद्रभान सक्सेना,डॉ विनय खण्डेलवाल, डॉ मृदुल चौहान,विनोद अग्रवाल, सीमा संमलेना, चंद्रकली सक्सेना संध्या, शशि कश्यप, लताशी, ज्योति सक्सेना, निर्मला सक्सेना, राजेश्वरी आदि भक्तगण मौजूद रहे।

### मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज



**तिलहर- शाहजहांपुर।** पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध बहुत मुकदमा दर्ज किया है। थाना अंतर्गत ग्राम हरनोखा निवासी ज्योति सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पति सर्वेश सिंह 2 अप्रैल की रात करीब 10 बजे किसी कार्य से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के ही विनीश, रजनीश, संजीव और अनीश ने पुरानी रंजिश के चलते उन्हें रास्ते में घेर लिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-घूंसे से मारपीट कर दी। पीड़ित किसी तरह जान बचाकर मौके से निकले और डायल 112 पर सूचना दी। आरोपियों ने जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक मोहित कुमार को सौंपी गई है।

# करोड़ों के 'आवास घोटाले' में बड़ा खुलासा: महेश और मनोज की 'कॉल डिटेल्स' उगलेंगी सफेदपोशों के नाम!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर-खीरी।** डूडा में व्याप्त भ्रष्टाचार का 'मायाजाल' अब पूरी तरह से बेनकाब होने की कगार पर है। कथित वसूली एजेंट महेश कुमार श्रीवास्तव और उसके दलाल मनोज शुक्ला के गठजोड़ की खबर छपने के बाद विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों के अनुसार, अब जांच की आंच उन 'बड़े चेहरों' तक पहुँचने वाली है, जिनके संरक्षण में यह पूरा सिंडिकेट फल-फूल रहा था।

**जांच के घेरे में 'त्रिगुट' का नेटवर्क–** ताजा जानकारी के मुताबिक, सी एल.टी.सी मधुकर तिवारी की भूमिका की जांच के साथ-साथ अब महेश और मनोज के मोबाइल संपर्कों को खंगाला जा रहा है। चर्चा है कि इन दोनों के फोन में लखीमपुर और खीरी नगर पंचायत के कुछ ऐसे अधिकारियों के नंबर मिले हैं, जिनसे इनकी दिन में कई बार बात होती थी।

**बड़ा सवाल:–** एक प्राइवेट एजेंट के घर से सरकारी योजना की फाइलें कैसे संचालित हो रही थीं? क्या विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने जानबूझकर अपनी आँखें मूंद रखी थीं?

'जियो-टैगिंग' के नाम पर वसूली का खेल- पीड़ित लाभार्थियों ने हिम्मत जुटाकर अब सामने आना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि मनोज शुक्ला लाभार्थियों को 'जियो-टैगिंग' में फेल करने या फाइल रोकने की धमकी देकर 20,000 से 50,000 रुपये तक की मांग करता था। जो पैसा नहीं देते, उन्हें 'अपात्र' घोषित कर दिया जाता था। इस अवैध वसूली का एक बड़ा हिस्सा 'ऊपर' तक पहुँचने की बात भी सामने आ रही है।

**बैंक खातों की जांच से मचेगा हड़कंप- सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि:**

महेश कुमार श्रीवास्तव और मनोज शुक्ला के पिछले दो वर्षों के बैंक स्टेटमेंट सार्वजनिक किए जाएं।

इनके द्वारा अर्जित की गई बेनामी संपत्तियों की जांच विजिलेंस टीम से कराई जाए।

आवास योजना के उन सभी फाइलों का ऑडिट हो, जिन्हें इन दलालों ने 'पास' करवाया है।

**अंतिम चेतावनी:** अभी कई नाम बाकी हैं.. प्रशासनिक गलियारों में इस बात की प्रबल चर्चा है कि यदि निष्पक्ष जांच हुई, तो कई 'सफेदपोश' नेता और रसूखदार अधिकारी सलाखों के पीछे होंगे। समाचार पत्र के पास उन सभी लोगों की सूची तैयार है जो इस भ्रष्टाचार की चेन का हिस्सा हैं। अगली कड़ी में, हम उन अधिकारियों के नामों का खुलासा करेंगे जिन्होंने नियम ताक पर रखकर इन दलालों को खुली छूट दी।

**कार्यवाही की मांग तेज:** स्थानीय जनता अब जिले की ईमानदार और तेज तर्रार जिलाधिकारी से इस मामले में तत्काल एफआईआर (FIR) दर्ज कराने और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग कर रही है। देखना अब यह है कि जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल मामले पर क्या रुख अपनाती है।

## अतिरिक्त कक्ष निर्माण में मानकों की उड़ाई जा रहीं धज्जियाँ

**दोयम दर्जे की ईट एवं चुनाई सामग्री लगवा कर गुणवत्ता विहीन निर्माण कराए जाने के ग्रामीणों ने लगाए प्रधानाध्यापक पर गंभीर आरोप**

लखीमपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय पालहनापुर में करवाए जा रहे अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण में गुणवत्ता विहीन मानक विपरीत सामग्री लगवा कर निर्माण कर कार्य कराए जाने के आरोप ग्रामीणों ने लगाए हैं ग्रामीणों का आरोप है जब एस्टीमेट में प्रथम श्रेणी एटा व अन्य सामग्री दर्शाई गई है तो फिर कक्ष निर्माण में दोयम दर्जे की ईट का प्रयोग किस सक्षम अधिकारी के द्वारा कराया जा रहा है?- यदि इस इमारत के करा ली जाए जांच तो कई खामियां आएगी नजर और निर्माण कार्य में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार का होगा खुलासा। दोयम दर्जे की ईट के मामले में प्रधानाध्यापक त्रिभुवन ने बताया दोमऔर पीला ईटा सभी विद्यालयों में लगवाई जाती है यह केवल मैं ही नहीं कर रहा हूं यह सभी जगह चलता है। अब देखना यह है कि उपरोक्त मामले पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी व जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल क्या एक्शन लेती हैं ? मामले की जांच टीम गठित कर कराई जाती है निष्पक्ष जांच या फिर यूं ही मामले को रफा-दफा कर दिया जाएगा।

# राजश्री कालेज के गृहविज्ञान विभाग में वार्षिक समारोह 'आरंभ




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली**/रिठौरा।राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी के गृहविज्ञान विभाग में वार्षिक फूड फेस्ट कार्यक्रम आरंभ आयोजित किया गया। इस समारोह में फूड फेस्ट के अंतर्गत विभिन्न परम्परागत एवं आधुनिक खाद्य व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। रीजनल एम्ब्राइडरी आधारित विभिन्न परिधानों, काष्ठ-कला आधारित दैनिक उपयोग की वस्तुओं का प्रदर्शन करते हुए ,गृहविज्ञान विभाग की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को रूबरू कराया।

समारोह में मुख्य अतिथि संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं सचिव राकेश कुमार अग्रवाल ने प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए अपने अनुभव साझा किए ।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बेहतर स्वास्थ्य के लिए पाक-कला में स्वच्छता, गृह सज्जा में प्रवीणता से सम्बन्धित महत्व को समझाते हुए संपूर्ण टिप्स दिये साथ ही छात्राओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित किया। फूड फेस्ट में अंशरा परवेज, संजना, वर्षा, भावना को छोले-भटूरे बेस्ट फूड स्टाल के लिये, बेस्ट स्टाल डेकोरेशन नेहा शर्मा एण्ड ग्रुप को प्रथम स्थान से नवाजा गया। बॉटल आर्ट कम्पटीशन में किंजा को, फैशन फिगर डिजाइनिंग में सिमरन को विजेता घोषित किया गया।

# बोरिंग घोटाले की जांच की मांग, आखिर कब होगी दोषियों पर कार्रवाई

**● बड़ी मशीन के बजाय ट्रैक्टर-ट्रॉली पर छोटी मशीन से कर दी गई बोरिंग**


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** लघु सिंचाई विभाग में मध्यम गहरी व गहरी बोरिंग में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है, जिस पर किसानों ने आवाज उठाई है। किसानों का आरोप है कि जिस फर्म हर्षित इंटरप्राइजेज ने बड़ी मशीन (ट्रक पर) दिखाकर टेंडर पास कराया था, उसने इसके विपरीत छोटी या लोकल मशीनों से बोरिंग कराई। कुछ किसानों ने बताया कि कई स्थानों पर बोरिंग खुद किसानों से ही कराई गई, जबकि कुछ जगहों पर बोरिंग निर्धारित गहराई से कम की गई। किसानों का कहना है कि बड़ी मशीन के बजाय ट्रैक्टर-ट्रॉली पर छोटी मशीन से बोरिंग की गई, जिससे पानी की मात्रा कम मिल रही है।

किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में मशीनों के खेल के जरिए जीएसटी की चोरी की गई और बोरिंग की गहराई भी कम रखी गई। इस संबंध में कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद विभाग के जेई और सहायक अभियंता ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इससे किसानों में यह आशंका है कि अधिकारियों और ठेकेदार के बीच मिलीभगत है, जिसके तहत कम बोरिंग करके अधिक भुगतान लिया जा रहा है।

मामले की जानकारी लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को होने पर उन्होंने तत्काल विकासखंड मितौली का निरीक्षण किया, जिसमें कई कमियां पाई गईं। अधिशासी अभियंता द्वारा जल्द ही जेई और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। लखीमपुर ब्लॉक के रामपुर गोकुल गांव में जांच के दौरान 200 फीट के स्थान पर केवल 150 फीट बोरिंग पाई गई, साथ ही किसान के पास अतिरिक्त पाइप भी बरामद हुआ। बेहजम ब्लॉक में 28 मार्च को हुई जांच में भी कम गहराई की बोरिंग और छोटी मशीनों के उपयोग का मामला सामने आया। इससे पहले मितौली ब्लॉक में भी निरीक्षण के दौरान कई बोरिंग में अनियमितताएं पाई गई थीं।

## बाल विकास पुष्टाहार वितरण में धांधली का मामला उजागर




**लखीमपुर खीरी** के विकास खण्ड नकहा क्षेत्र में बाल विकास पुष्टाहार वितरण में आंगनवाड़ी के द्वारा पुष्टा आहार वितरण में धांधली का मामला उजागर हुआ है। सीडीपीओ की घोर लापरवाही से नकहा क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकरती मनमानी तरीके से पुष्टा आहार वितरण करती हैं।नकहा क्षेत्र में बहुत से आंगनबाड़ी केंद्रों पर भोजन सिर्फ कागजों पर बनता है, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाल विकास पुष्टाहार को बढ़ावा देते हैं। लेकिन नकहा सीडीपीओ अपने क्षेत्र में जमकर लूट कर रही हैं।नकहा क्षेत्र के अनेक ग्राम पंचायतें हैं, जिसमें मासूम बच्चों का हक छीना जा रहा है, लेकिन ब्लाक के उच्च अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। जिसका बहुत जल्द ग्राम पंचायतों का नाम सहित खुलासा किया जाएगा और जिले के उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

# काग़ज़ों पर खेल मैदान बनाकर लाखों का गोलमाल-आरोप

**● पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहलनापुर का मामला बना क्षेत्र में चर्चा का विषय**

**● ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत होने के आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड विजुआ की ग्राम पंचायत पहलानापुर का है जहां पर खंड विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान सहित पंचायत सचिव की मिली भगत से ग्राम पंचायत के विकास को आने वाले सरकारी धन का कागजों पर काम दिखाकर बंदर बांट कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पहलनापुर में कई चकमार्गो का कार्य कराए बगैर ही कागजों पर निर्माण कार्य दिखा कर भुगतान निकाला गया है।जबकि हकीकत की धरातल पर कहीं काम नहीं करवाया गया।मामले की लिखित शिकायत गाव के जिम्मेदार व्यक्तियों द्वारा की गयी लेकिन प मिल रहे हिस्से के चलते खंड विकास अधिकारी विजुआ द्वारा शिकायतकर्ता को ही डाट डपट कर भगा दिया गया और मामले को रफा-दफा कर दिया गया। आज तक मामले की जांच करना उचित नहीं समझ गया। ताजा मामला पूर्व माध्यमिक विद्यालय पलहनापुर का है




जहां पर आज तक खेल मैदान का विकास कराया ही नहीं गया और खेल मैदान के विकास व निर्माण के नाम पर लाखों का बजट निकाल कर हजम कर लिए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में प्रधानाध्यापक त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि यह सब ग्राम प्रधान के द्वारा कराया जाता है मैं क्या कह सकता हूं अब निर्माण नहीं कराया गया तो मैं क्या कर सकता हूं। एक तरफ जहां जिले की तेजतर्रार जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल विद्यालय में खेल मैदान विकसित करने पर खासा जोर दिए हैं वहीं ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पालहनापुर जिला अधिकारी के आदेशों को ताक पर रखकर खेल मैदान का कागजों पर निर्माण कार्य दिखाकर लाखों का बजट बंदर बांट कर हजम कर गए है। हकीकत की जमीन पर कहीं पर भी खेल मैदान का निर्माण नहीं कराया गया है यदि मामले की कराई जाए उच्च स्तरीय जांच अथवा स्वयं जिला अधिकारी खीरी कर ले जांच तो भ्रष्टाचार का खुलासा तो होगा ही साथ ही साथ विद्यालय में बने खेल मैदान और बनवाई जा रहे अधो मानक मानक विपरीत अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण की भी पोल खुल कर आएगी सामने।

इस सम्बंध में प्रधानाध्यापक त्रिभुवन ने बताया कि खेल मैदान का निर्माण प्रधान द्वारा कराया जाता है उनके द्वारा नहीं कराया गया तो हम क्या कर सकते हैं।कक्षा कक्ष के निर्माण में सभी जगह दोम ईट का प्रयोग किया जाता है अकेले हम ही नहीं कर रहे हैं।

# मोहम्मदी में प्रशासन की नाक के नीचे अवैध खनन का 'तांडव', रॉयल्टी के नाम पर हो रही खुली लूट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी):** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले की मोहम्मदी तहसील इन दिनों अवैध खनन और मिट्टी के काले कारोबार का मुख्य केंद्र बन गई है। हैरत की बात यह है कि यह पूरा खेल 'रॉयल्टी' के नाम पर खेला जा रहा है, और उससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि मिट्टी से लदी दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रालियां रोजाना उपजिलाधिकारी और तहसीलदार जैसे जिम्मेदार अधिकारियों के आवास के सामने से सीना तानकर गुजर रही हैं, लेकिन जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं।

**अधिकारियों के आवास के सामने से गुजरता अवैध कारोबार–** स्थानीय लोगों का आरोप है कि मोहम्मदी नगर और तहसील क्षेत्र में अवैध खनन ने विकराल रूप ले लिया है। मिट्टी माफिया इतने बेखौफ हैं कि उन्हें कानून का जरा भी डर नहीं है। जिन रास्तों पर अधिकारियों के बंगले हैं और जहाँ से तहसील प्रशासन की गाड़ियां गुजरती हैं, उन्हीं रास्तों पर दिन-रात मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियों की कतारें देखी जा सकती हैं। शहर के बीचों-बीच चल रहे इस अवैध खेल ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

**रॉयल्टी के नाम पर फर्जीवाड़ा–** सूत्रों की मानें तो इस अवैध धंधे को 'रॉयल्टी' की आड़ में छिपाया जा रहा है। माफिया किसी एक वैध पट्टे या अनुमति की आड़ में क्षेत्र के दर्जनों स्थानों से मिट्टी का उठाव कर रहे हैं। मोहम्मदी के विभिन्न इलाकों में हो रही प्लाटों की अवैध पटाई इस समय जोरों पर है। नए बन रहे कॉलोनियों और निजी प्लाटों में धड़ल्ले से मिट्टी डाली



जा रही है, जिसके लिए न तो कोई अनुमति ली गई है और न ही सरकार को नियमानुसार राजस्व दिया जा रहा है।

**पर्यावरण और राजस्व को भारी चपत**
अवैध खनन के इस कारोबार से जहाँ एक ओर सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का चूना लग रहा है, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुँच रहा है। मानकों को ताक पर रखकर की जा रही खुदाई से भू-गर्भ जल स्तर और जमीन की उर्वरता पर बुरा असर पड़ रहा है। इसके अलावा, तेज रफ्तार से दौड़ती ये ट्रैक्टर-ट्रालियां शहर की सड़कों को क्षतिग्रस्त कर रही हैं और आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं। 'क्या प्रशासन की मिलीभगत है?' स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब आम आदमी एक ट्राली मिट्टी भी अपने घर के लिए लाता है, तो पुलिस और प्रशासन सक्रिय हो जाते हैं। लेकिन जब माफिया सैकड़ों ट्रालियों से अवैध पटाई कर रहे हैं, तो अधिकारियों को उनके घर के सामने से गुजरते ये वाहन दिखाई क्यों नहीं दे रहे?

**जनता में भारी आक्रोश–** मोहम्मदी की जनता में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि रसूखदार माफियाओं के सामने प्रशासन नतमस्तक है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस अवैध खनन पर लगाम नहीं लगाई गई, तो वे उच्चाधिकारियों और मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत करेंगे।

**निष्कर्ष–** फिलहाल मोहम्मदी में अवैध खनन का यह सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अब देखना यह है कि क्या जिला प्रशासन और खनन विभाग इस मामले में संज्ञान लेकर भू-माफियाओं और खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई करता है, या फिर अधिकारियों के आवास के सामने से इसी तरह 'अवैध मिट्टी' का काफिला निकलता रहेगा।

# 111 किलो लड्डू से तौलकर भा.ज.पा. जिला अध्यक्ष का स्वागत

**● ढोल नगाड़ों के बीच शानदार पुष्प वर्षा कर भाजपा नेता ने अपनी पूरी टीम के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष के प्रथम पलिया आगमन पर किया ऐतिहासिक स्वागत**

**हमेशा कुछ नई परंपरा की शुरुआत करने वाले भाजपा नेता रवि गुप्ता ने एक नई परंपरा की फिर की शुरुआत!**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पलिया कलां खीरी** भारतीय जनता पार्टी जनपद लखीमपुर खीरी के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता जी के पलिया विधानसभा प्रथम आगमन पर वरिष्ठ भाजपा नेता रवि गुप्ता ने अपनी पूरी टीम के साथ पलिया शहर के मेला गेट पर सैकड़ों लोगों के हुजूम के बीच कांटे पर जिला अध्यक्ष को बैठाकर 111 किलो लड्डू से तौलकर पगड़ी पहनाकर भयंकर पुष्प वर्षा कर ढोल नगाड़ों से बहुत ही शानदार और ऐतिहासिक स्वागत किया।लोगों में चर्चा है कि जिला अध्यक्ष जी का लखीमपुर जनपद का सबसे शानदार स्वागत भाजपा नेता रवि गुप्ता द्वारा पलिया में अपनी पूरी टीम के साथ किया गया।स्वागत कार्यक्रम में पलिया विधानसभा एवं लखीमपुर जनपद से आए हुए तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों के साथ ही शहर व क्षेत्र के नामी गिरामी लोग मौजूद रहे।स्वागत कार्यक्रम के बाद पूरा जनसमूह प्राचीन हनुमान मठिया मंदिर द्वारा आयोजित कन्याओं के विवाह में शामिल हुआ जहां पर सभी ने वर वधु को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# पुलिस ने चेकिंग के दौरान पिकअप रोकी तो हुआ घटना खुलासा तमंचा सहित पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली**/क्यों लड़िया पुलिस ने अभियान के तहत चेकिंग की जा रही थी जिसके तहत क्यों लड़िया धीमरी मार्ग पर एक पिकअप को प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने रोककर चालक की तलाशी ली तो उसे पर 315 बोर तमंचा कारतूस बरामद हुए पुलिस ने शक्ति से पूछताछ की तो उसने अपना नाम आकिर पुत्र साकिर निवासी करामतपुर चौधरी थाना इज्जत नगर बताया गया इसने स्वीकार किया। यह चोरी का कार्य करता है इसके साथ शाहिद पुत्र करामात शमशाद पुत्र अज्ञात यह लोग टावरों से बैटरी चुराने का कार्य करते हैं जिसके तहत इन्होंने सीमेंट की एट बनाने वाली फैक्ट्री भीतरी चैनपुर से दो बैटरी चोरी की जिन्हें यह किराए पर उठाने का कार्य करते हैं इसी क्रम में मेथी नवादिया में भी दो टावर चोरी की गई पुलिस द्वारा जामा तलाशी लेने।

एवं पूछताछ पर पूरी घटना का खुलासा हुआ पुलिस द्वारा तमंचा रखना एवं चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में दर्ज मुकदमे के अनुसार आकिर पुत्र साकिर को पुलिस ने अवैध तमंचे एवं बैटरी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है इसे पकड़ने में टीम प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उप निरीक्षक अरिमर्दन सिंह हेड कांस्टेबल नवीन कुमार सुमित यादव



संजीव कुमार आदि पुलिस बल ने बड़ी सतर्कता के साथ इस पिकअप को रोका गया था जिसके तहत इस घटना का खुलासा हो सका है पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# ... वो चल दिए हैं रूठ के उनको मनाए कौन

**● बज़्म फ़रोगे अदब का 20वां मुशायरा आयोजित**

**पूर्व संसद/गृह राज्य मंत्री यूपी जफर अली नकवी ने की सदारत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** बज़्म फ़रोगे अदब की जानिब से हर महीने होने वाले तरही मुशायरे की फेहरिस्त में 20वां मुशायरा काफी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। मुशायरे की सदारत पूर्व संसद/गृह राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश जफर अली नकवी ने की और मेहमाने खुसूसी के तौर पर बुजुर्ग शायर मस्त हफीज़ रहमानी ने शिरकत की।

इस मौके पर अपने सदारती खिताब में पूर्व सांसद जफर अली नकवी ने एक शेर के जरिए अपनी बात का आगाज करते हुए कहा- 'महफिल तेरी साकी तेरा,आंखे मेरी बाकी तेरा' उन्होंने कहा साहित्यकारों ने हर दौर में समाज को और सत्ता में बैठे लोगों को आईना दिखाने का काम किया है यही वह जमात है जो निडर होकर हुकूमत से आंखों में आंखें मिलाकर बात करती है, और जरूर इस बात की है कि युवा पौध समाज के बेहतरीन के लिए अपना कलम उठाए और समाज को नहीं दिशा दें।

मेहमान खुसूसी मस्त हफीज़ रहमानी ने कहा बज़्म फ़रोगे अदब के कंधे से कंधा मिलाकर बज़्म उर्दू सीतापुर खड़ी है। उन्होंने अपने इस कलाम से लोगों को सलाह देते हुए कहा- यूं ही जलोगे तो जल जाएगा बदन सरा,चराग़ बन के जलोगे तो रौशनी होगी' बज़्म फ़रोगे अदब के सदर आमिर रज़ा पम्मी ने कहा कि कस्बा खीरी हमेशा अदब का दयार रहा है और बज़्म फ़रोगे अदब पिछले 50 सालों से इस कस्बे के लोगों को अदब की रोशनी से रौशन करने का काम कर रही है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जो काम हमारे बुजुर्ग कर रहे थे उस काम को आज उनके जरिए बज़्म फ़रोगे अदब आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं।

मुशायरे का आग़ाज़ मौलाना जावेद अख्तर किया और मुशायरे की निज़ामत इलियास चिश्ती ने की। मुशायरे में मशहूर शायर डा तनवीर इकबाल बिस्वानी, डॉ अफजल, उमर हनीफ, खुशतर रहमानी, मंसूर माहवार, बज़्म के सिक्रेट्री और मुशायरे के कन्वीनर डॉ एहराज अरमान, नदीम सीतापुरी, रिजवान





मारूफ, यासीन इब्ने उमर,नफीस वारसी, बशर हरगावी, शहबाज़ हैरत चिश्ती, डॉ एखलाक, मंजर यासीन,

सैयद सलमान अहमद रिजवी, अय्यूब अंसार, इमरान रज़ा बरकाती। दिलशाद लक्वी,हसन अंसारी, आसिफ अंसारी, जावेद अंसारी, रिजवान अंसारी ने अपने कलाम पेश किया। इस दौरान सपा में पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। मुशायरा देर रात कामयाबी के साथ मुकम्मल हुआ।

# संक्षिप्त खबरें

## जाल काटकर 52 भेड़ें चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के प्रयागदासपुर गांव में रविवार को चोरी की बड़ी वारदात सामने आई, जहां अज्ञात चोरों ने एक भेड़ पालक की 52 भेड़ों को रातों-रात चोरी कर लिया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घनश्यामपुर निवासी अर्जुन पाल (पुत्र श्यामकुमार पाल) पिछले कई वर्षों से भेड़ पालन का कार्य करते हैं। वह अपनी भेड़ों को भीमपुर प्रयागदासपुर स्थित एक बगीचे में चारों तरफ जाल लगाकर सुरक्षित रखते थे। बताया जा रहा है कि शनिवार रात करीब 12 बजे से भोर 4 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने जाल काटकर वहां से 52 भेड़ें चोरी कर लीं।

रविवार सुबह जब अर्जुन पाल बगीचे पर पहुंचे तो भेड़ों के गायब होने की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने तत्काल 112 पीआरबी को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

## पेड़ की डाल टूट जाने से युवक घायल

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के ककराही गांव के पास रविवार को पेड़ से गिर जाने से शोभनाथ 35 वर्ष घायल हो गए,इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, ककराही गांव निवासी शोभनाथ पेढ़ पर चढ़कर सहजन तोड़ रहे थे, इस दौरान पेड़ की डाल टूट गया जिससे नीचे गिर जाने घायल हो गए, घायल अवस्था में सरकारी एंबुलेंस की सहायता से उन्हें गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के दुसरे दिवश का प्रशिक्षण संपन्न हुआ


**सीखड़, मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी सीखड़ मंडल द्वारा आयोजित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत चुनार विधानसभा के सीखड़ स्थित बाढ़ राहत केंद्र में आयोजित दो दिवसी प्रशिक्षण के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चुनार विधायक अनुराग सिंह ने संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के गौरवशाली इतिहास, संगठन की मूल विचारधारा, राष्ट्रसेवा की परंपरा एवं समर्पण भाव पर विस्तृत चर्चा की। भारतीय जनसंघ से लेकर आज तक की पार्टी की यात्रा, कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के संघर्ष, त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए यह साझा किया द्वितीय सत्र में पिछड़ा प्रदेश महामंत्री संजय भाई पटेल नेभी संबोधित किया उक्त अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल ने किया कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आनंद शर्मा एवं नीरज सिंह द्वारा किया गया उक्त अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र कुमार सिंह, पूर्व जिला महामंत्री एवं सीखड़ मण्डल प्रभारी रमेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र नारायण सिंह जिला मंत्री डॉ विजय पटेल मारकंडेय सिंह आलोक सिंह रणवीर प्रताप सिंह राहुल त्रिपाठी शीतलेश्वर प्रसाद पाठक, अनूप सिंह जय हिंद सिंह ज्ञानधर शुक्ला, रमाशंकर राजभर शुभम पाठक आदि काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री चमेली देवी का हुआ निधन

**सीखड, मीरजापुर।** विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत केला बेला के पूर्व प्रधान रामलखन की पत्नी वर्तमान में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर कार्यरत थी। उनके पति रामलखन ने बताया कि चमेली देवी लगभग एक माह से विमार चल रही थी उन्हें लगभग एक सप्ताह पहले बीएचयू वाराणसी में भर्ती कराया गया था जहां पिछले दिन उनका निधन हो गया। उनके मृत्यु की खबर मिलते ही पुरे परिवार के लोगो के साथ साथ बाल विकास परियोजना कार्यालय सीखड से लेकर विकास खण्ड के सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आत्मा के शान्ती के लिए सीडीपीओ नीलू मिश्रा मुख्य सेविका रेनू मौर्या, बड़े बाबू संजीव मोटवानी सहित? परियोजना की?आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्नेहलता पांडेय, गीता मौर्या, पुष्पा देवी, कुंजन पांडेय, नीलम पांडेय, मीना केशरी, मंजू मौर्या,समिता देवी , सुमन सिंह, शान्ती देवी बबुई देवी, माया देवी,तपेसरा देवी, सरिता पांडेय, संगीता, सुचिता सिंह, आशा देवी,कौशिल्या, सीमा सिंह, कुसुम, माधुरी, ममता, बीना सिंह ,कनक सिंह , इन्दाणी पाठक सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री? अपने अपने केन्द्र पर दो मीनट का मौन रख कर उनके आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु शोक संवेदना व्यक्त किया।

# महमूदाबाद के ग्राम सरैया चलाकापुर में भीषण अग्निकांड, 11 जलकर राख, दो महिलाओं की मौत

● **तूफान के दौरान भड़की आग ने मचाई तबाही, एक बच्ची जो गंभीर अवस्था मे थी, उसकी भी मृत्यु हो गयी, प्रशासन ने मौके पर पहुँचकर शुरू की राहत व्यवस्था।**



**प्रशासन की प्रतिक्रिया**

जिला प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित राहत एवं बचाव कार्य शुरू करा दिया है। अधिकारियों के अनुसार, प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है तथा नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी और किसी को भी असहाय नहीं छोड़ा जाएगा। अग्निकांड के बाद सुबह जनपद के डीएम राजा गणपति आर चलाकापुर गावँ पहुँचे, और निरीक्षण किया साथ ही साथ पीड़ितों से वार्ता कर उन्हें हर सम्भव मदद दिलाने की बात कही।

पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा और उनके भतीजे उत्कर्ष वर्मा ने गावँ पहुंचकर पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की, जिसमे फल, खाद्य सामग्री और बर्तन आदि शामिल थे।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद-सीतापुर।** सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरैया चलाकापुर में शनिवार को अचानक हुए भीषण अग्निकांड ने गांव में हड़कंप मचा दिया। बताया जा रहा है कि तेज तूफान के दौरान संजय पुत्र स्व. राजाराम के मकान के छप्पर में चूल्हे की चिंगारी से लगी आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों ने आसपास के घरों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे करीब 11 घरो के छप्पर, झोपड़ियां और कच्चे मकान जलकर खाक हो गए।

इस दर्दनाक हादसे में फूलमती (45) पत्नी शत्रोहन और इंदरा (65) पत्नी भगौती प्रसाद की झुलसकर मौत हो गई, जबकि मीनाक्षी (7) पुत्री सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां ले जाया गया, जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, वहीं दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड के बाद गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बना रहा। मौके पर उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, राजस्व, पुलिस एवं फायर विभाग की टीमें पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। अग्निकांड की जानकारी होते ही महमूदाबाद की विधायक आशा मौर्य, समाजसेवी अतुल वर्मा और पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा के भतीजे उत्कर्ष वर्मा गावं पहुचकर ग्रामीणों को ढांढस बंधाया, और राहत दिलवाने की बात भी कही गयी, सभी ने मृतको के प्रति श्रद्धांजली और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों का चिन्हांकन कर राहत सामग्री उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए कैड़ा में भूमि चिन्हित



**सुरियावां।** क्षेत्र के ग्राम सभा कैड़ा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित कर उपलब्ध करा दी गई है। रविवार को जिलाधिकारी भदोही शैलेश कुमार के निर्देश के क्रम में उपजिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व टीम ने गाटा संख्या 12 से 3 बिस्वा भूमि इस महत्वपूर्ण योजना के लिए चिन्हित की। राजस्व निरीक्षक अमरेश दुबे एवं हल्का लेखपाल शैलेश पांडे की उपस्थिति में भूमि का चयन एवं उपलब्धता सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां के अधीक्षक डॉ. अभिषेक नाग, बीसीपीएम ईश्वर चंद्र वर्मा, प्रकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए खुशी जताई। इससे ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होने के साथ ही बेहतर इलाज की सुविधा अपने ही क्षेत्र में मिल सकेगी।

# सीएमओ ने जन आरोग्य मेले का किया निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी के दिए निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष कुमार चक ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महजूदा पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पाए गए। इस अवसर पर सीएमओ ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, एएनएम एवं सीएचओ को अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी कार्ड बनाने के निर्देश दिए, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय से मिल सके। इसके उपरांत अपराह्न 3:25 बजे सीएमओ ने नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभोली का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परिसर में वायरिंग एवं शीशे लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। हालांकि टाइप-2 आवासों की चिनाई अभी तक नहीं हुई है, जबकि चिकित्सक आवासों में खिड़कियों पर शीशे एवं दरवाजे भी नहीं लगाए गए हैं।

सीएमओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। अधिकारियों के अनुसार, शेष निर्माण कार्यों को पूरा होने में लगभग दो माह का समय लग सकता है। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# यूएई, कतर और ईरान... मिडिल ईस्ट संकट के बीच भारत की तीन देशों से हुई बात

● **विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर चर्चा की।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार को बताया कि उन्हें ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची का फोन आया था, जिसमें उन्होंने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर चर्चा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जयशंकर ने बताया कि उन्होंने मिडिल ईस्ट में तनाव के संबंध में कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायेद अल नाहयान से भी बात की।

**जयशंकर ने छठी बार की अराघची से बात**

ईरान में युद्ध शुरू होने के बाद से यह छठी बार है जब विदेश मंत्री जयशंकर और ईरान के विदेश मंत्री अराघची के बीच बातचीत हुई है। आज की बातचीत से पहले, विदेश मंत्री ने 21 मार्च को अराघची से बात की थी।

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार को बताया कि उन्हें ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची का फोन आया था, जिसमें उन्होंने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर चर्चा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जयशंकर ने बताया कि उन्होंने मिडिल ईस्ट में तनाव के संबंध में कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायेद अल नाहयान से भी बात की।

जयशंकर ने छठी बार की अराघची से बात

ईरान में युद्ध शुरू होने के बाद से यह छठी बार है जब विदेश मंत्री जयशंकर और ईरान के विदेश मंत्री अराघची के बीच बातचीत हुई है। आज की बातचीत से पहले, विदेश मंत्री ने 21 मार्च को अराघची से बात की थी।

**ईरान पर अल्टीमेटम की भाषा छोड़े अमेरिका: रूस**

उधर, रूस ने अमेरिका से ईरान के मुद्दे पर अल्टीमेटम की भाषा छोड़कर वार्ता के रास्ते पर लौटने की अपील की है। रूसी विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के प्रयास तभी सफल हो सकते हैं जब वाशिंगटन दबाव और धमकियों की नीति छोड़कर बातचीत को प्राथमिकता दे।

यह बयान रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच हुई बातचीत के बाद जारी किया गया। मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित किसी भी स्तर पर ऐसे कदमों से बचना चाहिए, जो राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान की शेष संभावनाओं को कमजोर करें।

रूस ने कहा कि पश्चिम एशिया में दीर्घकालिक और स्थायी सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए तनाव घटाना आवश्यक है और इसमें अमेरिका की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। मास्को के अनुसार, बातचीत की प्रक्रिया बहाल करना ही संकट के समाधान का सबसे प्रभावी तरीका है।

**हमास ने कहा, हथियार छोड़ने की मांग स्वीकार्य नहीं**

इसके अलावा, हमास के सशस्त्र विंग ने रविवार को कहा कि समूह से हथियार छोड़ने की मांग स्वीकार्य नहीं है। इस मुद्दे को उठाना फलस्तीनियों के खिलाफ चल रहे नरसंहार को जारी रखने का प्रयास है। एक टेलीविजन बयान में, हमास के सशस्त्र विंग के प्रवक्ता ने कहा कि समूह किसी भी परिस्थिति में ऐसी मांगों को स्वीकार नहीं करेगा।

**'ऐसी तीन और जीत मिलीं तो अमेरिका बर्बाद'**

ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गलीबाफ ने अमेरिकी बचाव अभियान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि अमेरिका को ऐसी तीन और 'जीत'' मिल गई तो वह पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर तबाह विमान की तस्वीर साझा करते हुए यह टिप्पणी की।

ईरानी सैन्य प्रवक्ता के अनुसार दक्षिणी इस्फहान में अमेरिकी लड़ाकू पायलट को बचाने की कोशिश के दौरान संयुक्त अभियान में दो ब्लैक हाक हेलीकाप्टर और एक सी-130 सैन्य परिवहन विमान मार गिराए गए। खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता ने दावा किया कि रिवोल्यूशनरी गार्ड, बसीज बलों और स्थानीय सुरक्षा इकाइयों ने मिलकर यह कार्रवाई की।

# कार के भीतर एक व्यक्ति कार सवार दूसरे व्यक्ति का दबा रहा था गला,वीडियो हो रहा वायरल

● **ड्रमंडगंज क्षेत्र के देवहट गांव स्थित नेशनल हाईवे पर देर रात तक नशेड़ियों का लगता है जमावड़ा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ड्रमंडगंज।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के देवहट गांव स्थित नेशनल हाईवे इन दिनों अराजकतत्वों और नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। जहां देर रात तक नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। शनिवार की रात को नशे की हालत में नेशनल हाईवे किनारे बनी नाली के ऊपर काली रंग की खड़ी कार के भीतर मौजूद एक व्यक्ति कार में सवार दूसरे व्यक्ति का गला दबा रहा था।जिसका वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।कार के भीतर यह वाकया देख स्थानीय लोग शोरगुल मचाते हुए कार के पास पहुंचे और गला दबा रहे युवक को कार का दरवाजा खोलने के लिए कहने लगे।कार के पास लोगों की भीड़ इकट्ठा होते देख गला दबा रहा व्यक्ति कार लेकर मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि कार में सवार दोनों व्यक्ति प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के अयोध्या गांव के निवासी है।जो शराब पीने के बाद अंडा खाने के लिए देवहट गांव में आए थे।स्थानीय लोगों ने बताया कि देवहट गांव में क्षेत्रीय लोगों के अलावा सीमावर्ती प्रयागराज जिले के लोग चार पहिया और दो पहिया वाहनों से प्रतिदिन नेशनल हाईवे किनारे स्थित दुकानों पर अंडा, और मांस मछली खाना के लिए आते हैं। बताया कि नशे में चूर नशेड़ियों द्वारा कभी कभी तो आपस में झगड़ा फसाद तक कर लिया जाता है। स्थानीय लोगों ने नेशनल हाईवे पर नशेड़ियों के जमावड़े को लेकर रात्रि में पुलिस गश्त करवाए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट करवाया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि घटना की जांच की जाएगी। अराजकतत्वों और नशेड़ियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

## फरार चल रहे गो तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**ड्रमंडगंज।** गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम में फरार चल रहे गो तस्कर को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गो तस्कर के विरुद्ध वर्ष 2025 में ड्रमंडगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर गो तस्कर की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर रविवार सुबह थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआइ ईश्वर चंद्र त्रिपाठी,हेड कांस्टेबल संतोष यादव ने गो तस्कर कृष्ण केशरी पुत्र मून्नू केशरी निवासी मच्छरहट्टा थाना रामनगर जिला वाराणसी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे पिकप वाहन स्वामी गो तस्कर कृष्ण केशरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इससे पहले वाहन चालक गो तस्कर अमित जायसवाल उर्फ भोनू को जेल भेजा जा चुका है।

# मीरजापुर में 'दीदी कैफे' से आत्मनिर्भरता की डगर तलाशने की कोशिश, 10 महिलाओं में एक पुरुष शेफ भी

● **अदाणी फाउंडेशन ने मड़िहान में 'दीदी कैफे' का शुभारंभ किया।**

● **'बेटी बचाओ' स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करती हैं संचालन।**

● **ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार देने की पहल।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन ने मड़िहान क्षेत्र में 'दीदी कैफे' का शुभारंभ किया है। इस कैफे का संचालन 'बेटी बचाओ' स्वयं सहायता समूह की दस महिलाओं को सौंपा गया है, जिसमें एक पुरुष शेफ भी शामिल है।

यह कदम भोजन की गुणवत्ता और स्वाद को बनाए रखने के लिए उठाया गया है। मड़िहान तहसील कार्यालय के सामने स्थित इस कैफे में समूह की अध्यक्ष रिंकू देवी, सचिव बिट्टन और कोषाध्यक्ष जय ललिता प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। अन्य सदस्यों में सोनी, जोहरा बेगम, नजबुल, सायरुन, हसीना बेगम, सोना बेगम और पार्वती शामिल हैं। सभी महिलाएं देवरी कलां गांव की निवासी हैं और सुबह से शाम तक कैफे में भोजन बनाने, परोसने और साफ-सफाई का कार्य करती हैं।

मीरजापुर जिले में महिलाओं की वर्क पॉपुलेशन रेशियो लगभग 22.7% है, जो दर्शाता है कि ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर सीमित हैं। 'बेटी बचाओ' स्वयं सहायता समूह को सहयोग देकर 'दीदी कैफे' की शुरुआत की गई है, जिससे महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार और नियमित आय का स्रोत मिल सके।




यह पहल कई परिवारों के लिए लाभकारी साबित होगी, क्योंकि इससे ग्रामीण महिलाओं को नियमित आय का स्रोत मिलेगा।

कैफे में स्वास्थ्य और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। यहां प्रीमियम क्वालिटी का तेल और सामग्री का उपयोग किया जाता है। खाना बनाते समय और परोसते समय कड़ी हाइजीन का पालन किया जाता है। ग्राहकों के लिए साफ-सुथरी और आरामदायक बैठने की व्यवस्था है, जो छोटे कस्बों में दुर्लभ मानी जाती है।

'दीदी कैफे' ने साबित किया है कि जब महिलाओं को अवसर और सहयोग मिलता है, तो वे न केवल अपने घरों की स्थिति बदल सकती हैं, बल्कि पूरे समाज की तस्वीर को भी बदल सकती हैं। मड़िहान का यह कैफे आज ग्रामीण महिलाओं की कमाई और लोगों की सेहत दोनों की उम्मीद बन चुका है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भटपुरवा विकासखंड हलिया मिर्जापुर**

**पत्रांक: मेमो/sBm रा वि अ. /के.वि.अ./मनरेगा व अन्य मद /2026-27**
**दिनांक06/04/2026**

**अल्पकालीन निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत भटपुरवा विकासखंड हलिया जनपद मिर्जापुर द्वारा वर्ष 2026-27 मे/वी0बी0 राम0जी/15-16 वां वित्त/पंचम-छठम राज्य वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/आर 0जी0 एस0 ए0/योजना अंतर्गत व ग्राम पंचायत को अन्य निधियो से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर/आयकर विभाग में पंजीकृत फर्मो को निविदा प्रशासन के माध्यम से निम्नवत सामग्री आपूर्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है। सभी प्रकार के बालू, सीमेंट, ईट, इंटरलॉकिंग, ईट ब्रिक स्टोन गिट्टी, स्टोन गिट्टी/सोलिंग, राउण्डेड स्टील बार, स्टील/ सरिया, माइल्ड स्टील, प्राइमर व पेंट चुना, डिस्टेम्पर, स्टील/एजबेस्टन, हयुम पाइप, मोरंग मिक्स, मटेरियल/जी0एस0बी0, बोल्डर पटिया, गाटर, ट्रैक्टर द्वारा मिट्टी हैंड पंप सामग्री, व मशीन द्वारा हैंडपंप री-बोर, सबमर्सिबल, प्लास्टिक पानी टंकी, टाइल्स, कोटा स्टोन, प्लास्टिक शीट, स्टोन डस्ट, शौचालय सामग्री, पी0वी0सी0 पाईप, लोहे /फाईबर/एल्युमिनियम दरवाजा/खिड़की, पानी का टैंकर, टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति, स्ट्रीट, सोलर लाइट निर्माण, संबंधित उपकरण बिजली उपकरण व अन्य सामग्री जे0सी0बी0 कंम्प्रेसर ब्राईबेटर, मिक्सर मशीन, रोलर का भाड़ा,पर आपूर्ति, ट्राई साइकिल/ठेलिया रिक्शा), ई रिक्शा, स्वच्छता संबंधित समस्त सामग्री, फागिंग मशीन, व अन्य सामग्री ग्राम पंचायत के आवश्यकता अनुसार इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में मूल्य 500/- रुपया में प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक फर्म सामग्री दर कार्य स्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित बंद लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति के साथ जमा करना होगा। टेंडर नियत तिथि10/04/2026 दिन को ग्राम पंचायत कार्यालय में खोला जाएगा । टेंण्डरदाता जो उपस्थित रहना चाहते हैं। ओ रह सकते हैं। जिस फर्म का टेंडर न्यूनतम होगा उसी का टेंडर स्वीकृत किया जाएगा स्वीकृत फर्म को रुपया 500 का /एन9एस0सी0 एफ0डी0 आर/ग्राम पंचायत के खाता में नगद जमा करके जमारसीद जो ग्राम पंचायत कार्यालय के पास के पक्ष में बंधक होगा उसे मूल रूप में जमा करना होगा टेंडर बिना बताए निविदा अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा टेंडर संबंधित अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

**ग्राम प्रधान**
**शिव गोविद चौरसिया**

**सचिव**
**विनय कुमार**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मवई कला विकासखंड हलिया मिर्जापुर**

**पत्रांक: मेमो/sBm रा वि अ. /के.वि.अ./ मनरेगा व अन्य मद /2026-27**
**दिनांक06/04/2026**

**अल्पकालीन निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मवई कला विकासखंड हलिया जनपद मिर्जापुर में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (पेज-2) के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंन्धन योजना वित्तीय वर्ष 2026 -27 मे निम्नलिखित कार्य आर जी एस ए /एस.बी.एम /16 वा वित्त/ छटंवा वित्त/ मनरेगा की धनराशि से होना प्रस्तावित है। निविदा दिनांक 06/04/ 2026 से 10/04/2026 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय पंचायत मवई कला मे निविदा शुल्क जमा कर प्राप्त करें एवं सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी दरें सील बंद लिफाफे में उक्त तिथियां को कार्यालय अवधि में जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक 10/04/2026 को दिन में 1130:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित समितिके द्वारा खोली जाएगी। जिसमें आपूर्ति की जाने वाली सामग्री ईट,गिट्टी, बालू, सरिया ,सीमेंट, ई -रिक्शा आयरन गेट ,पत्थर, मिट्टी ,आयरन सेट, इलेक्ट्रिक, एवं प्लंबरिंग सामग्री और अन्य सामग्री सहित आवश्यक सामग्री प्राक्कलन के अनुसार 1-नियम व शर्तें उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फार्मो द्वारा वेद प्रमाण पत्र दिखाने एवं जीएसटी की छाया प्रति संकलन करने पर ही निविदा डाली जाएगी सामग्री की आपूर्ति निश्चित समय सीमा में गुणवत्ता के अनुरूप किया जाना है तभी भुगतान संभव है निविदा के साथ 100 का स्टांप पेपर संलग्न करना आवश्यक है निविदा स्वीकृत और सुकृत करने का अधिकार गठित समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान**
**अनिता देवी**

**सचिव**
**सन्तोष कुमार**

## संक्षिप्त खबरें


### हनुंमत कथा स्थल का भूमि पूजन



**नैनी, प्रयागराज।** प्रयाग उत्थान समिति के द्वारा आयोजित होने वाले बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी की विशाल हनुंमत कथा के आयोजन की भूमि पूजन एवं हवन पूजन का कार्यक्रम कथा स्थल अरैल घाट पर प्रयाग उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ उदय प्रताप सिंह के द्वारा विधि विधान पूर्वक किया इस अवसर पंडित सतेंद्र तिवारी के आचार्यत्व में पूर्ण विधि विधान पूर्वक मंत्रोचारण के साथ भूमि पूजन संपन्न कराया गया।

# पंजाब: जज के घर से चोरी मामले में आरोपी सिविल जज की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** पंजाब के पटियाला जिले कोर्ट ने जज के घर से सोना और गहने के चोरी के आरोप में घिरे जूनियर डिवीजन के जज विक्रम दीप सिंह को जमानत देने से इनकार कर दिया है. कोर्ट ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरिंदर सिद्धू ने 1 अप्रैल को सुनवाई करते हुए कहा कि मामला गंभीर प्रकृति का है, जिसमें एक दिवंगत न्यायिक अधिकारी के घर से संदिग्ध परिस्थितियों में बड़ी मात्रा में गहने और नकदी चोरी करने का आरोप लगा है. यही वजह है कि ये जमानत याचिका खारिज की जाती है।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि एक न्यायिक अधिकारी पर लगे ये आरोप सार्वजनिक सेवा की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हैं. जांच में यह भी सामने आया कि सीसीटीवी में आरोपी अपने साथियों के साथ में बैग ले जाते देखे गए हैं. इसके साथ ही वहां से बाहर आते भी दिखाई दे रहे हैं. जिससे प्रथम दृष्टया संदेह मजबूत होता है। पूरा मामला 21 मार्च का है, जब दिवंगत अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंवलजीत सिंह के बेटे के पावर ऑफ अटॉर्नी धारक डॉ. भूपिंदर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है. इस शिकायत में आरोप लगाया गया कि 1 अगस्त 2025 को जज कंवलजीत सिंह के निधन के बाद कुछ लोग उनके घर में घुसे और वहां से सोना, गहने और नकदी ले गए. इस चोरी के आरोप विक्रम दीप सिंह पर लगाए गए हैं।

वहीं, आरोपी विक्रम दीप सिंह ने इन आरोपों से इनकार किया है. उन्होंने कहा कि मृतक के बेटे के कहने पर सामान सुरक्षित रखने के लिए उठाया था और बाद में लौटा दिया गया था. यह भी दलील दी कि मामला उनकी छवि खराब करने के लिए दर्ज किया गया है। हालांकि, अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि सामान आरोपी द्वारा मृतक के बेटे से संपर्क करने से पहले ही ले जाया गया था. मामले की जांच के लिए हिरासत में पूछताछ जरूरी है.अदालत ने व्हाट्सएप चैट्स को भी पर्याप्त सबूत मानने से इनकार कर दिया है।

अदालत ने कहा कि कानून के सामने कोई भी व्यक्ति, चाहे उसका पद या रैंक कुछ भी हो, समान है. ऐसे मामलों में विशेष संरक्षण नहीं दिया जा सकता है. मामले की गंभीरता, सीसीटीवी साक्ष्य और बरामदगी की जरूरत को देखते हुए अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

# मिशन शक्ति टीमों ने सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं को सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे मेंबताकर जागरुक किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना 'मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण अभियान' के तहत आज दिनांक-05.04.2026 को गंगानगर जोन के समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों/ मिशन शक्ति टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताकर जागरुक किया गया। टीम द्वारा बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के सम्बंध में जानकारी देकर जागरुक किया गया एवं सोशल मीडिया को सावधानी पूर्वक प्रयोग करने के लिये भी सुझाव दिया गया।

किसी भी शोहदों द्वारा परेशान करने पर तत्काल डायल-112 अथवा मिशन शक्ति टीम से शिकायत करने करने को बताया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर जैसे पुलिस आपात सेवा-112, वूमेन पावरलाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, सीएम हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930 व मिशन शक्ति केन्द्र आदि के बारें में जानकारी देकर जागरुक किया गया तथा पम्पलेट वितरित किया गया।

## थाना सोरांव पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** गंगानगर-जोन के थाना सोरांव पर पंजीकृत मु0अ0सं0-88/2026 धारा-87/137(2) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अनिल कुमार भारतीया पुत्र बलिराम निवासी ग्राम कपूरी गोदाम थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सोरांव पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-05.04.2026 को थाना सोरांव क्षेत्रान्तर्गत बीरापुर धोबाही पेट्रोल पम्प के पास से से गिरफ्तार किया गया। पीड़िता के बयान व साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-65(1) भा0न्या0सं0 व 5/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त द्वारा दिनांक-14.03.2026 को थाना सोरांव क्षेत्रान्तर्गत के 01 नाबालिक युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाया गया था, जिस पर पीड़िता के घर वालों से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सोरांव पर मु0अ0सं0-88/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

**थाना फाफामऊ पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

थाना फाफामऊ पर पंजीकृत मु0अ0सं0-55/2026 धारा-137(2)/352/351(2) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त पटेला उर्फ बैज नाथ पुत्र भगवान उर्फ कृष्णा राम निवासी विकास का पूरा गोहरी थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फाफामऊ पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-05.04.2026 को थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत खुशहाल का पूरा पेट्रोल पम्प के पास गिरफ्तार किया गया। पीड़िता के बयान व साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-64(2)/115(2) भा0 न्या0सं0 व 5/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त द्वारा दिनांक-02.04.2026 को फाफामऊ थाना क्षेत्र के 01 नाबालिक युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाया गया था, जिस पर पीड़िता के घर वालों द्वारा उक्त गिरफ्तार अभियुक्त के परिजनों से पूछताछ करने पर परिजनों द्वारा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गयी थी, जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना फाफामऊ पर मु0अ0सं0-55/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

# सराकारी कार्य में बाधा डालने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना बहरिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-19/26 धारा-191(2)/ 115(2)/ 109(1)/110 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित अभियुक्त इमरान अहमद उर्फ गुलजार पुत्र निसार अहमद निवासी ग्राम जुगनीडिह थाना बहरिया कमिश्नरेट प्रयागराज के विरूद्ध न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानतीय वारण्ट पर सर्विलांस के माध्यम से अभियुक्त इमरान अहमद उर्फ गुलजार उपरोक्त के मिले लोकेशन पर गिरफ्तारी हेतु दिनांक-04.04.2026 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अगहुआ गयी थाना बहरिया पुलिस टीम के साथ अभियुक्त इमरान अहमद उर्फ गुलजार को शरण देने वाले इबरार खान और उसके परिवारजनों द्वारा वाद-विवाद कर सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए अभियुक्त इमरान अहमद उर्फ गुलजार उपरोक्त को मौके से भगा दिया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0-105/26 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

गंगानगर-जोन के फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-105/26 धारा-191(2)/ 249ख/263ख/132/115(2)/352/351(3)/324(4)/121(2) भा0न्या0 सं0 व 3/5 लो0स0क्षति नि0अधि0 से सम्बन्धित 04 वांछित अभियुक्त 1. मो0 इबरार खान पुत्र स्व0 आलम खान 2. सालिम खान पुत्र स्व0 आलम खान 3. अर्ष खान पुत्र सालिम खान 4. .फराज खान पुत्र इबरार खान निवासीगण ग्राम अगहुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फूलपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक-04.04.2026 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अगहुआ के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया है. अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों में**

1. मो0 इबरार खान पुत्र स्व0 आलम खान निवासी ग्राम अगहुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 62 वर्ष।
2. सालिम खान पुत्र स्व0 आलम खान निवासी ग्राम अगहुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 56 वर्ष।
3. अर्ष खान पुत्र सालिम खान निवासी ग्राम अगहुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 22 वर्ष।
4. फराज खान पुत्र इबरार खान निवासी ग्राम अगहुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 32 वर्ष।

## साइकिल यात्रा में युवाओं ने दिया स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपीगंज।** भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वावधान में रविवार को 'विशाल साइकिल यात्रा' का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों साइकिल चालकों ने भाग लिया। यात्रा बड़ा चौराहा से शुरू होकर विभिन्न मोहल्लों से होती हुई भारत भारती इंटरमीडिएट कॉलेज पूरेरामगुलाम पहुंची, जहां प्रतिभागियों का जोरदार स्वागत किया गया। कॉलेज के निदेशक माता प्रसाद चौबे ने साइकिलिंग को सर्वांग व्यायाम बताते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया, जबकि प्रधानाचार्य शेषधर पांडेय ने इसे पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में निकली यह यात्रा लोगों को स्वास्थ्य, फिटनेस और हरित पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। साइकिल यात्रा में प्रवीण श्रीवास्तव, सत्यम चौबे, आदर्श यादव, ऋषि पाल, प्रीति चौबे, धीरेंद्र बिंद, अशोक, सचिन कुमार, प्रियंका, आयुषी, संजना सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मधवानगर वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 01/04/2026

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मधवानगर में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वां /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेन्डर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 01/04/2026 से 16/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 2:30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**गुड़िया**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत मधवानगर**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

**अनिल कुमार वर्मा**
**ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी**
**ग्राम पंचायत मधवानगर**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

# 9 वा विशाल मां भगवती जागरण में आए अनेक राजनीतिक हस्ती और सामाजिक लोग

**● हजारों लोग रात भर देवी जागरण में गायकों का बढ़ाया उत्साह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के हनुमान नगर में 9 वा विशाल मां भगवती जागरण सम्पन्न हुआ। जिसमें सैकड़ो नर, नारी, बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया,इसमें महानगर से एवं बाहर से आए हुए भजन गायकों ने श्रोताओं का मन जीत लिया। इस कार्यक्रम केआयोजक अध्यक्ष राहुल जायसवाल (पत्रकार), ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। संचालन नैनी व्यापार मंडल महामंत्री एवं भाजपा नेता घनश्याम जायसवाल ने किया,कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल ने मा भगवती के चरणों में फूल चढ़ाकर कार्यक्रम के शुरू करने की परंपरा निभाई।उन्होने इस पुनीत धार्मिक आयोजन के लिए कमेटी को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में प्रयागराज के पूर्व संसद कुंवर रेवती रेवती रमण सिंह, प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी, महामंडलेश्वर विनयानंद गिरी महाराज अखाड़ा समारोह में प्रमुख रूप से राकेश जयसवाल पार्षद, सुभाष केशरवानी, बबलू तिवारी, सत्यम शुक्ला, लक्ष्मीकांत तिवारी, समर बहादुर



सिंह, घनश्याम जायसवाल, नयन कुशवाहा, जॉय सेन तथा वरिष्ठ पत्रकार दया शंकर त्रिपाठी ने अपनी उपस्थिति से कमेटी के लोगो का उत्साह वर्धन किया।

## बाईक चोरी की घटना पुलिस ने दर्ज की मुकदमा

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम थानीपुर निवासी मनोज कुमार ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि सरिता देवी के घर के सामने बाइक संख्या यूपी 66 और 8411 को खड़ी कर अंदर चले गए पीड़ित के अनुसार एक युवक को अपनी बाइक पर नजर रखने को कहा था लेकिन जब कुछ देर बाद बाहर लौटे थे उनकी बाइक गायब थी। आसपास पूछताछ करने को पता चला कि एक अज्ञात युवक लॉक तोड़कर बाइक ले गया बताया गया। बाइक की डिग्गी में कंपनी का पी ओ एस डिवाइस भी रखा हुआ था जिसे चोर अपने साथ ले गए पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रंजीतनगर वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 01/04/2026

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रंजीतनगर में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वां /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन/गौशाला, बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेन्डर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 01/04/2026 से 16/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 3:00 PM बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**अभय कुमार सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रंजीतनगर**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

**अनिल कुमार वर्मा**
**ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रंजीतनगर**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत महादेवा कला वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 01/04/2026

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत महादेवा कला में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वां /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेन्डर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 01/04/2026 से 15/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40MM4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**अभय कुमार सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रंजीतनगर**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

**अनिल कुमार वर्मा**
**ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रंजीतनगर**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत इटहिया नबीजोत वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 01/04/2026

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत इटहिया नबीजोत में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वां /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेन्डर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 01/04/2026 से 07/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 3:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40MM4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**शारदा प्रसाद वर्मा**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत इटहिया नबीजोत**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

**अनिल कुमार वर्मा**
**ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी**
**ग्राम पंचायत इटहिया नबीजोत**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

## संक्षिप्त खबरें

### बेंदुआरा ग्राम में शिव-पार्वती मंदिर निर्माण का हुआ आगाज, समिति का गठन



**मुकेश साव अध्यक्ष, नंदलाल साव सचिव एवं दिनेश कुमार साव बने कोषाध्यक्ष**

**चौपारण, हजारीबाग, प्रतिनिधिः-** प्रखंड क्षेत्र के झापा पंचायत अंतर्गत बेंदुआरा ग्राम में धार्मिक आस्था के केंद्र के रूप में शिव-पार्वती मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित कर मंदिर निर्माण समिति का विधिवत गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मुकेश कुमार साव को अध्यक्ष, नंदलाल साव को सचिव तथा दिनेश कुमार साव को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही समिति के संचालन एवं निर्माण कार्यों में सहयोग हेतु कई अन्य सदस्यों को भी शामिल किया गया। निर्माण समिति में गौतम साव, अशोक राम, द्वारिका साव, मनोज साव, नवीन कुमार सिंह, विद्याधर ठाकुर, प्रभु राम, पप्पू ठाकुर, रोहित चंद्रवंशी, रामाशीष कुमार साव, सियाराम साव, निराला कुमार एवं प्रमोद रंजन को सदस्य बनाया गया है। बैठक के दौरान राकेश कुमार उर्फ मुन्ना ने सभी नवगठित सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया तथा मंदिर निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर गांव की आस्था का केंद्र बनेगा और सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करेगा। ग्रामीणों ने सामूहिक सहयोग से मंदिर निर्माण कार्य को सफल बनाने का संकल्प लिया तथा इसे शीघ्र पूर्ण करने की दिशा में सक्रिय योगदान देने की बात कही।

### तालबेहट में मोटरसाइकिल दुर्घटना

**पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मारी, सवार की मौत**

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र के सुनौरी में 14 मार्च को दोपहर करीब 1 बजे एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में सवार की मौत हो गई। अज्ञात चालक ने लापरवाही से अपनी बाइक चलाते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पीड़ित गढ्ढे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। मृतक रामप्रसाद रैकवार के पुत्र ग्राम अचर्रा (टपरियन), मोहनगढ़, टीकमगढ़ (म.प्र.) के निवासी थे। वे अपनी मोटरसाइकिल पर गांव से तालबेहट आ रहे थे। भज्जू विश्वकर्मा के डिब्बे के पास पूराकलां की ओर से आ रही मोटरसाइकिल के अज्ञात चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से टक्कर मार दी। टक्कर की वजह से रामप्रसाद मोटरसाइकिल समेत गढ्ढे में गिर पड़े। गांववालों ने तुरंत मदद की और उन्हें तालबेहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक का शव 15 मार्च 2026 को ललितपुर मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम कराया गया। घटना के समय मृतक की पत्नी अंजू रैकवार अंतिम संस्कार और तेरहवीं में व्यस्त थीं, इसलिए उन्होंने तीन सप्ताह बाद 4 अप्रैल को तालबेहट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(बी) और 106(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कुल्हाड़ी से सिर पर वार, भाई-भाभी ने भाई को लहूलुहान किया, जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ककरूआ गांव में गुरुवार रात 10.30 बजे परिवार के अंदर ही सनसनीखेज मारपीट का मामला सामने आया है। भाई-भाभी ने मिलकर माता-पिता को माँ-बहन की गालियां देते हुए पीटा। बीच-बचाव करने पहुंचे भाई लक्ष्मण पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गया। आरोपी दोनों पहले भी मारपीट कर चुके हैं और लगातार जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। ककरूआ निवासी पीड़ित लक्ष्मण पुत्र भज्जू बुनकर ने लिखित शिकायत में बताया कि 2 अप्रैल की रात करीब 10.30 बजे आरोपी मौरसिंह (पुत्र भज्जू) और उसकी पत्नी रामरति उनके माता-पिता के घर पहुंचे। दोनों ने बिना किसी वजह के माता-पिता को अभद्र गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी। लक्ष्मण जब बचाने पहुंचा तो मौरसिंह ने कुल्हाड़ी से उसके सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया। चोट इतनी गंभीर थी कि खून बहने लगा। आरोपी पहले भी इसी तरह हमला कर चुके हैं और हमेशा जान से मारने की धमकी देते रहते हैं, जिससे पूरा परिवार परेशान है। घटना कोतवाली थाने से मात्र 6 किलोमीटर दूर पश्चिम दिशा में ककरूआ गांव में हुई। पीड़ित ने तीन दिन बाद 5 अप्रैल की रात 1.44 बजे थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नशामुक्ति को लेकर अहम बैठक, युवाओं को नशे से बचाने हेतु अभियान तेज करने का निर्णय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** प्रखंड क्षेत्र के कोनरा पंचायत अंतर्गत दरगाह मोहल्ला में रविवार को बढ़ते नशे के प्रकोप पर रोक लगाने एवं नशामुक्ति अभियान को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पंचायत कमिटी, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता से संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता दरगाह मोहल्ला पंचायत कमिटी के अध्यक्ष मो. खुर्शीद ने की, जबकि संचालन कोषाध्यक्ष मो. अशफ़ाक ने किया। बैठक में विशेष रूप से युवाओं के बीच तेजी से फैल रहे विभिन्न प्रकार के नशे पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। उपस्थित लोगों ने इसे समाज के लिए गंभीर खतरा बताते हुए इसके विरुद्ध सामूहिक पहल की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नशा उन्मूलन के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाएगा, जो क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने के साथ-साथ जागरूकता कार्यक्रम चलाएगी। साथ ही, नशा करने वालों के विरुद्ध जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी सहमति बनी। यह भी तय किया गया कि कोनरा पंचायत के अन्य मोहल्लों में शीघ्र ही इसी प्रकार की जागरूकता बैठकें आयोजित की जाएंगी।

मुखिया प्रतिनिधि मो. ताजुद्दीन ने कहा कि नशे का प्रभाव अब तेजी से युवाओं और बच्चों तक पहुंच रहा है, जो भविष्य के लिए गंभीर संकेत है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की। पंसस प्रतिनिधि मोहम्मद सगीर ने कहा कि नशे के कारण घरेलू हिंसा की घटनाओं में वृद्धि हो रही है, जिससे कई परिवार टूटने की कगार पर हैं। दरगाह मोहल्ला पंचायत कमिटी के अध्यक्ष मो. खुर्शीद ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति नशा करते या असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसे प्रशासन के हवाले किया जाएगा तथा सामाजिक बहिष्कार की कार्रवाई भी की जाएगी। सचिव रिज़वान अली ने अभिभावकों से अपने बच्चों पर विशेष निगरानी रखने तथा उन्हें नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने की अपील की। कोषाध्यक्ष अशफ़ाक अंसारी ने कहा कि नशे ने अनेक परिवारों को बर्बाद कर दिया है, इसलिए इस पर पूर्ण प्रतिबंध आवश्यक है। वहीं उप कोषाध्यक्ष मोहम्मद जियाउद्दीन अंसारी ने ग्रामीणों से अपील की कि नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी तत्काल कमिटी को दें, ताकि संबंधित व्यक्ति को नशामुक्ति केंद्र भेजा जा सके। बैठक में मो. नसीम अंसारी सहित अन्य वक्ताओं ने शिक्षा को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए नशे को सामाजिक अभिशाप करार दिया। इस अवसर पर मो. ताजुद्दीन (मुखिया प्रतिनिधि), मोहम्मद सगीर (पंसस प्रतिनिधि), मो. खुर्शीद (अध्यक्ष), रिज़वान अली (सचिव), मो. वसीम (उप सचिव), अशफ़ाक अंसारी (कोषाध्यक्ष), जियाउद्दीन अंसारी (उप कोषाध्यक्ष), मो. सलीम (संरक्षक), मोहम्मद कलीम, मो. इस्लाम, करीमुद्दीन अंसारी, मो. उस्मान, कादिर हुसैन, मो. अमजद, मो. नसीम अंसारी, मो. जलील, निसार अली, नियाजुल अंसारी, शबा अहमद, मो. हसन, जानी सलमान, मो. शमशेर, इनामुल हसन, मो. रकीब, मो. जहूर, जमील अहमद, मकसूद आलम, गुलाम रसूल, मो. साबिर, शामिल अख्तर, मो. इफ्तेखार, मो. इरशाद, निजाम उद्दीन, मो. शमीम, आबिद अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चंदवारा डिग्री कॉलेज में दो दिवसीय भाजपा प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**● वक्ताओं ने संगठन सुदृढ़ीकरण पर दिया जोर, सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भागीदारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवारा, हजारीबाग, झारखंडः-**प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार चंदवारा डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठनात्मक मजबूती के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा कोडरमा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक, वैचारिक एवं राजनीतिक विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया।

प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए दिनेश्वर प्रसाद, विजय यादव, नितेश चंद्रवंशी, सुधीर सिंह, बिरेन्द्र सिंह, बैजनाथ यादव एवं अरुण बर्नवाल ने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता विकास, पार्टी की रीति-नीति, जनसंपर्क अभियान तथा बूथ स्तर पर संगठन को सुदृढ़ बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि एक प्रशिक्षित एवं सक्रिय कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की आधारशिला होता है, इसलिए कार्यकर्ताओं का सतत प्रशिक्षण आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाएं। इस अवसर पर जिला सांसद प्रतिनिधि बंटी मोदी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी, प्रशिक्षण प्रभारी शशि भूषण प्रसाद, सांसद मंडल प्रतिनिधि सुखदेव साव, उपाध्यक्ष आनंद मोदी, सदस्य राजेंद्र सोनी, राजेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, धर्मेंद्र राणा, उमेश सोनी, मंत्री मुन्ना मोदी, ओबीसी मोर्चा वासुदेव साव, सदस्य दशरथ यादव, दिलीप यादव, सुभाष राणा, कुलदीप सोनी, संतोष सोनी, बाबूलाल साहू, सुरेश यादव, विनोद राम, बैजू सिंह, विजय रविदास, अशोक स्वर्णकार, संतोष यादव, रामावतार यादव, रमन यादव सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 13 अप्रैल को हजारीबाग में भव्य रक्तदान शिविर का होगा आयोजन, जागरूकता अभियान तेज

**● युवाओं में उत्साह चरम पर, रक्तदाताओं को मिलेगा हेलमेट एवं प्रमाण पत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** शहर में सामाजिक सरोकारों को सशक्त बनाने की दिशा में हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आगामी 13 अप्रैल को लक्ष्मी सिनेमा हॉल सभागार में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर संस्था द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जो अब युद्ध स्तर पर पहुंच चुका है। इसके परिणामस्वरूप युवाओं में रक्तदान के प्रति विशेष उत्साह देखा जा रहा है। रविवार को अभियान के तहत शहर के विभिन्न डिफेंस अकादमियों में विशेष संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के निर्देशन में सदस्य विवेक तिवारी ने युवाओं को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रक्तदान एक ऐसा मानवीय कार्य है, जो जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करता है, साथ ही यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है।

इस दौरान कमांडो फिजिकल अकादमी, वारियर डिफेंस अकादमी, मिल्खा डिफेंस अकादमी, हजारीबाग डिफेंस अकादमी, चैंपियन डिफेंस अकादमी, विकास डिफेंस अकादमी एवं फिजिकल डिफेंस अकादमी में जाकर युवाओं को आमंत्रण पत्र वितरित किए गए तथा शिविर में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। संस्था की ओर से यह भी घोषणा की गई है कि रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप हेलमेट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस पहल से युवाओं में और अधिक उत्साह का संचार हुआ है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि संस्था का लक्ष्य इस शिविर को ऐतिहासिक बनाना है। वहीं अध्यक्ष करण जायसवाल ने रक्तदान को मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम बताते हुए युवाओं से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। हजारीबाग यूथ विंग ने शहरवासियों से इस जनकल्याणकारी अभियान में सहभागी बनने और मानव सेवा में योगदान देने का आह्वान किया है।

# असिस्टेंट कमिश्नर बनीं हिमांशी जैन का भव्य अभिनंदन, समाज ने बताया प्रेरणास्रोत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** नगर के श्री आचार्य विद्यासागर संतशाला सभागार में दिगम्बर जैन पंचायत समिति महरौनी द्वारा मडावरा निवासी हिमांशी जैन के असिस्टेंट कमिश्नर (कमर्शियल टैक्स) पद पर चयन पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। दीप प्रज्ज्वलन व ममता सराफ के मंगलाचरण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समारोह में दिगम्बर जैन पंचायत समिति सहित यशोदय तीर्थ कमेटी, चंद्राप्रभु जिनालय, शांतिनाथ मंदिर, उद्योग व्यापार मंडल, सर्वतोभद्र सोशल ग्रुप, अखिल भारतीय महिला परिषद, यशोदय महिला मंडल व आदर्श बहु मंडल के सदस्यों ने पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्हों से हिमांशी का अभिनंदन किया।

अपने संबोधन में हिमांशी जैन ने सफलता का श्रेय मां, मामा व JITO संस्थान को देते हुए कहा कि मेहनत, धैर्य और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है।

उपस्थित प्रमुखजन में प्रमोद सिंघई, अनिल मिठया, वीरेंद्र डोगरया, प्रशांत सिंघई (वंटी), निशांत जैन, प्रदीप चौधरी, राजेन्द्र पड़वा, सुनील डेवडिया, सुनील मोदी, अनिल सिलौनया, संजीव सराफ, राजा चौधरी, राजू नुना, आमोद चौधरी, प्रवीण सिंघई, मनोज पवैया, अस्सू सिंघई, राजेश खिमलाशा, विजय खजुरिया, दीपक सिंघई, अभिषेक सिंघई, चुन्नी बड़कुल, शानू कठरया, राजू सराफ, कुलदीप जैन, अंकित चौधरी, सनिल जैन, सामंत भायजी, अभिषेक मोदी, हुकुम भायजी, महेंद्र बाबा, सुनील सेदपुर, शिखरचंद पाय, प्राशु सिंघई, अशोक सराफ, सचिन बजाज, महावीर कठरया, सुखमाल बजाज, महेंद्र मिठया, संजय जैन, मनीष सराफ, सिद्धांत, गोलू चौधरी, राजेश पाय, नीलेश सराफ, गोलू चाय, नीशू एवं महिला वर्ग में रश्मि मलैया, सपना सिंघई, रजनी सराफ, अंकि चौधरी, अनीता भायजी, सपना जैन, आरती बुखारिया, रितुल मोदी, रुचि चौधरी, सौम्या शास्त्री, करुणा, राखी बड़कुल, श्रुति नायक सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन नितिन शास्त्री व सनिल जैन ने किया। अंत में सभी ने हिमांशी जैन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## उपासना मरांडी के प्रयास से किरता के हाटपाड़ा में बिजली संकट समाप्त, 25 केवीए ट्रांसफार्मर हुआ स्थापित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महेशपुर, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शिवरामपुर पंचायत के ग्राम किरता स्थित हाटपाड़ा में लंबे समय से व्याप्त बिजली संकट का समाधान हो गया है। झामुमो की केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी के विशेष प्रयासों से यहां 25 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पुनः सुचारू रूप से बहाल हो गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण ग्रामीणों को कई दिनों तक अंधकारमय स्थिति में जीवन यापन करना पड़ रहा था। इस समस्या ने जनजीवन को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया था। विशेषकर विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही थी तथा दैनिक कार्यों के निष्पादन में भी कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही थीं।

समस्या के निराकरण हेतु ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक स्टीफन मरांडी की सुपुत्री एवं झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी को आवेदन सौंपकर समाधान की मांग की थी। मामले की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने तत्परता दिखाई तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की। उनके निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि हाटपाड़ा में नया ट्रांसफार्मर स्थापित हो सका। वर्तमान में क्षेत्र में नियमित विद्युत आपूर्ति होने लगी है, जिससे ग्रामीणों के बीच संतोष एवं प्रसन्नता का वातावरण है। ग्रामीणों ने इस जनहितकारी पहल के लिए उपासना मरांडी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ उन्होंने समस्या का समाधान कराया, वह सराहनीय है। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी वे इसी प्रकार क्षेत्रीय विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाती रहेंगी।

## जाखलौन में रास्ते पर लाठी-डंडे से हमला

**युवक को जान से मारने की धमकी**

**ललितपुर।** जाखलौन थाना क्षेत्र के देवगढ़ गांव में शनिवार सुबह 10.30 बजे एक चौंकाने वाला मारपीट का मामला सामने आया है। खेत जा रहे एक युवक को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ग्राम कुचदौं निवासी सिकंदर यादव पुत्र भगवत सिंह यादव शिकायत में बताया कि वह सुबह 10.30 बजे अपने परासरी (मध्य प्रदेश) स्थित खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान देवगढ़ गांव में रास्ते पर देवगढ़ निवासी सौरभ यादव पुत्र दारा सिंह यादव ने उसे रोक लिया और बिना किसी वजह के गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सिकंदर ने गाली देने से मना किया तो सौरभ यादव ने लाठी-डंडे से उसकी पिटाई कर दी। मारपीट से सिकंदर के शरीर पर कई चोटें आई। पीड़ित ने आगे बताया कि सौरभ यादव ने उसे धमकी देते हुए कहा कि अगली बार कहीं भी दिखाई दिया तो जान से मार दूंगा। दबंगई से परेशान होकर सिकंदर यादव सीधे थाने पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त के खिलाफ बीएनएस की धारा 126(2), 352, 351(3) और 115(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नारायणपुर में सहायक अध्यापकों की हुई बैठक, मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति तैयार

**● आकलन को टेट के समतुल्य दर्जा व समान वेतन की मांग पर बनी सहमति**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड :-** प्रखंड क्षेत्र के बीआरसी भवन, नारायणपुर प्रांगण में रविवार को प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उमेश मिश्रा ने की, जिसमें बड़ी संख्या में सहायक अध्यापक शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आकलन परीक्षा को टेट के समतुल्य दर्जा प्रदान करने तथा समान कार्य के लिए समान वेतन सुनिश्चित करने को लेकर विचार-विमर्श करना था। इस दौरान राज्य कमेटी के निर्देशानुसार आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। निर्णय लिया गया कि 5 अप्रैल को राज्य के सभी प्रखंडों में बैठक आयोजित की जाएगी, जबकि 12 अप्रैल को सभी जिलों में व्यापक बैठकें होंगी। इसके पश्चात 14 अप्रैल को राज्य के सभी विधायकों एवं मंत्रियों को मांग पत्र सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया जाएगा। वहीं 18 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना सह आमरण अनशन कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की गई। मोर्चा के राज्य कमेटी सदस्य सुमन कुमार ने कहा कि पूर्व में हुए लिखित समझौते में आकलन परीक्षा को टेट के समतुल्य दर्जा देने पर नियमसंगत विचार करने की सहमति बनी थी, किंतु इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सरकार द्वारा अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि झारखंड में लगभग 42 हजार सहायक अध्यापक आकलन परीक्षा उत्तीर्ण हैं, जिसे जैक द्वारा आयोजित कर परिणाम भी घोषित किया गया था। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि बिहार में दक्षता परीक्षा को टेट के समतुल्य मानते हुए वहां की सरकार द्वारा शिक्षकों को सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जबकि झारखंड में इस विषय पर चुप्पी बनी हुई है। इस कारण सहायक अध्यापक आंदोलन के लिए विवश हो रहे हैं।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समान कार्य के लिए समान वेतन सहायक अध्यापकों का अधिकार है। साथ ही उच्चतम न्यायालय के निर्णय का हवाला देते हुए कहा गया कि लगातार 10 वर्षों तक सेवा देने वाले कर्मियों को स्थायी दर्जा एवं सभी सरकारी सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि यदि सरकार उनकी जायज मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लेती है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सब्बीर अंसारी, भरत स्वर्णकार, आदित्य रवानी, कामदेव मंडल, इफ्तिखार आलम, संतोष पांडेय, मनबोध पंडित, प्रदीप वर्मा, इकराम अंसारी, विजय ओझा सहित अन्य सहायक अध्यापक उपस्थित रहे।

# दूरस्थ गांवों तक पहुंची जनसेवा, गरीब बेटियों को मिला सहायता का संबल

**● सांसद मनीष जायसवाल की पहल से चौपारण के सुदूर क्षेत्रों में लहंगा वितरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड :-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा जनसेवा की पहल अब सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचती नजर आ रही है। चौपारण प्रखंड के ऐसे गांव, जहां अब तक विकास की किरण सीमित रूप से ही पहुंच सकी है, वहां भी सांसद की ओर से सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। बरही विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल के निर्वाचित होने के बाद क्षेत्र के आम लोगों को यह अनुभव हो रहा है कि उन्होंने अपने घर के ही एक सदस्य को नेतृत्व सौंपा है। उन्होंने बताया कि सांसद द्वारा सामूहिक विवाह, तीर्थ दर्शन, वस्त्र वितरण सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रखंड मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित सिकदा, ढोढीया, मोरानिया एवं करगा जैसे दुर्गम गांवों में गरीब परिवारों की चार बेटियों को विवाह हेतु लहंगा उपलब्ध कराया गया। ये गांव चारों ओर जंगल, पहाड़ और जंगली नदियों से घिरे हुए हैं, जहां आज भी सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह विकसित नहीं हो सकी हैं तथा चारपहिया वाहनों का आवागमन भी अत्यंत कठिन है।

लहंगा प्राप्त करने के बाद बच्चियों एवं उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल देखा गया। ग्रामीणों ने सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान स्वयं सांसद ने मोबाइल के माध्यम से बच्चियों को आशीर्वाद भी प्रदान किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष खेमलाल खेरवार, उपाध्यक्ष बिनोद भोक्ता, प्रदीप भोक्ता, रामेश्वर सिंह, बलदेव गंझू, ज्ञानी गंझू, गोबिंद गंझू, वीरेंद्र गंझू, उमेश गंझू, विजय गंझू, योगेंद्र कुमार सिंह सहित कई महिला कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दबंगई का साम्राज्य या कानून की चुनौती

**●अकेली महिला की जमीन पर डाला गया दोहरा दांव**

**रजिस्ट्री के बाद दूसरी बिक्री**

**हथियारों से धमकी और बेनामी संपत्ति के दम पर दबाव के गंभीर आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** मड़ावरा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक गंभीर मामला सामने आया, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम हँसरी हाल निवास मड़ावरा की पीड़िता कमलेश राजा पत्नी चंदन सिंह ने आरोप लगाया कि उसने सुखदयाल पाल उर्फ सुकन पाल की पत्नी कृष्णा देवी से विधिवत रजिस्ट्री कर जमीन खरीदी और उसी पर मकान बनाकर रहने लगी, लेकिन बाद में उसी जमीन को कथित रूप से जालसाजी कर दूसरे व्यक्ति को बेच दिया गया।

पीड़िता ने बताया कि वह अपने छोटे बच्चों के साथ अकेली रहती है और आरोपी सुखदयाल पाल तथा उसके पुत्र राघवेंद्र पाल व यसबंत पाल आए दिन घर के बाहर आकर हथियार दिखाते हैं, शराब पीते हैं और मकान खाली करने के लिए जान से मारने की धमकी देते हैं। इससे उसकी जान और माल पर लगातार खतरा बना हुआ है और वह भय के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी लंबे समय से जमीनों में हेराफेरी कर रहा है। थोड़ी जमीन खरीदकर आसपास की अधिक जमीन पर कब्जा करना, सीमांकन में गड़बड़ी कर रजिस्ट्री कराना और अन्य जमीनों को स्टांप पेपर पर बेच देना जैसे मामलों से कई लोग प्रभावित हुए हैं। आरोप है कि बेनामी संपत्ति और धनबल के कारण अब तक आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है, जिससे उसके हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पीड़िता कमलेश राजा ने समाधान दिवस से बाहर निकलते हुए मंडल आयुक्त और पुलिस अधीक्षक को अपनी आपबीती सुनाई। इस पर मंडल आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायती पत्र के आधार पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### घाटमपुर में बे-मौसम बारिश से फसल गेहूं और सरसों का भारी नुक़सान

**घाटमपुर।** क्षेत्र में बीती देर शाम तक हुई बे-मौसम बारिश ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी है,,शाम को शुरू हुई यह बारिश करीब आधे घंटे तक जारी रही, बूंदाबांदी रात में भी होती रही है, जिससे किसानों की खड़ी फसल गेहूं, और सरसों की फसलों को भारी नुक़सान होने की आंशका जताई जा रही है, क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में फसलें पकी खड़ी हैं, और कई किसानो ने कटाई शुरू कर दी है बारिश के कारण खेतों में कटी पड़ी फसल के भीगने और ख़राब होने का डर है,इस बे-मौसम बारिश से गेहूं की चमक, और गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, जिससे किसानों को मंडी में उचित दाम मिलने में कठिनाई होगी,,तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से खडी फसल खेतों में बिछ गई है, जिससे दाना गिरने और पैदावार घटने का खतरा ब इसके अलावा सरसों की खड़ी फसल और अरहर को भी इस नमी से नुक्सान होने ,की संभावना जताई जा रही है।

### समाजसेवी सौरभ त्रिपाठी ने बच्चों को दिया उपहार, आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित



**प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के भरोखन में स्थित नव प्रभात एकेडमी में शनिवार को भानेपुर तिवारीपुर गांव के समाजसेवी और पट्टी प्रथम से जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सौरभ त्रिपाठी ने नव प्रभात एकेडमी विद्यालय में आयोजित बालसभा कार्यक्रम में हिस्सा लिया।इस दौरान उन्होंने बच्चों को उपहार और खेल सामाग्री देकर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया गया।उसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया । बच्चों को संबोधित करते हुए समाजसेवी सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच और लोगों के हित के लिए विचार करते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जीवन ईश्वर की अनमोल उपहार के रूप में है,इसका सदुपयोग तथा परोपकार करके हम अपना जीवन सार्थक कर सकते हैं।संघर्ष जीवन का वह हिस्सा है जिसको खोकर हम कभी महान नहीं बन सकते हैं।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रबंधक मनोज यादव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर तिवारी, सहायक अध्यापक राम सिंह वर्मा , धर्मेंद्र विश्वकर्मा, सविता, विनय धीरज तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर तिवारी ने सभी के प्रति धन्यवाद अर्पित किया।

### कानपुर में बारिश और ओलावृष्टि का कहरः सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल तबाह, किसानों की बढ़ी चिंता



**कानपुर।** कानपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। घाटमपुर क्षेत्र में तेज बारिश के साथ गिरे ओलों से गेहूं की पकी खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। रविवार सुबह जब किसान अपने खेतों में पहुंचे तो झुकी हुई फसल देखकर उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। खेतों में गेहूं की फसल जमीन तक झुक गई है, जिससे बालियों के खराब होने की आशंका बढ़ गई है। बिधनू थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान अजय सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने मेहनत से अच्छी फसल तैयार की थी और कटाई के लिए ठेका भी दे दिया था। सोमवार से कटाई शुरू होनी थी, लेकिन शनिवार शाम आई आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने पूरी फसल बर्बाद कर दी। उन्होंने भावुक होकर कहा, 'कटाई से पहले ही बारिश ने हमें बर्बाद कर दिया। इधर प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। जितेंद्र प्रताप सिंह (जिलाधिकारी, कानपुर) ने बताया कि सभी स्डरू को फसलों के नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। SDM के निर्देशन में लेखपाल गांव-गांव जाकर नुकसान का सर्वे कर रहे हैं और फसलों की क्षति का आंकलन कर सूची तैयार की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि जल्द ही रिपोर्ट तैयार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आर्य समाज स्थापना दिवस पर 51 कुण्डीय महायज्ञ सम्पन्न, वैदिक मंत्रों से गूंजा वातावरण

**● सैकड़ों युवाओं ने दी आहुति, यज्ञ भारतीय संस्कृति का आधार-डा.रवीश वैदिक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा, कानपुर नगर के तत्वावधान में रविवार को गोविंद नगर स्थित आर्य कन्या इंटर कॉलेज परिसर में आर्य समाज स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भव्य 51 कुण्डीय वैदिक महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूरा वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञ की पवित्र सुगंध से भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में युवाओं एवं युवतियों ने सहभागिता करते हुए विधिवत वैदिक मंत्रों के साथ अग्नि में आहुति अर्पित की। आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का सशक्त संदेश भी दिया। मुख्य अतिथि डॉ. रवीश वैदिक ने अपने ओजस्वी व्याख्यान में यज्ञ के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 'यज्ञ संसार का श्रेष्ठतम कर्म है, जो मानव जीवन को शुद्ध एवं उन्नत बनाता है।' उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने यज्ञ संस्कृति को अपनाकर ही भारत को विश्वगुरु के रूप में स्थापित किया। उन्होंने आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके वैदिक सिद्धांतों ने राष्ट्र में नई चेतना का संचार किया और स्वतंत्रता आंदोलन को दिशा प्रदान की। साथ ही उन्होंने सभी से 'सत्यार्थ प्रकाश' के अध्ययन का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक आचार्य विजय आनंद ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। उनके भजनों ने पूरे वातावरण को देशभक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधाना चन्द्र कान्ता गेरा ने की, जबकि सफल संचालन महामंत्री आनंद जी आर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक आनंद, सुभाष आर्य, प्रकाश वीर आर्य, शुभ कुमार वोहरा, प्रमोद कुमार आर्य, वीरेंद्र मल्होत्रा, अनिल चोपड़ा, सुरेन्द्र गेरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं आर्य समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विश्व शांति, राष्ट्र उन्नति एवं समाज के कल्याण हेतु विशेष प्रार्थना की गई, जिसके साथ ही महायज्ञ का विधिवत समापन हुआ।

## पनकी क्षेत्र में अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से सनसनी



**कानपुर।** कानपुर के पनकी थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ। यह घटना भटिया तिराहा के पास की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद चौकी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। काफी कोशिशों के बावजूद अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के इलाकों में भी जानकारी जुटा रही है ताकि मृतक की पहचान हो सके। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा के लिए तन मन धन सब कुछ समर्पित बरीपाल मंडल अध्यक्ष आशीष पाठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र के निवासी आशीष पाठक भारतीय जनता पार्टी के उन समर्पित कार्यकर्ताओ में गिने जाते हैं, जिन्होंने बचपन से ही, संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और कर्मठता का परिचय दिया है,, वर्तमान में आशीष पाठक भारतीय जनता पार्टी कानपुर ग्रामीण के बरीपाल मंडल अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं,, और संगठन को मजबूत बनाने में अहम् भूमिका निभा रहे हैं, पूर्व में मंडल महामंत्री भी रह चुके हैं, आशीष पाठक का राजनीतिक का सफर संघर्ष और निरंतर सक्रियता से भरा रहा है छात्र जीवन से भाजपा की विचारधारा से प्रेरित होकर उन्होंने पार्टी की गतिविधियों में भाग लेना शुरू किया,, और धीरे धीरे संगठन में अपनी मजबूत पकड़ बनाई,, घाटमपुर घाटमपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाविहान 2026 के अंतर्गत कानपुर ग्रामीण के बरीपाल मंडल में प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का आयोजन किया गया,, प्रशिक्षण के दौरान भाजपा के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजनीति के गुर सिखाए, भाजपा की रीति एवं नीति से अवगत कराया,,, पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाविहान की अध्यक्षता करते हुए घाटमपुर ब्लाक के ब्लाक प्रमुख इंद्रजीत सिंह कछवाह ने अपने संबोधन में सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी का गुरु मंत्र दिया, मौके पर उपस्थित वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिला महामंत्री समरजीत सिंह,, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामगोपाल पासवान,, मंडल अध्यक्ष आशीष पाठक,, मंडल महामंत्री विकास कुमार मिश्र,, मंडल महामंत्री रणवीर सिंह सचान,, मंडल मीडिया प्रमुख के,के, शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष निरंजन प्रजापति, रामसागर सिंह, संतोष प्रजापति आदि पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# शिक्षा ही सफल जीवन की असली कुंजी है — सीओ रघुवंशी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमईपुर दिशिनी स्थित पृथ्वीगंज बाजार प्रांगण में जीव दया फाउंडेशन के सहयोग से तरुण चेतना प्रतापगढ़ द्वारा साड़ी, जूती एवं बच्चों के लिए ड्रेस वितरण समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने संस्था के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था द्वारा 6 माह से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा एवं पोषण (न्यूट्रिशन) उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्था समाज के वंचित वर्ग के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर मुसहर बस्ती के बच्चों को दो सेट ड्रेस, जूता-मोजा तथा उनकी माताओं को दो सेट साड़ी, जूती एवं स्लीपर वितरित किए गए। कुल 130 परिवारों को इस योजना का लाभ मिला, जिनमें दिशिनी, नेवादा, कंजा एवं ढिढुई गांव शामिल हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पट्टी के क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार रघुवंशी ने तरुण चेतना संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था गरीबों के प्रति समर्पित होकर उत्कृष्ट कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो बच्चों को अज्ञानता से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती है और जीवन में सफलता की असली कुंजी है। श्री रघुवंशी ने मुसहर समुदाय के लोगों से बाल विवाह व बाल श्रम न करने की अपील की।

प्रधान संघ के अध्यक्ष इंद्रधर दुबे (छोटे दूबे) ने भी संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपनिदेशक श्याम शंकर शुक्ला ने किया।इस कार्यक्रम में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना प्रभारी संजय यादव, चौकी प्रभारी पृथ्वीगंज संदीप मौर्य, उप निरीक्षक रामचंद्र गुप्ता, हेड कांस्टेबल फिरोज सिद्दीकी, कांस्टेबल तौसीफ राजा, समाजसेवी सत्यम धर दुबे, प्रधानाध्यापक बालमुकुंद ओझा, अजय मिश्रा (हवलदार), अंकित मिश्रा, हकीम अंसारी, कमलेश बनवासी, सावित्री वनवासी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा का स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन आज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सभी कार्यकर्ताओं से अपने घर पर पार्टी का झंडा लगाने की अपील की है।जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण 2026 के तहत सोमवार को विधानसभा सदर अंतर्गत सदर और नगर मंडल, विश्वनाथगंज विधानसभा अंतर्गत किठावर मंडल, कुंडा विधानसभा अंतर्गत कुंडा एवं मानिकपुर मंडल एवं रानीगंज विधानसभा अंतर्गत गौरा एवं देल्हूपुर मंडल का प्रशिक्षण अभियान पूर्ण किया जायेगा। तैयारी को लेकर सदर एवं नगर मंडल में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल,जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिला महामंत्री राजेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष केपी सिंह एवं आई टी संयोजक पंकज सिंह ने विभिन्न सत्रों में अपना उद्बोधन दिये। नगर मंडल अध्यक्ष आलोक गर्ग व सदर मंडल अध्यक्ष गजराज सिंह अपनी कार्यकारिणी से साथ उपस्थित रहे। किठावर मंडल में जिला महामंत्री अजय वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष केके सिंह, सांसद प्रतिनिधि राय साहब सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भूपेश त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री अशोक मिश्र एवं अभय सिंह राजन ने प्रतिभागियों को संबोधित किए। किठावर मण्डल अध्यक्ष अंकित तिवारी,कुंडा एवं मानिकपुर मंडल में जिला महामंत्री राजेश मिश्र राजन, जिला उपाध्यक्ष पवन गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र, जिला उपाध्यक्ष सरोज त्रिपाठी, भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, सतीश चौरसिया ने मंडलों पर आयोजित कार्यकर्ताओं को संबोधित किए। कुंडा मंडल अध्यक्ष रूपा गौतम एवं मानिकपुर मंडल अध्यक्ष राम मूरत पटेल कार्यकारिणी समेत उपस्थित रहे। वहीं गौरा एवं देहलुपुर मंडल में पूर्व विधायक धीरज ओझा, जिला उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रामजी मिश्र, जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनुराग मिश्र एवं जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल ने अपना उद्बोधन दिया।जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

# निषाद राज गुहा की जयंती पर सेवा संकल्प का संदेश से युवाओं में संस्कार बढेंगे- फ़ज़ल महमूद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर ने निषाद राज गुहा की जयंती सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में आरंभ हुई। बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने सर्वप्रथम निषाद राज गुहा की जयंती पर उनके उनके चित्र पर माल्यार्पण कर संबोधित करते हुए कहा कि निषादराज गुहा ने भगवान राम से गंगा पार करने में जो स्नेह प्रेम और सेवा का संदेश देकर भगवान राम का दिल जीता जिससे भगवान राम वनवास समाप्त कर 14 वर्षों के बाद लौटने पर मित्रता निभाई और उन्हें अयोध्या बुलाकर सम्मानित किया।

सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि निषाद राज जी की नीतियों से समाज में आपसी सौहार्द को जोड़ने तथा पारिवारिक मिशन में सेवा का संदेश देता है जिससे पीडीए मिशन आगे बढ़कर मजबूती के द्वार पर पहुंचेगा। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद संबोधित करते हुए कहा.कि सपा पीडीए मिशन 78 वार्डों के बूथों पर द्वार द्वार जाकर संविधान तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों को लेकर पीडीए.मिशन को मजबूत करेगी क्योंकि आज जिस तरह से महंगाई बेरोजगारी बढ़ रही है उससे जनता को राहत देने के बजाय नये नये कानून लाकर अधिकारो का हनन कर निजी कंपनियों को मजबूत करने की योजना को अमली रूप दिया जा रहा है। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,नंदलाल जयसवाल, सुधांशु मिश्रा, आनंद शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती कांग्रेस कार्यालय प्रतापगढ़ पर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।कार्यक्रम की शुरुआत बाबू जगजीवन राम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि बाबू जगजीवन राम का संपूर्ण जीवन समाज के वंचित, शोषित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग आज भी देश और समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कांग्रेस पार्टी उनके सिद्धांतों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।साथ ही किसानों, मजदूरों एवं गरीब वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष जारी रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बाबू जगजीवन राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, नगर अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला,जिला प्रवक्ता मासूम हैदर,जिला प्रवक्ता सुरेश कुमार मिश्र, कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद वसीम, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, जिला सचिव के के शुक्ला, जिला सचिव आशिक अली सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र के खिरिया लटकन्जू गांव में शनिवार शाम 8.30 बजे एक चौंकाने वाला मारपीट का मामला सामने आया है। गांव के ही चार लोगों ने एक परिवार के घर में घुसकर बेबजह गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर परिवार के सदस्यों को बुरी तरह पीटा गया। पीड़ित परिवार ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई तो आरोपी लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित नंदू पुत्र सिद्दू थाने में लिखित शिकायत में बताया कि आरोपी रामसहाय पुत्र गोकल, प्रसन्न पुत्र जयराम, राजू पुत्र जयराम और रामचरन पुत्र अच्छेलाल (सभी एक ही गांव के रहने वाले) शाम 8:30 बजे उनके घर में जबरन घुस आए। उन्होंने बिना किसी वजह के गाली-गलौज शुरू कर दी। जब नंदू ने उन्हें रोका तो आरोपी लोग उन पर टूट पड़े। नंदू के बेटे राहुल और पत्नी गीता बचाने के लिए आगे आए तो उन्हें भी बुरी तरह पीटा गया। मारपीट में पूरे परिवार को चोटें आईं। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि जब वे थाने में शिकायत करने पहुंचे तो आरोपी लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और वहां से भाग गए। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सिद्धार्थनगर में बोलेरो नहर में गिरी, महिला और मासूम समेत दो की मौतः 7 घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिले के पथरा थाना क्षेत्र में शनिवार की रात एक मार्ग दुर्घटना में एक महिला और पांच माह के मासूम की मौत हो गई। बांसी-डुमरियागंज मार्ग पर झहरांव पुलिया के पास तेज आंधी के कारण एक अनियंत्रित होकर बोलेरो नहर में जा गिरी । इस दुर्घटना में सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**पुलिस के अनुसार, बोलेरो में सवार सभी लोग**

संतकबीरनगर जिले के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के अमरहा गांव के निवासी थे। शनिवार रात डुमरियागंज क्षेत्र के बरई बनगवा गांव में एक पारिवारिक कार्यक्रम से घर लौट रहे थे। झहरांव पुलिया के पास तेज आंधी और खराब मौसम के कारण चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे बोलेरो नहर में जा गिरी। बताया जाता है कि वाहन तेज आवाज के साथ नहर में गिरा। लोग तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को नहर से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

अस्पताल में इलाज के दौरान 34 वर्षीय सोनी और पांच माह के प्रियांशु की मौत हो गई। कलवंत, वीरू, सलीम, झनकी, सुनीता, महिमा सहित दो अन्य घायलों का इलाज जारी है। डॉक्टरों ने बताया कि कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में तेजी लाई। इस मामले में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, माय के पक्ष ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप, केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के कस्बा भवानीगंज में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे हत्या करार दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतका की शादी करीब तीन साल पहले भवानीगंज निवासी इदरीश के पुत्र अरशद अली के साथ हुई थी। परिजनों का कहना है कि उन्होंने बहुत ही हंसी खुशी के साथ शादी की थी, लेकिन वैवाहिक जीवन में लगातार तनाव बना रहता था। मृतका के पिता ने पुलिस को दी गई शिकायत में दामाद अरशद अली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पिता का कहना है कि अरशद का किसी दूसरी लड़की के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच आये दिन कहासुनी और विवाद होता रहता था। परिजनों का आरोप है कि इसी विवाद के चलते उनकी बेटी को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या कर दी गई।घटना की सूचना मिलते ही भवानीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह का कहना है कि मृतका के पिता की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया और घटना की जांच की जा रही है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# अपना घर आश्रम पर अंग तस्करी और शव गायब करने का आरोप, आयोग ने मांगा जवाब

**● राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने डीएम और कमिश्नर को जारी किया नोटिस**

**- परिजनों को सूचना दिए बिना गुपचुप तरीके से शव का किया अंतिम संस्कार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** महानगर के सेन पश्चिम पारा स्थित 'अपना घर आश्रम' में रह रहे एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध मौत और गुपचुप अंतिम संस्कार ने बड़े विवाद को जन्म दे दिया है। तिवारीपुर निवासी विमला पासवान ने आश्रम संचालकों पर अपने पति ओमप्रकाश की हत्या कर मानव अंग तस्करी करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है।

पीड़िता का कहना है कि उनके पति को जबरन आश्रम में रखा गया और मृत्यु के बाद परिजनों को बताए बिना शव गायब कर दिया गया। मामला बीते साल 2025 के अगस्त महीने का है। महिला का आरोप है कि आश्रम संचालकोंके पास खुद की एम्बुलेंस भी है। इसी वो पूरे शहर में और आसपास इलाकों से गरीब, लावारिस और मजलूमों को उठाकर आश्रम ले आते हैं। फिर लंबे समय में इन लोगों का क्या होता है, किसी को पता नहीं। एम्बुलेंस से किसी को कभी अस्पताल नहीं ले जाया जाता है। इसलिए आश्रम से हर महीने दो चार लाशें लावारिस के तौर पर दाह संस्कार के लिए कहीं अज्ञात स्थानों पर ले जाए जाती हैं। उनके पति का शव नहीं दिखाया गया, उनको संदेह है कि किडनी जैसे उनके अंग निकाल लिए गए, जिसके लिए आश्रम पर आरोप लगाते हैं। इस मामले में स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं। मृतक की पत्नी विमला पासवान का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने आरोपियों से साठगांठ कर मामले को दबाने की कोशिश की। फिर मशक्कत के बाद शिकायत का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने कानपुर के जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की है। फिलहाल एडीसीपी साउथ योगेश कुमार मामले की जांच कर रहे हैं।

उधर, आश्रम के सचिव जेपी सिंह और संचालक उमा शुक्ला ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका तर्क है कि मृतक गंभीर रूप से बीमार था और उसकी मृत्यु प्राकृतिक थी। उन्होंने पीड़िता पर ही शिकायत वापस लेने के बदले लाखों रुपये की मांग करने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस अब आश्रम के रिकॉर्ड और पीड़िता के बयानों के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## ग्रेटर नोएडा: लुक्सर जेल में बंद विदेशी कैदी की अस्पताल में मौत, फेफड़ों की बीमारी से था पीड़ित



लुक्सर जेल में नाइजीरियन कैदी की मौत।

फेफड़ों की गंभीर बीमारी से था ग्रसित।

अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मृत्यु।

ग्रेटर नोएडा। लुक्सर जेल में बंद एक बीमारी नाइजीरियन कैदी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विदेशी नागरिक एनडीपीएस एक्ट के मामले में कई सालों से जेल में बंद था। कैदी लंबे समय से फेफड़ों की गंभीर बीमारी से ग्रसित था। उसे कई बार अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। बीमारी बढ़ने पर कल उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला इकोटेक-1 थाना क्षेत्र का है, फिलहाल पुलिस और जेल प्रशासन आगे की कार्रवाई में जुटा है।

## नोएडा यमुना प्राधिकरण के भूखंड के नाम पर 11 लाख रुपये की ठगी, 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



दादरी (ग्रेटर नोएडा)। ग्रेटर नोएडा में यमुना प्राधिकरण के द्वारा आवंटित भूखंड बेचने का लालच देकर 11 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। दादरी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की है। पुलिस के अनुसार, दिल्ली निवासी गुरजन सिंह ने दी शिकायत में बताया कि वह दिल्ली में हार्डवेयर की दुकान करते हैं।सुबोध नामक व्यक्ति ने नन्ने खां निवासी दनकौर से मिलवाया और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के भूखंड में कुछ पैसे निवेश का प्रलोभन दिया। बताया गया है कि नन्हें खां की जमीन मूंजखेडा दनकौर में है। उसके एवज में यमुना प्राधिकरण के द्वारा सात प्रतिशत भूखंड के रूप में 282 वर्ग मीटर भूखंड मिलेगा वह उनके हक में इकरारनामा कर देगा। सौदा 11.28 लाख में तय हुआ।


चार अप्रैल 2021 को 11 लाख रुपए देकर इकरारनामा उनके पक्ष में हो गया, बाकी 28 हजार रुपए रजिस्ट्री पर देना तय हुआ। एक जनवरी 2024 को नन्ने खां की मौत हो जाने के बाद यमुना प्राधिकरण द्वारा नन्ने खां के स्वजन इमरान, अमिर, अरबाज, फैजान, गुलहसन, सुरवीना, के हक में 18 दिसंबर 2025 को 170 वर्ग मीटर भूखंड आवंटित की गई। आरोप है कि इस भूखंड की रजिस्ट्री किसी अन्य पार्टी को कर दी गई। नन्हें खां के स्वजन से संपर्क करने पर अभद्रता की गई। 18 फरवरी को वह अपने वकील से दादरी कार्यालय पर मिलने जा रहे थे तो आरोपियों ने मिलकर बेटे गुरविंदर व उन्हें पीटकर घायल कर दिया। घटना की शिकायत उन्होंने पुलिस से की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गुलहसन, इमरान, आमिर, अरबाज, फैजान, सुरबीना ऊर्फ सुखी, अजय कुमार समेत कुल आठ के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## गुरुग्राम में रियल एस्टेट कारोबारी ने की 18 करोड़ की टैक्स चोरी, सीजीएसटी ने किया गिरफ्तार

नया गुरुग्राम। केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 18.40 करोड़ की टैक्स चोरी के मामले का पर्दाफाश किया है। इस मामले में सोहना निवासी एक रियल एस्टेट कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है, जो अपने कर्मचारियों को डमी डायरेक्टर बनाकर फर्जी कंपनियों के जरिए टैक्स चोरी का बड़ा नेटवर्क चला रहा था। सूत्रों के अनुसार, सीजीएसटी विभाग के अधिकारी पिछले दो-तीन दिनों से कारोबारी की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे और उसकी लगातार निगरानी कर रहे थे। बृहस्पतिवार को मौका मिलते ही टीम ने उसे दबोच लिया। बताया गया है कि हनुमान जयंती के अवसर पर उक्त कारोबारी ने कस्बे के अन्य गणमान्य लोगों के साथ छोटी बगीची स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रसाद भी ग्रहण किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इसी दौरान सीजीएसटी टीम के कुछ सदस्य भी आसपास नजर आए थे। मंदिर से निकलने के कुछ घंटों बाद ही टीम ने कारोबारी को हिरासत में ले लिया।

# डोनाल्ड ट्रंप का अल्टीमेटम ईरान ने किया खारिज, कहा- किसी भी हमले का देंगे कड़ा जवाब

**● अमेरिका और ईरान के बीच एक रणनीतिक समुद्री मार्ग को लेकर तनाव चरम पर है, जहां ट्रंप के अल्टीमेटम के जवाब में ईरान ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इस टकराव से वैश्विक तेल आपूर्ति बाधित होने का खतरा है, जिससे दुनिया भर के बाजारों में भारी उथल-पुथल मच सकती है।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच हालात और ज्यादा गंभीर होते नजर आ रहे हैं, जहां ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 48 घंटे की चेतावनी को सिरे से खारिज कर दिया है। इस घटनाक्रम ने दोनों देशों के बीच टकराव को और तेज कर दिया है। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि अगर तय समय सीमा के भीतर कोई समझौता नहीं होता या अहम समुद्री मार्ग को नहीं खोला जाता, तो कड़े सैन्य कदम उठाए जाएंगे। मौजूद जानकारी के अनुसार, यह चेतावनी खासतौर पर उस समुद्री मार्ग को लेकर दी गई थी, जो वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद अहम माना जाता है।

ईरान की ओर से इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। वहां के शीर्ष सैन्य कमांड ने ट्रंप के बयान को गैरजिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि इस तरह की भाषा हालात को और बिगाड़ सकती है। गौरतलब है कि ईरान ने भी जवाबी चेतावनी देते हुए साफ कर दिया है कि किसी भी हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा। मौजूद जानकारी के अनुसार, दोनों देशों के बीच पिछले कुछ समय से बातचीत की कोशिशें भी चल रही थीं। हालांकि, हालिया बयानबाजी से यह साफ संकेत मिल रहा है कि कूटनीतिक रास्ता कमजोर पड़ता दिख रहा है और सैन्य टकराव का खतरा बढ़ रहा है।

गौरतलब है कि यह पूरा विवाद उस रणनीतिक समुद्री मार्ग को लेकर है, जिससे दुनिया भर में बड़ी मात्रा में तेल की आपूर्ति होती है। अगर इस रास्ते पर असर पड़ता है, तो वैश्विक बाजारों में भारी उथल-पुथल देखने को मिल सकती है और कई देशों की अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ सकता है। जानकारों का मानना है कि दोनों पक्षों की सख्त बयानबाजी से स्थिति और जटिल हो गई है। अगर जल्द कोई समाधान नहीं निकला, तो इसका असर सिर्फ क्षेत्रीय नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी देखने को मिल सकता है।

## मणिपुर के तेंगनौपाल में केवाईकेएल के दो सदस्य दबोचे गए, दिल्ली पुलिस का था इनपुट



नई दिल्ली। मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। चार अप्रैल को 21 असम राइफल्स और तेंगनौपाल पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्च आपरेशन चलाकर प्रतिबंधित संगठन केवाईकेएल के दो सदस्य को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल से मिले इनपुट के आधार पर यह आपरेशन चलाया गया। दोनों संदिग्ध म्यांमार सीमा के पास यांगौबुंग गांव इलाके में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान थोकचोम इंगोचा सिंह उर्फ केबी और थोकचोम रघुनाथ मैतेई उर्फ बिरजीत के रूप में हुई है।

**दोनों के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज**

दोनों को पकड़ कर पहले खोंगजोम पुलिस थाने लाया गया, जहां इनके खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज की गई। बाद में मोरेह थाने में इनके खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कई एजेंसियां दोनों से पूछताछ कर इनके नेटवर्क के बारे में पता लगा रही है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महा अभियान 2026 का भव्य समापन



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल** सिंहपुर मंडल में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महा अभियान 2026 का समापन कार्यक्रम बड़े ही गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयसिंहनगर की लोकप्रिय विधायक श्रीमती मनीषा सिंह जी उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती एवं राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने भी संगठन की भूमिका और कार्यकर्ताओं के महत्व पर प्रकाश डाला। मंडल प्रभारी एवं जिला महामंत्री अमित मिश्रा जी ने प्रशिक्षण वर्ग के उद्देश्यों को बताते हुए कार्यकर्ताओं से इसे व्यवहार में लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राकेश कुशवाहा द्वारा की गई, जबकि मंच संचालन मंडल उपाध्यक्ष भानु प्रताप नापित एड,के द्वारा किया गया

इस अवसर पर राकेश कोल, प्रभाकर उपाध्याय, संदीप कुशवाहा, संदीप जायसवाल, मुकेश पाल, अमित पटेल, संजय यादव, नीलेश सिंह, कुबेर सिंह, मीरा यादव, राजकुमारी यादव, मानसी कुशवाहा, जानकी सिंह, पदम नाथ जायसवाल, सत्येंद्र जायसवाल, आर.के. विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार गुप्ता, आराधना सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया तथा संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

## महिला सरपंच ने ग्राम रोजगार सहायक पर लगाए गंभीर आरोप, जांच की मांग- केशवाही

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**शहडोल।** जनपद पंचायत बुढ़ार अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हारी की सरपंच चम्पी नाई ने ग्राम रोजगार सहायक बालमुकुन्द शुक्ला के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को शिकायत पत्र सौंपा है। सरपंच ने आरोप लगाया है कि रोजगार सहायक की कार्यशैली तानाशाहीपूर्ण है, जिससे पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

शिकायत में बताया गया है कि संबंधित रोजगार सहायक समय पर पंचायत कार्यालय नहीं पहुंचते, जिससे शासकीय कार्य और आम लोगों के काम में देरी होती है। सरपंच का आरोप है कि किसी भी कार्य के संबंध में पूछताछ करने पर अभद्र व्यवहार किया जाता है और कई बार विवाद की स्थिति बन चुकी है। सरपंच ने मनरेगा कार्यों में भी अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि मजदूरों से मांग पत्र नहीं लिया जाता, मास्टर रोल पर हस्ताक्षर नहीं कराए जाते और तकनीकी स्वीकृति (टीएस) से संबंधित दस्तावेज भी सही तरीके से उपलब्ध नहीं कराए जाते। इसके अलावा, कुछ मजदूरों के खातों में एकमुश्त राशि डालकर गड़बड़ी करने की बात भी सामने आई है।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भी आरोप लगाए गए हैं कि कई हितग्राहियों के अधूरे मकानों को पूर्ण दिखाकर भुगतान कर दिया गया। वहीं, डगवेल निर्माण और अन्य कार्यों में फर्जी मजदूरों के नाम दर्ज कर राशि निकालने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि वर्ष 2018-19 के सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य की राशि निकाल ली गई, लेकिन काम आज तक अधूरा है। इसके साथ ही, अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। सरपंच ने वन विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर फर्जी हाजिरी लगाकर मजदूरी राशि निकालने और मजदूरों के जॉब कार्ड भर जाने की भी शिकायत की है। उन्होंने कहा कि विरोध करने पर उन्हें धमकाया जाता है, जिससे वे मानसिक रूप से परेशान हैं। सरपंच चम्पी नाई ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी रोजगार सहायक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायत में पारदर्शिता बनी रहे और आम जनता के कार्य समय पर हो सकें।

## टुटी फूटी गलियों के जीर्णोद्धार के लिए न्यायालय जनहित में याचिका- एस के चौबे

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**नई दिल्ली:** विधान सभा पटेल नगर में एक और जनहित याचिका की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है, याचिका लगाने वाले एस के चौबे का कहना है कि क्षेत्र के विकास को लेकर यह याचिका लगाई गई है जिसमें क्षेत्र में पीने के पानी की गंभीर समस्या, 30 वर्ष पहले पड़े पुराने सीवर लाईन जो अब खत्म हो गए है उसकी जगह नए सीवर लाईन डालना, पुरानी लगभग 30 वर्ष पूर्व पड़ी पानी की पाईप लाईन जो अब सड़ गई है को बदलने के लिए और जो छोटे सीवर या नालियां गलियों को बड़े सीवर से जोड़ रही है उनको बदलकर नई लाईन डालना और जो गलियां टूटी फूटी है उनके जीर्णोद्धार के लिए यह याचिका डाली गई है। एस चौबे से पूछे जाने पर कि यह काम तो जन प्रतिनिधियों को कराना है आप क्यों न्यायालय गए तब चौबे बोले कि अगर जन प्रतिनिधियों का ध्यान इस गंभीर समस्या पर होता तो मुझे न्यायालय नहीं जाना पड़ता, जन प्रतिनिधि चुनाव के समय मात्र लुभावने वादे और हिंदू मुस्लिम करने वाले होते है उनको क्षेत्र के विकास से क्या लेना देना।

जन प्रतिनिधियों से जनता का विश्वास लगातार उठता जा रहा है ऐसे में मुझे अपने कर्मभूमि के विकास के लिए माननीय न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। जिस प्रकार से माननीय न्यायालय के आदेश के बाद प्रेम नगर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण हुआ उसी प्रकार मुझे विश्वास है कि प्रेम नगर, नेहरू नगर, पंजाबी बस्ती बलजीत नगर के सीवरो, पीने के पाईप लाईन और छोटे सीवर नालियों का भी जीर्णोद्धार अवश्य होगा।अब आपका अगला कदम क्या होगा पूछने पर चौबे ने बताया कि माननीय न्यायालय को क्षेत्र की 10 हजार जनता का हस्ताक्षर किया हुआ निवेदन भी सौंपेंगे जो कि जल्द ही जनता के पास जाकर हस्ताक्षर करवाए जाएंगे।अब जनता को मात्र अपनी न्याय पालिका पर ही विश्वास रह गई है बाकी जन प्रतिनिधि तो बस गुमराह करते है। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों द्वारा समस्या का सर्वे किया जा चुका है अब जल्द ही दूसरे विभाग जैसे एम सी डी, DUSIB, FLOOD CONTROL AND IRRIGATION DEPARTMENT, और PWD का सर्वे भी जल्द होना है।

## दो दिन पूर्व लापता हुए युवक का शव नदी में मिला, परिवार में मचा कोहराम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**तिलहर (शाहजहांपुर)।** घर से लापता हुए युवक का शव दो दिन बाद नदी में उतराता मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तिलहर कोतवाली अंतर्गत ग्राम अहिया मोहनापुर निवासी महेंद्र का बड़ा पुत्र सुधीर विगत दो अप्रैल की की शाम घर से बिना बताए कहीं चला गया था। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों द्वारा उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। रविवार को जब ग्राम चिती बोझी के कुछ लोग गांव के किनारे गर्रा नदी के पास पहुंचे तब उन्होंने एक शव को नदी में उतराता देखा। तत्काल उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी सूचना मिलते ही कोतवाल जुगल किशोर पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को बाहर निकलवाया। चूंकि सुधीर की गुमशुदगी दर्ज थी तब उन्होंने इसकी सूचना सुधीर के परिवार वालों को दी। घटनास्थल पर पहुंचे महेंद्र ने मृतक की शिनाख्त अपने बड़े पुत्र सुधीर के रूप में की उन्होंने बताया सुधीर मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ था। जिसके चलते वह अक्सर अकेले इधर-उधर निकल जाता था। परिवार में उनके दो पुत्र हैं, जिनमें सुधीर बड़ा और सोनू छोटा है। सुधीर का अभी विवाह नहीं हुआ था।

जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा भी घटना स्थल पर पहुंच गए और उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला डूबने का प्रतीत हो रहा है। यदि परिवार वाले कोई तहरीर देते हैं तब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पाली में भव्य स्वागत, बाइक रैली

**● प्रदेश अध्यक्ष ने रोशनी कोल के घर चूल्हे में चाय बना पिलायी**

**माता बिरासनी के दरबार में माथा टेक की प्रार्थना**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल बिरसिंहपुर पाली-** युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघौरिया के पाली आगमन पर उनका भव्य स्वागत कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष रवि मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। नगर प्रवेश के दौरान रामपुर गैरिज के पास कांग्रेस जनो ने अपने नेता का फूल माला से अभिनंदन किया। ब्लाक अध्यक्ष रवि मिश्रा ने नगर की अधिष्ठात्री देवी माँ बिरासनी की प्रतिमा भेंटकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष वार्ड नं 5 में रोशनी कोल के घर जाकर लकड़ी के चूल्हे में चाय पकायी अपने कार्यकर्ताओं को पिलाया और खुद पीये। चाय पीने के तदुपरांत युवक कांग्रेस के व्दारा आयोजित बाइक रैली में सवार होकर मुख्य मार्ग से जगत जननी जगदंबा बिरासनी माता मंदिर पहुचकर माता की विधिवत पूजा आराधना करते हुए जगत कल्याण की कामना की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने बताया की हमारे प्रधानमंत्री जी ने पहले नोटबंदी कर देश की जनता को लाइन में खड़ा कर दिया था, आज फिर वही स्थित बन गयी है और देश के लोगों को गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लगा दिया है। जबसे प्रधानमंत्री का नाम एप्स्टीन फाइल में आया है तबसे प्रधानमंत्री ने देश का सौदा अमेरिका से करते हुए आम लोगों के आत्म सम्मान को गिरवी रख दी है। प्रधानमंत्री ने हमारे मित्र देशों से संबंध बिगाड़ रखा है जिसके कारण देश में गैस की किल्लत शुरू हो गयी, अगर इरान से संबंध मित्रवत होते, तो यह समस्या पैदा ही नहीं होती। आगामी 13 अप्रैल को गैस की किल्लत पर युवक कांग्रेस प्रदेश व्यापी जनांदोलन जबलपुर में छेडने जा रही है,जो क्रम बद्ध से हर जिले में आयोजित किये जायेंगे।

आज आम आदमी को गैस नहीं मिल पा रही है और लोग लकड़ी के चूल्हों के सहारे आज पेट भरने का काम कर रहे हैं। संकट के इस दौर में कांग्रेस जनता के साथ खडी है और जब तक जनता को सुकून नहीं तब तक कांग्रेस शांत बैठने वाली नहीं है। प्रदेश सरकार को कोसते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की यह सरकार पूरी तरह निकम्मी साबित हो रही है। विद्यालय भवन बने हुए हैं, अस्पताल के बहुमंजिला इमारते खडी कर दी गई है लेकिन विद्यालयों में शिक्षक और अस्पतालों में चिकित्सक उपलब्ध नहीं कराये जा रहे। प्रदेश आज पूरी तरह कर्ज मे डूबा हुआ है और प्रदेश का अधिकांश बजट ब्याज चुकाने में ही चला जाता है। आपने बेरोजगारी के मुद्दे पर घेरते हुए कहा कि आज का युवक पढ लिखकर बेरोजगार बना घुम रहा है। प्रदेश में रोजगार के अवसर लगभग समाप्त कर दिये गये हैं। भाजपा के कुशासन से जनता हैरान, परेशान है। कानून व्यवस्था के संबंध में गृह मंत्री को आडे हाथों लेते हुए कहा कि हर दिन प्रदेश में औसतन 40 महिलायें गायब हो रही है। इस प्रकार प्रदेश पूरी तरह अराजकता में समाया हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत करने पहुंचने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजीव खंडेलवाल जी, जानकी प्रसाद मिश्रा जी, अंकित मिश्रा, चंद्रभान सिंह साजिद वारसी, जावेद खान, बाबू सिंह गौरव अग्रवाल, जावेद खान जी रुकेश बारी जी सुमित सेन एवं अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे । प्रदेश अध्यक्ष के इस कार्यक्रम में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में युवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष रजनीश तिवारी के व्दारा गरिमामयी स्थित में संपन्न हुआ।

**कांग्रेस का थमा दामन**

प्रदेश अध्यक्ष के नगर आगमन पर नगर के युवक युवतियों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर प्रदेश अध्यक्ष के सम्मान बढाया है। आज कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों में बलराम राठोड, श्री मती राखी राठौड़, मोहन सेन, सितारा बेगम, अमन राठौर, इमरान खान, मुन्ना सिंह जी, रज्जू कोल, और मुश्ताक अहमद ने प्रदेश अध्यक्ष के हाथों सदस्यता ग्रहण की। विदित होवे की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोग आम आदमी पार्टी में अब तक जुडकर काम करते रहे हैं उन्होंने कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर और ब्लाक कांग्रेस की कुशल कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की?



# श्रीभूमि जिले के आर्दश कृष्णनगर से दुल्लभछड़ा तक: नेताजी मूर्ति परिक्रमा में बीजेपी की शक्ति प्रदर्शन रैली

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**श्रीभूमि:** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक उत्तेजना लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम में आज, 5 अप्रैल (रविवार), जिले के दरगारबंद जीपी के आर्दश कृष्णनगर गांव में बीजेपी के नेतृत्व में एक विशाल शक्ति प्रदर्शन रैली आयोजित की गई। रैली आर्दश कृष्णनगर गांव से शुरू होकर दुल्लभछड़ा हाई स्कूल तक चली और अंत में दुल्लभछड़ा नेताजी मूर्ति की परिक्रमा करके समाप्त हुई। प्रतिभागियों ने हाथ में कमलचिन्ह प्रतीक लेकर, गान और जयघोष के साथ उत्सवपूर्ण माहौल में पदयात्रा पूरी की। रैली में उपस्थित थे आर्दश कृष्णनगर की वार्ड मेंबर दीपा सिन्हा, प्रतिनिधि मृणाल सिन्हा, और बीजेपी के कार्यकर्ता जगदानंद सिन्हा, अजय सिंह, स्वपन सिन्हा, देवब्रत सिन्हा, रमाबाला सिन्हा, दीपक सिन्हा, मणिलाल साहू सहित कई महिला और भाजपा कार्यकर्ता एवं विशिष्ट व्यक्तित्व। मीडिया के सामने बीजेपी कार्यकर्ता जगदानंद सिन्हा ने लोगों से विकास के लिए पार्टी को वोट देने और विजय मालाकार को समर्थन देने का आग्रह किया। रैली ने क्षेत्रवासियों में राजनीतिक प्रचार और उत्साह बढ़ाया है, और इसे बीजेपी की शक्ति प्रदर्शन का एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है।



## कानपुर में मॉडिफाई साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर व ओवर स्पीड के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई



**कानपुर।** आज यातायात निदेशालय के आदेश के क्रम में एवं पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत दोपहिया वाहनों में अवैध रूप से लगाए गए मॉडिफाइड साइलेंसर तथा अन्य वाहनों में प्रेशर हॉर्न एवं हूटर का प्रयोग करने वाले चालकों के विरुद्ध विशेष कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान ऐसे वाहन चालकों को रोककर उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई तथा उपकरणों को मौके पर ही हटवाया गया । यातायात पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया कि मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न एवं हूटर का उपयोग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है और आमजन को असुविधा होती है। ऐसे उपकरणों का प्रयोग सड़क सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है। कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

## दूसरे समुदाय की किशोरी से दुष्कर्म करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**तिलहर- शाहजहांपुर।** सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद नाबालिक किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव की एक किशोरी ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उसकी फेसबुक के माध्यम से दूसरे समुदाय के थाना परौर क्षेत्र के गांव डमुरिया निवासी दिलशाद से दोस्ती हुई थी उसके बाद में उसे अपने प्रेम जाल में फंसाता गया और एक दिन डरा धमका कर उसके साथ में दुष्कर्म किया। विवाद होने पर भाई उसे बदनाम करने की धमकी देने लगा इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपित को आज सरयू पुलिया के पास से गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।